ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 18 जून 2024
वर्ष 5, अंक 212, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया 13

सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सनी देओल 14

दार्जिलिंग में मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को मारी टक्कर, 15 की मौत, 60 घायल

हादसे में जान गंवाने वालों में 13 यात्री व दो रेल कर्मचारी, एक्सप्रेस ट्रेन के तीन कोच पटरी से उतरे

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे 15 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का चालक और यात्री ट्रेन का गार्ड शामिल है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डब्बे पटरी से उतर गए।

मंत्रालय ने कहा कि अप लाइन को ठीक करते हुए उस पर ट्रेन परिचालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही कहा कि डाउन लाइन को भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस डाउन लाइन पर थी और कोलकाता से लगभग 600 किलोमीटर दूर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। सड़क संकरी होने की वजह से वह कुछ दूरी तक बाइक से भी गए। रेल मंत्री ने कहा कि कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है।

मृतकों के परिजनों को देगा 10 लाख मुआवजा

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो दो लाख तथा 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दी जाएगी।

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के इंजन पर कंचनजंघा एक्सप्रेस की बोगी चढ़ गई। ● एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने ट्रेन दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। खरगे ने कहा दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि मोदी सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम है।

मालगाड़ी को सिग्नल पार करने की थी अनुमति

आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई थी। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया गया था।

रायबरेली सीट रखेंगे राहुल, वायनाड से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वायनाड सीट से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल व अन्य नेता उपस्थित थे।

राहुल ने यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान नहीं है। उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। प्रियंका ने राहुल के इस निर्णय पर खुशी जताई है। राहुल गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए थे। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है।

● सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

बहुत खुश हूं : प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी। मुझे नहीं लगता कि वहां के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस होगी क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा कि वह बीच-बीच में आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ वायनाड के लोगों की सेवा करने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करेंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है वहां मैंने पिछले 20 साल से काम किया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनका रिश्ता टूट नहीं सकता और यह कायम रहेगा।



पांच माओवादी किए ढेर

झारखंड। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में पांच माओवादी मारे गए। मुठभेड़ टोंटो और गोइलकेरा इलाके में हुई। दो को गिरफ्तार भी किया गया है।

प्रदेश में लू का कहर, 78 की मौत

संवाददाता, बरेली

- बुंदेलखंड में 32, कानपुर में 20 लोगों ने हीट स्ट्रोक से तोड़ा दम
- उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, तापमान 47.6 डिग्री

अमृत विचार : लू और हीट स्ट्रोक से सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में 78 लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों को हालत गंभीर होने पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं सर्वाधिक मरने वालों में कानपुर और बुंदेलखंड के आसपास के लोग शामिल हैं। प्रदेश में एक बार फिर से सोमवार को प्रयागराज सबसे गर्म जिला रहा, अधिकतम तापमान 47.6 दर्ज किया गया। यहां भी लू और गर्मी से 15 लोगों की मौत हो गई है।

कानपुर, बुंदेलखंड और आसपास के जिलों में 63 लोगों की मौत हो गई। बुंदेलखंड में 32 ने लू व हीट स्ट्रोक से दम तोड़ दिया। कानपुर में 20, कानपुर देहात में 1 और औरैया में 2, उन्नाव में 3 व फतेहपुर 5 तो हमीरपुर में 17, महोबा और उरई में 3-3, चित्रकूट में 8 व बांदा में 1 व्यक्ति की मौत हो गई।

हालांकि जिला प्रशासन लू से मौत होने से इंकार किया है। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं प्रयागराज और आसपास में गर्मी और लू से 15 लोगों की मौत हो गई। इसमें आठ प्रयागराज, पांच कौशांबी और प्रतापगढ़ के दो लोग हैं। कई लोगों इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। सोमवार को प्रयागराज एक बार फिर प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। अधिकतम 47.6 व न्यूनतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अधिकतम तापमान

प्रयागराज	47.6°
कन्नौज	46.2°
फतेहपुर	46.2°
लखनऊ	46°
कानपुर	45.8°
मुरादाबाद	45°
बरेली	44.5°
अयोध्या	44°

थाने में भूख-प्यास से युवक की मौत थाना प्रभारी और सिपाही निलंबित

संवाददाता, एटा

- मारपीट में तीन लोगों को पकड़कर लाई थी पुलिस
- रातभर भूखा प्यासा हवालात में रखने का आरोप

अमृत विचार : मारपीट के मामले में पकड़कर थाने लाए गए तीन लोगों में से एक की भूख प्यास के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई। एसएसपी ने थानाध्यक्ष और आरक्षी लिपिक को निलंबित कर दिया है।

क्षेत्र के गांव दलशाहपुर निवासी देवेन्द्र सिंह सैनी (34) पुत्र मुन्नालाल सैनी सिलाई और बैण्ड-बाजे का काम करता है। गांव का मुहम्मद हुसैन (22) पुत्र इस्लाम भी उसके साथ बैण्ड बाजे का काम करता है। देवेन्द्र की दुकान पर राकेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह सिलाई करता था। देवेन्द्र के मुहम्मद हुसैन पर पांच हजार रुपए उधार थे। रविवार की रात दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया तो मुहम्मद हुसैन ने देवेन्द्र के मुंह और नाक में घूंसा मारकर चोटिल कर दिया।

किसी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस देवेन्द्र, मुहम्मद हुसैन के साथ राकेश को भी थाने ले आई और हवालात में बंद कर दिया। इस दौरान खाने को कुछ नहीं मिला। सोमवार सुबह भी खाने को कुछ नहीं दिया गया। भूखा प्यासा राकेश चक्कर खाकर हवालात में गिर गया। उसे निधौलीकलां सीएचसी ले जाया गया जहां से डाक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया।

> लापरवाही बरतने पर प्रभारी निरीक्षक जेपी अशोक और आरक्षी लिपिक को निलंबित किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। - **राजेश कुमार सिंह,** एसएसपी

पॉवर ग्रिड की चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन ट्रिप, बिजली संकट गहराया

लखनऊ। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन के दोपहर में बंद हो जाने से उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही करीब ढाई हजार मेगावाट बिजली बंद हो गई। इससे प्रदेश में बिजली की उपलब्धता अचानक घट गई। ग्रिड को बचाने के लिए प्रदेश में करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों में लगातार आपात बिजली कटौती की गई।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में उस वक्त खराबी आ गई जब इसमें 4200 मेगावाट बिजली प्रवाहित हो रही थी। इस लाइन में खराबी के आने के कारण पावर ग्रिड की 765 केवी आगरा-अलीगढ़ व उरई-अलीगढ़ लाइनों में भी खराबी आ गई।

हाईटेंशन लाइन से टकराई बाइक, तीन जिंदा जले

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

- दो लोग गंभीर रूप से झुलसे, जान गंवाने वाले एक युवक की दस दिन बाद थी शादी

अमृत विचार: हैदराबाद थाना क्षेत्र में बड़ी नहर पर हेमपुर के पास टूटे पड़े बिजली के हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर भाई, बहन और भांजे की जलकर मौत हो गई है, जबकि मां और भांजी झुलसकर गंभीर घायल हो गई हैं। ये पांचों एक ही बाइक पर सवार होकर पीलीभीत जा रहे थे। घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

पीलीभीत जनपद के थाना सेहरामऊ के ग्राम बहादुरपुर निवासी बबलू (21) पुत्र अमरीश की शादी दो जुलाई को है, इसलिए वह अपनी मां बिंदिया (55) के साथ बाइक से अपनी बहन मंजू (35) पत्नी

हेमपुर में घटनास्थल पर जली बाइक देखते लोग।

सोनेलाल को विदा कराने नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोनिपुरवा गया था। सोमवार दोपहर बाद करीब चार बजे वह बहन मंजू, भांजी खुशी (2), भांजा अनमोल (5) को बाइक पर बैठाकर पांचों लोग घर वापस जा रहे थे। बताया जाता है कि सीतापुर ब्रांच बड़ी नहर पर ग्राम हेमपुर के पास टूटे पड़े 11 हजार की लाइन के तार पर उनकी बाइक चढ़ गई, जिसके करंट से बाइक में आग लग गई। बाइक के गिर जाने से पांचों लोग फंस गये, घटना में बबलू, मंजू देवी और अनमोल की जलकर मौत हो गई है। दोपहर का समय होने के कारण लोग जान नहीं पाए और तीनों के शव जलकर राख हो गये थे, जिन्हें पहचानना मुश्किल था। घटना की सूचना पाकर हैदराबाद एसओ दीपक तिवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ अजेंद्र यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्र भी पहुंच गये। पुलिस ने झुलसी नानी और नातिन को सीएचसी भेजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उनकी मौत हो गई।

किसानों के खाते में आज आएंगे 20 हजार करोड़

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में वह सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। मोदी वहां डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है।

हर जिला रेंज और जोन स्तर पर भी शुरू हो जनता दर्शन

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ और गोरखपुर में जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को सुन रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जारी एक निर्देश में योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर जिला रेंज और जोन स्तर पर जनता दर्शन तत्काल शुरू हो। हर जिला, रेंज, जोन स्तर पर कौन सा अधिकारी, किस दिन कहां जनसुनवाई करेगा इसकी पूर्व जानकारी भी जनता को दी जाए। मुख्यमंत्री के मुताबिक, जनसुनवाई की पूर्व सूचना होने से लोग अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में आ सकेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारीगण जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता व समय से करें क्योंकि आमजन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है।

तेज रफ्तार पिकअप का कहर दो लोगों की कुचलकर मौत

संवाददाता, तिलहर (शाहजहांपुर)

- बुजुर्ग की बेटी तो युवक की नानी भर्ती हैं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में
- दुकान से चाय लेने जा रहे थे दोनों, तभी आ गए पिकअप की चपेट में

अमृत विचार: तेज रफ्तार पिकअप नेशनल हाईवे किनारे दुकानों में घुस गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन दुकानदार घायल हो गए। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले चालक को हिरासत में भेज दिया है।

हरदोई के थाना पिहानी के गांव कुमरा निवासी रामभरोसे (60) की बेटी नीशू वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। वहीं फर्रुखाबाद के थाना राजेपुर के गांव बिरसिंहपुर निवासी श्याम सिंह (20) पुत्र आशुतोष ने अपनी नानी को भर्ती कराया। दोनों अपने-अपने मरीज की तीमारदारी में लगे थे। सोमवार सुबह करीब सात बजे दोनों चाय लेने के लिए हाईवे पार कर दुकान के पास पहुंचे तभी बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप दोनों को चपेट में लेती हुई बंथरा गांव निवासी सचिन कुमार की चाय की दुकान में घुस गई और पास में फलों की दो दुकानों और एक बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए रुक गई। रामभरोसे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदार सचिन कुमार, पिपरौली निवासी प्रेमपाल व जलालाबाद के गांव गोपालपुर निवासी अरुण सक्सेना भी घायल हो गए। जिला अस्पताल में श्याम सिंह की मौत हो गई।

बाढ़ को लेकर 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार मानसून को लेकर सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

उप्र. में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

● आपदा से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी सचेत है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है।

आपदा मित्रों और वालंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सतर्क कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

एक नजर

हत्या करके अलीगढ़ में फेंका गया था युवक का शव

बदायूं। बिजनौर के थाना धामपुर खेत्र के गांव फतेहपुर लाल उर्फ उदुपुरा निवासी चरण सिंह चौहान की पत्नी दीपा चौहान गांव की प्रधान हैं। चरण सिंह ट्रैक्टर चलाते हैं। वह एक ठेकेदार के कहने पर कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बराही में ट्रैक्टर चलाने के लिए सात जून को आए थे। जिसके बाद लापता हो गए। 10 जून को परिजनों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। नौ जून को उनका शव अलीगढ़ में नहर में पड़ा मिला था। पुलिस ने अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार किया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उन्हें बुलाने वाले ठेकेदार को हिरासत में लिया है। उसने हत्या करके शव अलीगढ़ की नहर में फेंकने की बात कबूल की है। पुलिस ठेकेदार से पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने ठेकेदार को पकड़ने की बात से इंकार किया है।

बाइकों की टक्कर से ऑटो सवार की मौत

बदायूं। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी खेतल (60) पुत्र नन्हें शनिवार को अपने साढ़ू के गांव थाना इस्लामनगर क्षेत्र के भगवंत नगर से ऑटो में बैठकर वापस घर जा रहे थे। इस्लामनगर क्षेत्र में बदायूं रोड स्थित गांव मई खेड़ के पास दो बाइक ऑटो से टकरा गईं। ऑटो में बैठे खेतल समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान खेतल की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घायल इलाज कराकर वापस घर लौट गए।

रोजाना 12 हजार वसूली, फिर भी यात्री झेल रहे मुसीबत

प्राइवेट बस स्टैंड पर महीनों से व्याप्त है गंदगी, कभी नहीं आते हैं सफाई कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अगर किसी को गंदगी देखनी हो तो प्राइवेट बस स्टैंड पर आ जाए, यहां पर यात्रियों के बैठने की जगह पर कई महीने से सफाई नहीं कराई गई है। जिससे यहां गंदगी का अंबार लगा है। प्राइवेट बस स्टैंड की सफाई करने की सुधि किसी ने नहीं ली है। बस चालकों से नगर पालिका टैक्स तो वसूलता है, लेकिन यहां सफाई कभी नहीं कराता है।

प्राइवेट बस स्टैंड नगर पालिका परिषद के अधीन है। यहां की साफ सफाई की जिम्मेदारी भी नगर पालिका की है। यहां जिस जगह पर बसें खड़ी की जाती हैं, वहां कभी भी सफाई नहीं की जाती है। यहां पर सफाई कर्मचारी कभी आते ही नहीं हैं। कई साल पहले यहां पर बस स्टैंड बनाया गया था। जहां पर यात्री बैठते हैं। बस स्टैंड पर ठेले खोमचे वाले भी खड़े होते थे। उस समय यहां पर सफाई होती थी। लेकिन अब करीब एक साल से नगर पालिका परिषद ने पूरे प्राइवेट बस स्टैंड की सफाई करानी ही बंद कर दी है। बस स्टैंड पर गंदगी का आलम यह है कि यहां यात्री कभी बैठते ही नहीं हैं।सोमवार को बस स्टैंड पर एक-दो यात्री बैठे मिले, यात्रियों का कहना था कि इतनी गंदगी तो गांव देहात में देखने को नहीं मिलती है। यहां गोवंश घूमते हैं। गंदगी में भोजन तलाशते हैं। यहां पर न तो बस चालक-परिचालक बैठते हैं और न ही यात्री कभी बैठते हैं। कई बार शिकायत के बाद भी यहां सफाई नहीं कराई गई।

प्राइवेट बस स्टैंड पर लगा गंदगी का ढेर, फैला कूड़ा।

रोजाना होती है वसूली

प्राइवेट बस स्टैंड से 122 बसों का संचालन हो रहा है। ठेका खत्म होने के बाद से नगर पालिका के कर्मचारी प्रत्येक बस से प्रति चक्कर 50 रुपये पार्किंग शुल्क वसूल करते हैं। इस हिसाब से पालिका को यहां से रोजाना 12 हजार रुपये की आमदनी हो रही है। इसके बावजूद यहां की व्यवस्थाएं सुधारने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बारिश होने पर बढ़ जाती है परेशानी

बारिश के समय प्राइवेट बस स्टैंड पर कीचड़ व्याप्त हो जाती है। उस समय बसों को खड़े होने को भी जगह नहीं बचती है। कीचड़ की वजह से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए बारिश में सवारियां भी नहीं मिलती हैं। प्राइवेट बस यूनियन ने यहां कच्ची मिट्टी पर फर्श कराने को कहा मगर पालिका ने इस पर भी ध्यान नहीं दिया। जिससे बारिश में यहां पर गंदगी रहती है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

- **यात्रियों को बैठने को भी नहीं है जगह, कूड़ा कचरा से भरा है स्टैंड**

नगर पालिका ने वर्ष 2023 का ठेका सात लाख में किया था। जो इस साल 31 मार्च को पूरा हो गया। उसके बाद अभी तक नया ठेका नहीं हुआ है। इसलिए पालिका प्रशासन ही पार्किंग शुल्क वसूल रहा है। यहां से 122 प्राइवेट बसों का संचालन किया जा रहा है। पालिका कर्मचारी प्रति बस से पचास रुपए प्रति चक्कर वसूलते हैं। एक बस दिन में करीब दो चक्कर लगाती है। सफाई कराने को कई बार ज्ञापन दिए गए। मगर पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। **-ओंकार सिंह,** जिला अध्यक्ष, जिला बस वेलफेयर एसोसिएशन

बस के इंतजार में बैठे हैं। यहां इतनी गंदगी है कि गांव देहात में भी नहीं होगी। दुर्गंध आ रही है। गंदगी के कारण ही पूरा बस स्टैंड खाली पडा है। आवारा पशु घूम रहे हैं। यहां की स्थित बहुत खराब है।

-गुड्डी, कुंवरगांव

शहर के बस स्टैंड पर इतनी गंदगी है। यहां सफाई करने वाला कोई नहीं आता है। पूरा स्टैंड गंदगी से भरा हुआ है। प्राइवेट बस चालक भी गंदगी में नहीं बैठ रहे हैं। काफी समय से झाड़ू नहीं लगाई गई है।

-राम कुमार, प्रहलादपुर

नगर पालिका बस चालकों से हर रोज पैसा वसूलता है। यहां का ठेका होता है। लाखों की आय पालिका प्रशासन को है मगर सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गंदगी की भरमार है। यहां बदहाली है।

-अजय गुप्ता, शहर

लाखों का ठेका हर साल होता है। पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी एक साल में एक या दो बार यहां आते हैं। जिससे बस स्टैंड बदहाली की ओर जा रहा है। बस स्टैंड आवारा पशुओं का अड्डा बन कर रह गया है। इससे परेशानी होती है।

-संजीव गुप्ता

पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्राइवेट बस स्टैंड पर भी सफाई कराई जाएगी। उधर अभी सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं। सफाई निरीक्षक को आज ही निर्देशित किया जाएगा और जल्द ही सफाई कराई जाएगी। बस स्टैंड पर बाहर के लोग आते हैं वहां पर सफाई होनी जरूरी है।

-फात्मा रजा, चेयरमैन पालिका परिषद

यह भी जानें

- 07 लाख रुपये में बीते साल हुआ था ठेका
- 31 मार्च को समाप्त हो चुका है ठेका
- 122 प्राइवेट बसें हो रहीं संचालित
- 50 रुपये प्रति चक्कर के हिसाब से चालक से होती है वसूली
- 02 चक्कर प्रतिदिन एक बस लगाती है

कम नहीं हो रही ट्रिपिंग की समस्या, परेशान हो रहे मरीज

अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिला अस्पताल में रविवार रात को एक घंटे गुल रही बिजली**
- **ट्रिपिंग की वजह से पैथोलॉजी लैब में नहीं बन रही ब्लड रिपोर्ट**

अमृत विचार : बिजली समस्या से पूरा जनपद ही त्रस्त है। लेकिन जिला अस्पताल में हो रही ट्रिपिंग मरीजों की परेशानी का कारण बनी हुई है। यहां दिन व रात को बिजली गुल हो जाती है, जिससे मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भीषण गर्मी में बेहाल मरीज और तीमारदार वार्ड से बाहर निकल आते हैं।

जनपद में बिजली संकट बना हुआ है। जिससे शहर से लेकर देहात तक अघोषित कटौती हो रही है। शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति हर रोज बाधित रहती है। इसी तरह देहात के फीडरों से बिजली आपूर्ति में दिक्कत आ रही है। रविवार की रात दस बजे जिला अस्पताल में करीब एक घंटे को बिजली गुल रहे। गर्मी में मरीज परेशान हो गये। वार्ड में भर्ती कई मरीज और तीमारदार बाहर आकर बैठ गए। एक घंटे बाद जब सप्लाई शुरू हुई तो मरीज वार्ड में पहुंचे।

जिला अस्पताल के हीट स्ट्रोक वार्ड में इस समय मरीजों की संख्या अधिक है। तीन बेड अलग से लगाए गए हैं। रात को ट्रिपिंग होने पर मरीज परेशान हो जाते हैं। मरीजों ने जनरेटर चलाने को कहा मगर नहीं चलाया गया। ट्रिपिंग की समस्या से एनआरसी वार्ड में भी दिक्कत होती है। इसमें कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। अन्य वार्डों में भी मरीज बेहाल हैं।

-डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को मिला सम्मान

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : बिल्सी में महेश नवमी महोत्सव, माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा दस और बारह में प्रथम श्रेणी पाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समिति के सफल आयोजन से प्रभावित होकर जेवर के नगर पंचायत अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी ने एक लाख एक हजार रुपए समिति को दान स्वरूप देने की घोषणा की।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश के माल्यार्पण के बाद महेश वंदना से हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राकेश मोहता रहे और पूरनपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र माहेश्वरी एवं मैलानी की नगर पालिका अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के साथ जेवर नगर पंचायत के अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मधुर महेश्वरी और बदायूं नगर से सुरेंद्र चाणक्य, विनोद माहेश्वरी, नितिन माहेश्वरी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समाज के बच्चों में कनिष्क सोमानी, रिया माहेश्वरी, सौंदर्य और नियति सोमानी, आध्या महेश्वरी, रुद्र महेश्वरी, सिद्धि महेश्वरी, आराध्या चांडक, आस्था माहेश्वरी, मुस्कान महेश्वरी, देवांशी महेश्वरी, आंचल माहेश्वरी आदि ने नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम में समा बांध दिया।

वरिष्ठ नागरिकों को भी किया सम्मानित : महेश नवमी महोत्सव के अध्यक्ष चंद्रसेन माहेश्वरी, निशांत माहेश्वरी, घनेंद्र माहेश्वरी, निशिकांत माहेश्वरी, दीपक माहेश्वरी बाबा, यतेंद्र माहेश्वरी, सचिन असावा, विष्णु असावा, गगन माहेश्वरी, सतीश चंद्र माहेश्वरी, जयप्रकाश लड्ढा, अशोक माहेश्वरी, अनिल माहेश्वरी, अवधेश लड्ढा राजेश माहेश्वरी आदि ने पत्रकारों और निर्वाचित समाज के सभासदों का पटका पहनाकर, स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। जिसमें रिसौली गांव से आई 105 वर्षीय विद्या देवी ने महेश नवमी महोत्सव समिति को आशीर्वाद दिया।

मंच पर मौजूद समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद माहेश्वरी समाज के लोग। ● अमृत विचार

- **बिल्सी में महेश नवमी महोत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न**
- **जेवर नपं अध्यक्ष ने समिति को दिए एक लाख एक हजार रुपए**

कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग

महिला अध्यक्ष ममता राठी, और उनकी टीम धरती माहेश्वरी, पिंकी काबरा, नैना माहेश्वरी, रचना लड्ढा, रितु माहेश्वरी, भावना माहेश्वरी, इंदिरा महेश्वरी, सुनीता असावा, दीप्ति माहेश्वरी, रेखा माहेश्वरी, सरस्वती माहेश्वरी, ऐश्वर्या, युक्ता असावा, रुचि लड्ढा, सहित महेश नवमी महोत्सव समिति के भुवनेश लड्ढा, सुमित आर्य, राजीव माहेश्वरी, अश्विनी महेश्वरी, डॉक्टर सुमित महेश्वरी, डा. ध्रुव महेश्वरी, गौरव माहेश्वरी नेताजी, गगन तोषनीवाल, राहुल महेश्वरी, शिवम माहेश्वरी ,अनुराग सोमानी, अनुज असावा, मनीष असावा, रामकुमार माहेश्वरी, नरेश चंद माहेश्वरी तेल वाले, नीरज माहेश्वरी सर्राफ , अंकित तोषनीवाल, विनीत असावा, हर्ष सोमानी, गौरव खासट एवं प्रफुल्ल मालपानी, संजीव माहेश्वरी, आचार्य गोपाल दास स्वामी आदि ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

चिकित्सा-शिक्षा क्षेत्र के मेधावी सम्मानित

चिकित्सा क्षेत्र में समाज का मान बढ़ाने वाले स्वप्निल लड्ढा माहेश्वरी, सुयश माहेश्वरी, बीएएमएस में भावना माहेश्वरी, सृष्टि माहेश्वरी, अभिनव पीड़ीवाल, सुधांशु माहेश्वरी, सीए क्षितिज माहेश्वरी, एमसीए में नंदिनी माहेश्वरी, एमबीए में शिवानी माहेश्वरी, बीटेक में प्रिया माहेश्वरी, एलएलबी में उन्नति राठी एवं युक्ता असावा को परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 और 12 में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने वाले समाज के छात्रों को सम्मानित किया गया।

दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले आंवला सांसद

बदायूं, अमृत विचार : कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया था। परिजनों ने पीड़िता को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। सोमवार को आंवला सांसद नीरज मौर्य और उनकी पत्नी रश्मि मौर्य ने राजकीय मेडिकल कॉलेज जाकर पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। पीड़िता का हाल जाना। परिवार के हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 10 साल की बेटी को शुक्रवार गांव मौसमपुर निवासी वीरेश यादव भुट्टा खिलाने का बहाना बनाकर मक्का के खेत में ले गया था। जहां बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। आंवला सांसद के साथ पीपी शाक्य, रजत शाक्य, आकाश प्रेमी, अधिवक्ता विनोद, नरेंद्र मौर्य, काव्य शाक्य आदि मौजूद रहे।

गंगा दशहरा पर कछला घाट आया एटा का किशोर लापता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पुलिस ने गोताखोरों से गंगा में कराई किशोर की तलाश**

अमृत विचार : गंगा दशहरा के अवसर पर ताऊ और पड़ोस के लोगों के साथ गंगा स्नान करने आया किशोर लापता हो गया। परिजनों ने किशोर के डूबने की आशंका जाहिर की। दूसरे दिन सोमवार को भी गंगा में किशोर की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। घाट पर मौजूद किसी ने भी किशोर को डूबते नहीं देखा था, जिसके चलते पुलिस को किशोर के गंगा से बाहर ही लापता होने का संदेह है।

जिला एटा के थाना जलेसर क्षेत्र के गांव सहलवानपुर निवासी मोहित (14) पुत्र अजय कुमार अपने भाई, ताऊ और पड़ोसियों के साथ कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला स्थित भागीरथी घाट आया था। यहां मोहित लापता हो गया। मोहित के भाई रोहित और ताऊ विनोद कुमार ने कछला चौकी पुलिस को जानकारी दी थी। कछला चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि गंगा के अलावा बाहर भी किशोर की तलाश कराई जा रही है।

अवैध मदरसा पर चली जेसीबी, तैनात रही पुलिस

संवाददाता, विजय नगला

- **गांव कादराबाद में बिना परमिशन के बनाया जा रहा था मदरसा**
- **ग्रामीणों ने विरोध कर एसडीएम से की थी शिकायत**

अमृत विचार: गांव कादरबाद में निर्माणाधीन अवैध मदरसा को राजस्व विभाग की टीम ने ढहा दिया। कार्रवाई दौरान एसडीएम दातागंज भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। अवैध रूप से मदरसा का निर्माण करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

बीते शनिवार को थाना बिनावर क्षेत्र के गांव कादराबाद में मेन रोड पर गांव निवासी आस मोहम्मद पुत्र गनी राजा अपने मकान के बराबर में प्लॉट पर मदरसे का ढांचा तैयार करा रहा था। मदरसा का निर्माण होता देख गांव निवासी मदनपाल, बृजेश, मुकेश, फूल सिंह, सत्येंद्र, सुनील, लेखराज, प्रेम शंकर सहित करीब एक दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रुकवा दिया। साथ ही घटना की सूचना बिनावर पुलिस को दे दी । पुलिस मौके पर पहुंची तब तक निर्माण कर रहे लोग भाग गए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम दातागंज से कर दी। एसडीएम ने निर्माण को अवैध बताते हुए नोटिस जारी कर दिया। लेकिन उक्त लोगों ने ढांचे को नहीं हटाया। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने मदरसे के ढांचे को जेसीबी से ढहा दिया। वहीं थाना पुलिस ने मदरसा का निर्माण कराने के आरोप में गांव निवासी जावेद, अब्दुल हसन, जीशान, आस मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम दातागंज शेषमणि त्रिपाठी ने बताया अवैध रूप से बनाए जा रहे मदरसे को ढहा दिया गया है।

निर्माणाधीन मदरसा को गिराती जेसीबी। ● अमृत विचार

सड़कों पर डाली मक्का, हादसे का डर

दबतरा संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : इन दिनों किसान मक्का की फसल उठा रहे हैं। सुखाने के लिए किसान सड़कों पर मक्का फैला रहे हैं जिससे वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत परवेज नगर से बंजरिया खानपुर तक रोड पर किसानो ने मक्का फैला दी है। दबतोरी से बिसौली को जाने वाले मेन रोड पर मक्का फैली होने से सवारियों को बचाने के लिए जगह नहीं रहती है। जिससे हादसा होने का भय बना रहता है। लेकिन प्रशासन एवं थाना पुलिस द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पूर्व में भी मक्का से फिसल कर दो लोगों की जान जा चुकी है। लोगों से मना करने पर राहगीरों से झगड़ा करते हैं और मक्का के कट्टे भरकर रोड पर ही लगा देते हैं । ग्रामीणों का कहना है कि मक्का के भरे कट्टे सड़क पर रखे होने से रात को वाहन उनसे टकरा जाते हैं जिससे चोट लग रही हैं। कुछ किसान हठधर्मिता के चलते सड़कों पर कब्जा जमाए बैठे हैं लोगों ने पुलिस से मांग की है कि सड़क से मक्का हटाई जाए।

सड़क पर सूख रही मक्का। ● अमृत विचार

तमंचा लहराने वाले युवक को किया गिरफ्तार

बिल्सी, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव जिनौरा में रविवार की सुबह दो पक्षों के बीच हुए आपसी झगडे में एक व्यक्ति का तमंचा लहराते हुए वायरल वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट करते हुए सोमवार को तमंचा के साथ दबोच लिया।

कोतवाल केके मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के गांव जिनौरा निवासी बृजेश पुत्र प्रेम सिंह ने गांव में हुए झगड़े के दौरान तमंचा लहराया था। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल भी हुआ। जिसके बाद उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसकी गिरफ्तारी में जुट गई। सोमवार को ब्रजेश को तमंचा व दो कारतूस के साथ जिनौरा मोड़ से दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जिला कारागार भेजा गया।



हर्षोल्लास से मनी ईद, सजदे में झुके सिर, अमन की दुआ को उठे हाथ

डीएम, एसएसपी और एडीएम ने मस्जिदों का किया दौरा, सुरक्षा के लिए तैनात की गई पीएसी, अराजक तत्वों पर रही नजर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः बकरीद का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा की। उन्होंने अल्लाह की इबादत कर देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। परिवार के साथ छोटे बच्चों ने ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा की। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एडीएम रेनू सिंह सहित अन्य अधिकारी भ्रमणशील रहे।

शहर स्थित ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोग सुबह से पहुंचना शुरू हो गए थे। शहर काजी ने सात बजकर 45 मिनट नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद शहर काजी की ओर से तकरीर पेश की गई। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इसके बाद कुर्बानी दी गई। नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। नमाज के समय अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए ईदगाह और मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पीएसी को तैनात किया गया था। शहर के साथ देहात क्षेत्र में भी ईद का उल्लास रहा। सुबह के समय जिले भर की 516 ईदगाह और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

ईदगाह में जगह न मिलने पर बाहर रोड पर नमाज को बैठे लोग। ● अमृत विचार

नमाज के बाद जामा मस्जिद से बाहर निकलते लोग। ● अमृत विचार

ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

ईदगाह का भ्रमण करते डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। ● अमृत विचार

नमाज को जाने वाले लोगों की तलाशी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

- सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले उच्चाधिकारी
- शांतिपूर्ण ढंग से नमाज होने पर अधिकारियों को मिली राहत

शहर में दिखी रौनक

बकरीद पर शहर में रौनक दिखी। बच्चे, युवा और बड़े-बुजुर्ग नए परिधान पहनकर घर से निकले। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर बकरीद की बधाई दी। युवाओं में अत्याधिक उत्साह नजर आया। बच्चों और युवाओं ने फोटो खींचकर सोशल मीडिया अपलोड किए। वहीं ईदगाह के बाहर लगे मेले में बच्चों ने खिलौने आदि की खरीदारी की, तथा झूले का आनंद लिया।

ईदगाह के बाहर लगी दुकान से खिलौने खरीदते बच्चे। ● अमृत विचार

झूले पर झूलते बच्चे। ● अमृत विचार

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

46.0⁰	34.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

अल्लाह की इबादत में उठे हजारों हाथ

उधैती, अमृत विचार : कस्बा के ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोग सुबह के समय नमाज अदा करने पहुंचे। जहां उन्होंने नमाज के दौरान अल्लाह की इबादत में अपने हाथ उठाकर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद कुर्बानी दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश कौशिक समस्त पुलिस-स्टाफ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बकरीद को लेकर घरों में भी खुशी का माहौल रहा। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों ने भी जमकर मस्ती की। इस दौरान लगे मेले में बच्चों ने मनपसंद खिलौने खरीदे और झूलों का आनंद लिया। इसके साथ ही चाट पकौड़ी के स्टॉल पर भी भीड़ नजर आई।

ईद-मुबारक

पूर्व मंत्री ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

बदायूं। ईद-उल-अजहा के मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने ईदगाह में नमाज अदा की। नमाज के बाद कैंप लगाया गया। लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। युवाओं ने पूर्व मंत्री के साथ सेल्फी लेकर सोशल साइट्स पर साझा की। साथ में उनके बड़े बेटे दयान रजा और छोटे बेटे आदान रजा भी मौजूद रहे। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष ओमवीर सिंह, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अफसर अली खान, सभासद अनवर खान, अनीस सिद्दीकी, कौसर अली खान, सलमान अकरम, डॉ. आशु, पप्पन पीरजी, रिजवान उर्फ बबलू, ब्रहमपाल यादव, छोटू, इशरत अली, बदायूं यूथ संगठन के अध्यक्ष जिया अंसारी, इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैनेजर खिसालउद्दीन, गुड्डू किंग, इमरान अहमद, असगर गाजी, जावेद बख्श, खालिद अहमद, रेहान अंसारी, शादाब अन्सारी, अनवर चंगेजी, राकेश मौर्य उपस्थित रहे।

ईद पर गोवंश की सेवा करके पेश की मिसाल

बदायूं। ईद के अवसर पर राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के सूफी शाह मलंग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अधिवक्ता मोहम्मद शीराज आलम ने अलग मिसाल पेश की है। उन्होंने पशु-पक्षी सेवाधाम पहुंचकर गोवंश की सेवा की और चारा खिलाया। शीराज आलम ने बताया कि पैगम्बर मोहम्मद साहब ने कहा है कि गाय का दूध शिफा और घी दवा है। गाय का मांस बीमारी है। हमारा संदेश है कि मुसलमानों को कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। शांति बनाए रखने के लिए गाय और बैल की कुर्बानी से बचना चाहिए। इससे इस्लाम का संदेश दूसरों तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा पूरे देश में ईद-उल-अजहा से पूरे एक हफ्ते के बीच में काऊ मिल्क पार्टी के आयोजन होंगे। जिसमें मोहल्लों में इकट्ठा होकर गाय को गुड़ चारा खिलाया जाएगा। अजमत पीरजी, अनस फय्याज, आसिम, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

ईदगाह में अदा की ईद की नवाज

बिल्सी। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद मुल्क में अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआएं कीं। अगोल मार्ग स्थित ईदगाह पर मौलाना उस्मान ने नमाज अदा कराई। वहीं कोठी वाली मस्जिद में भी लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अजमल खान ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इधर भाजपा नेता एवं पूर्व चैयरमेन ओमप्रकाश सागर ने भी लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष कवींद्र सक्सेना, अकरम कुरैशी, दीपक चौहान, इकरार अहमद, राहुल वार्ष्णेय, नईम आजाद, मुनीश कुरैशी, शकील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पिलाया शर्बत

बिसौली। भीषण गर्मी का कहर जारी है। लोग घर से निकलने से कतरा रहे हैं। नगर में तपती गर्मी को देखते हुए ईद-उल-अजहा पर्व के अवसर पर नगर के मुंसिफ कोर्ट के निकट बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। राहगीरों ने शर्बत पीकर गर्मी में राहत महसूस की। इस मौके पर दानिश, शानू, रिहान, आदिल, शाने आलम, कैफ, आकिब आदि लोग मौजूद रहे।

गांव में अदा की गई नमाज

नगला डल्लू। गांव पिंडौल में बकरीद मनाई गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की। इसके बाद कुर्बानी की। ईद की नमाज अदा करने के बाद गांव प्रधान मुजाहिद खां ने लोगों को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने बरती सतर्कता

बदायूं ,अमृत विचार : ईद-उल-अजहा को लेकर कई दिन पहले से ही पुलिस ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। सोमवार को पूरे जिले में पुलिस सतर्क रही।

ईद से पहले ही थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर लोगों से आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की गई और कुर्बानी खुले में न करने का आग्रह किया गया। पुलिस की इस अपील का असर भी नजर आया। पूरे जिले में ईद के दिन कहीं भी विवाद या नई परंपरा डालने की खबर नहीं मिलने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को सुबह से ही पुलिस सतर्क रही। ईदगाह और सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। इसके साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती गई। पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान भी हर गतिविधि पर नजर बनाए रहे। डीएम मनोज कुमार के साथ ही एसएसपी आलोक प्रियदर्शी और एसडीएम प्रशासन रेनू सिंह ने शहर का भ्रमण किया। इसके अलावा तहसील क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए रहे। शाम तक कही से भी विवाद की सूचना नहीं मिलने पर अधिकारियों ने राहत महसूस की।

मुस्लिम समुदाय ने वाजिब कुर्बानियां अदा कर कमाया सवाब

संवाददाता, वजीरगंज

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा के मौके पर नगर की सभी मस्जिदों में शांति पूर्वक नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुदा के नाम पर वाजिब कुर्बानियां अदा कर सवाब कमाया।

ईद-उल-अजहा के पर्व पर सुबह से ही नगर में खासी चहल पहल दिखाई दी। ईद की नमाज के बाद मस्जिदों में खुतबा सुनाया गया। जिसके बाद मुल्क में अमन व मुहब्बत के लिए दुआएं हुईं। तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। घर पहुंचकर लोगों ने वाजिब कुरबानी की रस्म अदा की। नगर में ईदगाह बनिया एवं मस्जिद रफीकुल औलिया, मस्जिद फारूकियान , चांद मस्जिद , एक मीनारा मस्जिद, हाफिज शहजाद खान मस्जिद, मदरसा इस्लामिया मस्जिद , मदरसा फैजाने हुजूर मस्जिद, चांद तारा मस्जिद आदि में ईद की नमाज अदा की गई।

शांतिपूर्वक मना बकरीद का त्योहार : दातागंज : नगर एवं ग्रामीण अंचलों में ईद-उल-अजहा का पर्व शांतिपूर्वक एवं खुशनुमा माहौल में मनाया गया। नगर के ईदगाह स्थल एवं मस्जिद मुनब्बरी में इमाम मौलाना इरफान ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम लोगों ने खुदा के नाम पर कुर्बानियां अदा कर सबाब कमाया। नमाजियों ने मुल्क के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी ।ईदगाह स्थल पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आतिफ खां, पूर्व चेयरमैन मो. इशहाक, मो. नदीम, अजीम, एम फिरोज, बन्ने मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

मस्जिद रफीकुल औलिया में ईद की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास के साथ मना ईद-उल-अजहा का त्योहार

सहसवान। सोमवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार नगर व आस-पास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश की तरक्की के साथ अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। लोगों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में ईदगाह सहित मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद समाज के लोगों ने कुर्बानी दी। ईदगाह पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ उप जिला अधिकारी प्रेमपाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा नमाज के दौरान नगर की विभिन्न मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात रहा।

नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

उझानी। ईद-उल-अजहा का त्योहार नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। नमाज के दौरान लोगों ने देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। सोमवार सुबह के समय मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने ईदगाह पर एक साथ नमाज अदा की। नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने ईदगाह के बाहर शर्बत बांटकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गर्मी से राहत दिलाई। एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। छोटे बच्चों ने भी नमाज पढ़ने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर पुलिस बल के साथ सीओ शक्ति सिंह, एसडीएम एसपी वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह आदि भ्रमण करते रहे।

पुलिस सुरक्षा के बीच शांति व सद्भाव से मनाया गया ईद का त्योहार

उसहैत। कस्बा सहित देहात क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा का त्यौहार बड़े ही शांति सद्भाव के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर में ईदगाह, जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद आदि में ईद- उल अजहा की नमाज सुबह आठ बजे मौलानाओं के द्वारा अदा कराई गई। नमाज के दौरान पुलिस सतर्क रही। इधर नमाज के बाद चेयरमैन नवाब हसन ने शर्बत वितरण कराया तथा लोगों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर फरजान नवाब, राजू हसन, समीउल्लाह, साबिर मंसूरी आदि मौजूद रहे।

बिना अनुमति के चल रहे स्वीमिंग पूल में नहा रहा बालक डूबा, हालत गंभीर

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : जिले में बिना अनुमति लिए जगह-जगह स्वीमिंग पूल खुले हैं। एक ऐसे ही स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान एक बालक डूबने लगा। साथ में नहा रहे अन्य लोगों ने देखा तो बालक को बाहर निकाला और निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर किया गया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला कौआ टोला निवासी मुजाहिद अली का बेटा हसन अली (12) ईद के दिन पर सोमवार को दोस्तों के साथ कस्बा के स्वीमिंग पूल पर नहाने गया था। नहाते समय दोस्त अली पुत्र इस्तकार को हसन कहीं नजर नहीं आया। उसने आवाज लगाई लेकिन कुछ पता नहीं चला तो उसने अन्य साथियों को बताया। उन्होंने पूल में देखा तो हसन पानी से बाहर आने के लिए छटपटा रहा था। लोगों ने उसे बाहर निकाला। वह बेहोश था। दोस्तों ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। हसन अली को निजी अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। बालक की हालत गंभीर बनी हुई है। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके पर पहुचे नायव तहसीलदार गिरजाशंकर के साथ हल्का लेखपाल संदीप कुमार को स्विमिंग पूल के गेट का ताला लगा मिला।

हायर सेंटर ले जाने के लिए बालक को एंबुलेंस में लिटाते परिजन।

- ईद के अवसर पर दोस्तों के साथ स्वीमिंग पूल पर नहाने गया था हसन अली

स्वीमिंग पूल चलाने के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
– कल्पना जायसवाल, एसडीएम बिसौली

दोस्तों के साथ सोत नदी में नहाने गया बालक डूबा, मौत

ककराला ,अमृत विचार : ईद के एक दिन पहले दोस्तों के साथ नहाने के लिए गए बालक की सोत नदी में डूबकर मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव बेहटा डंबर नगर निवासी अशफाक अली का 12 साल का बेटा अयाश ईद से एक दिन पहले रविवार को दोस्तों के साथ नहाने के लिए सोत नदी के निर्माणाधीन पुल के पास गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दोस्तों ने तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला तो उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। अयाश की तलाश की। तकरीबन आधा घंटे के बाद सोत नदी से शव बरामद हो गया। मोहम्मदगंज चौकी इंचार्ज वारिस अली मौके पर पहुंचे। परिवार ने कार्रवाई से मना कर दिया। ईद के दिन शव सुपुर्द खाक कर दिया।

यज्ञ हमारी संस्कृति के प्राण हैं : महेश चंद्र गुप्ता

यज्ञ में आहूतियां डालते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी में चल रहे पांच दिवसीय यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन 51 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश गुप्ता रहे। उन्होंने यज्ञ में आहुतियां डालीं और कहा कि यज्ञ हमारी संस्कृति के प्राण हैं।

सुल्तानपुर से आए यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य शुचिषद मुनि ने कहा कि यदि शरीर से गलत काम किया जाता है तो उसे अपराध कहते हैं, यदि मन से गलत काम करने का विचार करते हैं तो वह पाप कहलाता है। पाप का दंड परमेश्वर देता है। इससे पहले कोतवाल कमलेश कुमार मिश्रा, बिजनौर से आए आचार्य कुलदीप विद्यार्थी, छवि आर्या ने अपने विचार रखे। आचार्या डॉ मुदिता, प्रियंका देवी ने वेदपाठ किया। स्वामी वेदानंद, प्रणव मिश्रा, पंडित संजय सिंह, मुकेश आर्य और प्रश्रय आर्य ने भी भजन गाए। संचालन प्रश्रय आर्य ने किया। इस मौके पर आचार्य संजीव रूप, श्रवण कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

कृतिका
ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम. जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

दिन में आसमान से बरसी आग, रात में और बढ़ी तपिश

सूरज की तपिश से जनजीवन बेहाल, जल्द गर्मी से राहत के नहीं दिख रहे आसार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: मई के बाद जून माह लोगों को तपा रहा है। सूरज की तपिश से जनजीवन बेहाल है। तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आ रहा है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है वहीं सोमवार को एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी के साथ न्यूनतम 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे रात में तपिश और बढ़ गई है। यह पहला अवसर है जबकि जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक ही पहुंच सका था। लेकिन इस साल जून में तापमान 45 डिग्री से नीचे नहीं आया है। कृषि विभाग बढ़ते तापमान की वजह जलवायु में परिवर्तन होना बता रहे हैं। इस सप्ताह गर्मी कम होने की संभावना न के बराबर है। 22 जून के बाद ही मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

गर्म हवा की वजह से सिर को कपड़े से ढक कर जाती महिला।

सिर पर कपडा बांधकर जाता स्कूटी सवार।

मई के दौरान तापमान 46 डिग्री तक पहुंचा था। मई माह गुजरने के बाद लोगों को लगा कि अब उन्हें गर्मी से राहत मिल जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जून में भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। पशु-पक्षी तक व्याकुल हो उठे हैं। पंखे और कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन निकलते ही सूरज की तीखी किरणें लोगों का तन झुलसा रही हैं। अधिक गर्मी होने के कारण लोग घरों में कैद होने के लिए विवश हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। लोग शाम छह बजे के बाद ही घरों से निकल पा रहे हैं। वहीं न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस होने की वजह से रातें भी गर्म हो गई हैं। कृषि विभाग द्वारा भीषण गर्मी के बीच जिले में चेतावनी जारी की है। लोगों को लू के बीच निकलने से बचने की सलाह दी गई है। कृषि अधिकारियों के अनुसार इस साल जून माह का पिछले साल से दस डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म रहा है। वर्ष 2023 के दौरान जून माह में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक ही सीमित रहा था। लेकिन इस साल जून में तापमान 45 डिग्री से नीचे नहीं आया है। कृषि विभाग के अनुसार निम्न दबाव न बन पाने की वजह से मानसून दस्तक नहीं दे पा रहा है। कंक्रीट और प्रदूषण की वजह से तापमान में चार से पांच डिग्री तक बढ़ोतरी हो रही है। प्री मानसून को ला आ रहीं हवाएं ओडीशा और गुजरात की ओर से निकल गई हैं। यह सब जलवायु परिवर्तन की वजह से है।

- बढ़ते तापमान की वजह जलवायु परिवर्तन को बता रहा कृषि विभाग

ऐसे बढ़ा तापमान

तारीख	अधिकतम	न्यूनतम
13 जून	4	5-30
14 जून	45	28
15 जून	46	31
16 जून	46	33
17 जून	46	34

पिछले साल मानसून ने समय पर दी दस्तक

कई सालों से जून माह कभी इतना गर्म नहीं रहा है। 2023 में ही अधिकतम तापमान सिर्फ 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। पिछले साल मानसून समय से आने की वजह से जून में तपन कम हो गई थी। लोगों को सिर्फ उमस भरी गर्मी का ही सामना करना पड़ रहा था। लेकिन इस बार तपन की वजह से लोगों का बुरा हाल हो जा रहा है। अभी जल्द राहत की उम्मीद नहीं दिख रही है।

पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर 14.12 लाख रुपये की धोखाधड़ी

बदायूं। उसावां थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ निवासी अमलेश कुमार ने कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भारतीय सेना के सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद वह थाना उसावां के सामने सड़क किनारे अपनी जमीन पर ढाबा खोलकर जीवन यापन कर रहे थे। एक जनवरी 2023 को विक्रम सिंह पुत्र बलवीर सिंह उनके पास आए। कहा कि वह पेट्रोल पंप स्वीकृत करा रहे हैं। उनके ढाबे की जमीन पेट्रोल पंप के लिए उपयुक्त है। बताया कि उनके चचेरे भाई राम कुमार उनके साथ सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड के पद पर काम कर रहे हैं। अगले दिन अमलेश कुमार, राम कुमार और अपने परिचितों को लेकर विक्रम सिंह के आवास पर पहुंचे। विक्रम सिंह और उनकी मां मालती वर्मा ने साझे में पेट्रोल पंप लगाने की बात कही। समय-समय पर भुगतान करने की बात कही। अमलेश कुमार ने विक्रम सिंह को आठ बार में 17 लाख 1729 हजार रुपये दे दिए। जिसके बाद विक्रम सिंह न तो अपने घर पर मिले और न ही अमलेश कुमार का फोन उठाया। अमलेश कुमार उनके घर गए तो मालती वर्मा ने रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। 10 बार में 2 लाख 89 हजार 500 रुपये वापस कर दिए जबकि 14 लाख 12 हजार 229 रुपये शेष रह गए। बार-बार कहने के बाद वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह और मालती वर्मा के खिलाफ विश्वास के हनन, धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

झोलाछाप से कराते रहे इलाज टाइफाइड से महिला की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सात दिन से आ रहा था बुखार, जांच में हुई थी टाइफाइड की पुष्टि
- सोमवार को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, कुछ ही देर में हुई मौत

अमृत विचार : जिसकी आशंका थी आखिर वही हुआ। पिछले कुछ माह से जिले में टाइफाइड के केस लगातार सामने आ रहे हैं। सही इलाज नहीं मिलने से यह जानलेवा भी हो सकता है। टाइफाइड से पीड़ित महिला का इलाज परिजन झोलाछाप से कराते रहे। हालत बिगड़ने पर उसे सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी पप्पू की 35 वर्षीया पत्नी रुखसार को एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। परिजनों ने पहले तो गांव के ही एक झोलाछाप से दवा दिला दी। फायदा नहीं होने पर उसका कुंवरगांव में एक पैथोलॉजी लैब पर ब्लड टेस्ट कराया गया, जिसमें टाइफाइड की पुष्टि हुई। इसके बाद वहां एक डॉक्टर से दवा दिलाई। फिर भी महिला के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। रविवार को रुखसार की हालत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन सोमवार को दस बजे महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उसे इमरजेंसी में भर्ती करके इलाज शुरू किया गया, लेकिन करीब 12 बजे महिला ने दम तोड़ दिया। रुखसार की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में उसे सरकारी शव वाहन से उसके गांव भेज दिया गया।

विलाप करते मृतका के परिजन।

मृतका की मां शाइस्ता ने बताया कि उसकी पुत्री के दो छोटे बच्चे हैं। आज वह घर से बोलती हुई आई। यहां आकर उसकी हालत और बिगड़ गई जिससे उसकी कुछ देर बाद मौत हो गई।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com
डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली
डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेवेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद किया शव का अंतिम संस्कार

सीढ़ी लगाकर बंद मकान से नगदी समेत हजारों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मकान में ताला लगाकर पैतृक गांव गया था परिवार, पड़ोसियों ने दी चोरी होने की सूचना

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव में विधवा दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सोमवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

परिजनों ने गांव निवासी अमित पर हत्या करने का आरोप लगाया। हालांकि पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई थी। परिजनों ने बताया था कि महिला ने एक साल पहले गांव निवासी अमित पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजन ने चार आरोपियों पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया। सोमवार को अमित चौहान, नेत्रपाल, कल्लू समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

अमृत विचार : शहर की एक कॉलोनी में रविवार देर शाम चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। सीढ़ी के सहारे घर में घुसे चोर नगदी, जेवर और अन्य कीमती सामान ले गए। पड़ोसियों ने घर के पीछे सीढ़ी लगी देखी तो घर के मालिक को सूचना दी। घर के मालिक पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जल्द ही खुलासा करने का आश्वासन दिया।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव अहोरामई निवासी संदीप कुमार ट्रैक्टर एजेंसी पर काम करते हैं। उन्होंने शहर में कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में दातागंज रोड स्थित प्रीत बिहार कॉलोनी में घर बनवाया है। शनिवार को वह अपने मकान पर ताला लगाकर अपने परिवार के साथ गांव चले गए थे। रात लगभग आठ बजे उनके पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उनके घर की दीवार के किनारे सीढ़ी लगी देखी। लोगों को लगा कि संदीप कुमार अपने घर पर पेंट का काम करा रहे होंगे लेकिन जब घर के मेन गेट पर ताला लगा देखा तो उन्हें शक हुआ। पड़ोसियों ने संदीप कुमार को सूचना दी। कुछ देर के बाद संदीप अपने मकान पर पहुंचे। घर में भीतर जाकर देखा तो अलमारी के ताले टूटे मिले। कमरों में सामान भी बिखरा हुआ था। संदीप कुमार के अनुसार चोर 20 हजार रुपये, मंगलसूत्र, पायल और टॉप्स चोरी करके ले गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची और जांच की। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

शेखूपुर चौकी इंचार्ज और मूसाझाग के दो सिपाही लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएसपी ने दो निरीक्षक, 9 उपनिरीक्षक और एक सिपाही के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

अमृत विचार : एसएसपी ने दो निरीक्षक, 9 उपनिरीक्षक और एक सिपाही के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। शेखूपुर चौकी इंचार्ज और मूसाझाग में तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है।

थाना मूसाझाग के निरीक्षक नरेंद्र सिंह को वजीरगंज का निरीक्षक अपराध, पुलिस लाइन के निरीक्षक कृष्ण सिंह राणा को अपराध शाखा भेजा है। इनके अलावा सिविल लाइन कोतवाली की पुलिस चौकी शेखूपुर के इंचार्ज उपनिरीक्षक राजीव चौहान को पुलिस लाइन और दातागंज कोतवाली के उपनिरीक्षक रामपाल सिंह को शेखूपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली उझानी की कछला पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक हरवीर सिंह को कोतवाली बिल्सी भेजा गया है और जरीफनगर थाने के उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह को कछला चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। रोडवेज चौकी इंचार्ज अशोक कुमार सिंह को थाना जरीफनगर भेजा गया और सहसवान के उपनिरीक्षकम सुशील कुमार को रोडवेज पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया है। थाना उसावां के उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार को छह सड़का चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। पूर्व में नई सराय से छह सड़का किया गया उपनिरीक्षक अनिल कुमार राणा का स्थानांतरण निरस्त हुआ है। इनके अलावा पुलिस लाइन के जाहिद हुसैन को थाना मूसाझाग, जाकिर अली को थाना वजीरगंज, प्रमोद कुमार को थाना उसावां भेजा गया है। थाना मुजरिया के सिपाही जयमोहन को थाना फैजगंज बेहटा स्थानांतरित किया है। मूसाझाग थाने के सिपाही प्रमोद कुमार व जिया उर रहमान को लाइनहाजिर किया गया है।

खबरें पेज 7 व 8 पर...

आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

45.0⁰	34.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.19	सूर्यास्त 07.13

शहर में आज

- निर्जला एकादशी पर तीर्थ नगरी सोरों में पंचकोसीय परिक्रमा श्रीवराह घाट से सुबह छह बजे से।
- रोटरी क्लब द्वारा शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन वाटिका में योगाभ्यास सुबह छह बजे से।
- बौद्ध सेवा समिति द्वारा बौद्ध कथा का वाचन सिढ़पुरा विकास खंड के गांव अनगपुर दोपहर 12 बजे से।
- बौद्ध कथा का आरंभ सहावर विकास खंड क्षेत्र के गांव रोशनगर में दोपहर एक बजे से।

एक नजर

पंचकोसी परिक्रमा सुबह छह बजे से

कासगंज। तीर्थ नगरी सोरों में प्रत्येक एकादशी पर लगने वाली पंचकोसी परिक्रमा मंगलवार को सुबह छह बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी शूकर क्षेत्र पंचकोसी परिक्रमा समाज सेवा समिति के शरद पांडेय ने दी है।उन्होंने बताया कि परिक्रमा हरि की पौढ़ी स्थित बारह मंदिर से प्रारंभ होगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

कासगंज। कासगंज चाढ़ी मार्ग पर थाना सहावर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। प्रयास के बावजूद भी शव की पहचान नहीं हो सकी है। सहावर के इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त न हो पाने की स्थिति में अज्ञात में पंचनामा भरा गया है। पहचान के लिए शव 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम गृह पर रखा जाएगा।

राशन को लेकर मारपीट

कासगंज। थाना ढोलना के गांव कुढार में सरकारी राशन को लेकर गांव के रामवीर सिंह और आंगनबाड़ी प्रेमादेवी के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ा तो मारपीट पर जा पहुंचा। आरोप है कि रामवीर सिंह और उसकी पत्नी गुडडो देवी ने प्रेमादेवी के घर में घुसकर उसके पति सुरेश पाल, पुत्र खुशेष के साथ मारपीट की है। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण कराया है। मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई ईद-उल-अजहा, गले लगकर दी मुबारकबाद

खुदा की बारगाह में सिर झुकाकर मांगी दुआ, परंपरागत रूप से दी गईं कुर्बानियां, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

ईदगाह में नमाज अदा करते बड़ी संख्या में नमाजी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : जिले भर में सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व सौहार्द के साथ मनाया गया। नमाज और कुर्बानी के जरिए लोगों ने अमन-चैन और बरकत की दुआ मांगी। कुर्बानी के बाद बधाई और जकात का सिलसिला चलता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था चाकचौबंद रही। नमाज स्थलों पर पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया था।

शहर में कासगंज-अतरौली मार्ग रोड स्थित पुरानी ईद गाह एवं इस्माइलपुर रोड स्थित नई ईदगाह पर सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। कुछ ही देर में ईदगाह नमाजियों से भर गई। मौलवियों ने नमाज अदा कराई और ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुस्लिम समाज के लोगों को जकात के बारे में बताया। नमाज के बाद घरों में कुर्बानियां दी गईं। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाहों पर सुरक्षा की दृष्टि से कड़े बंदोबस्त थे। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर रखे रहे व लोगों को पर्व की मुबारकबाद दी। ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला सुबह से देर रात तक चलता रहा। एसडीएम संजीव कुमार, सीओ अजीत सिंह चौहान, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार, इंस्पेक्टर रामवकील सिंह, पालिकाध्यक्ष मीना बौहरे सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

मस्जिदों पर तैनात रही पुलिस और पीएसी

जिले भर में ईद उल अजहा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन गंभीर दिखाई दिया। जिला मुख्यालय पर डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्ण रजत कौशिक व्यवस्थाओं पर नजर रखे रहे वहीं गंजडुंडवारा, पटियाली, सहावर क्षेत्र में एडीएम राकेश कुमार पटेल एवं एएसपी राजेश भारती सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भ्रमण करते रहे। शहर और कस्बों में मस्जिदों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पीएसी बल तैनात किया गया था। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी पुलिस की मोबाइल पार्टियां गश्त करती रहीं।

ईदगाह के बाहर मौजूद डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

अमांपुर में नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म निभाई

कस्बा अमांपुर में ईदगाह के बाहर मौजूद सीओ सहावर एवं एसडीएम।

अमांपुर। कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों ईदगाहों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। कालेज रोड स्थित ईदगाह परिसर में, जामा मस्जिद, करसाना, कमालपुर, चीतरा, अर्जुनपुर में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर मुल्क की सलामती व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। बच्चों में बकरीद को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर गली मोहल्लों में घुमते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम सहावर कोमल पवार, सीओ सहावर शाजिदा नसरीन, न्यायिक एसडीएम विनोद जोशी, कोतवाली निरीक्षक हरिभान सिंह राठौर, इंस्पेक्टर क्राइम मनोज शर्मा ईदगाह के बाहर तैनात रहे। सोशल मीडिया के माध्यम से लोग दिन भर ईद की मुबारकवाद देते रहे। चेयरमैन चांद अली खान, लेखपाल दीपक भारद्वाज, नसीर खान मौजूद रहे।

ईदगाहों पर मेलों में बच्चों ने उठाया लुत्फ

ईद-उल-जुहा के मौके पर गुरुवार को शहर के जामा मस्जिद एवं ईदगाह के बाहर मेलों का आयोजन किया गया। मेले में लगी खेल-खिलौनों की दुकानों एवं झूलों का बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। वहीं युवा चाट पकौड़ी एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का स्वाद लेते नजर आए, लेकिन दोपहर में बारिश हो जाने से मेले की रौनक फीकी हो गई।

गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते बच्चे। ● अमृत विचार

बकरीद और गंगा दशहरा के सकुशल संपन्न होने पर प्रशासन को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बेहतर व्यवस्थाओं के चलते गंगा घाटों पर नहीं हुआ कोई हादसा

अमृत विचार: रविवार को गंगा दशहरा और सोमवार को ईद उल अजहा जैसे बडे.पर्व सकुशल सम्पंन हुए। बेहतर व्यवस्थाएं और श्रद्धालुओं की जागरुकता से गंगा घाटों पर किसी भी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआ। पर्वो के सकुशल संपंन होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। व्यवस्थाओ पर लगे कर्मचारियों की पीठ थपथपाई।

ज्येष्ठ मास की दसवीं रविवार को दशहरा पर्व मनाया गया था। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश राजस्थान, गुजरात, दिल्ली से लाखों श्रद्धालु सोरों की हरपदीय गंगा कुंड लहरा गंगा घाट और सीमा से लगे कछला गंगा घाट पर स्नान के लिए पहुंचे। शायद ही ऐसा कोई मौका रहा है। स्नानार्थियों के साथ सड़क हादसे या फिर गंगा के पानी में डूबने की घटनाए न होती हों, लेकिन इस बार यह पर्व पुलिस प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाओं के चलते बेहतर तरीके से संपंन हुआ। न तो कोई बड़ा सड़क हादसा हुआ और न ही गंगा घाटों पर कोई अनहोनी हुई। वहीं सोमवार को जिले में मुस्लिम समाज का ईद उल अजहा पर्व भी शांति पूर्ण संपंन हुआ। कहीं भी किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना नहीं हुई। पर्वो के शांति पूर्ण संपंन होने पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है।वहीं डीएम सुधा वर्मा ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सुरक्षा में लगे प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है।

गंजडुंडवारा में ईदगाह के बाहर एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ विजय कुमार राणा।

कस्बों और गांवों में भी रही ईद-उल-अजहा की धूम

कस्बा गंजडुंडवारा में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

अमृत विचार : कस्बों और गांवों में भी ईद उल अजहा का पर्व सद्भाव के साथ मनाया गया। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को इर्द की मुबारकबाद दी।

गंजडुंडवारा कस्बे की विभिन्न ईदगाहों पर ईद उल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न हुई। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह और सीओ पटियाली विजय कुमार राणा ने पुरानी ईदगाह का जायजा लिया। कस्बे में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। कस्बा पटियाली के गंजडुंडवारा रोड स्थित बड़ी ईदगाह पर नमाज अता कराई गई। गांव म्याऊ में काजी रजा अहमद, कादरगंज में हाफिज आले हसन ने नमाज अता कराई। घरों में कुर्बानियां दी गईं। पटियाली की विधायक नादिरा सुल्तान ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा की दृष्टि से यहां भी एसडीएम, सीओ, पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा, व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

कस्बा सहावर में ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। कुर्बानी की फजीलत बयां की गई और अल्लाह तआला से गुनाहों की माफी मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने बुजुर्गों को इस्सालाहे सवाब किया। उसके बाद घर पहुंच कर कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। चाडी रोड स्थित ईदगाह पर मुफ्ती मुईद आलम ने नमाज अदा कराई। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम कोमल पवार, क्षेत्रधिकारी शाहिदा नसरीन व इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी पुलिस बल के साथ ईदगाह पर मौजूद रहे। तीर्थ नगरी सोरों में भी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ईदगाह होडलपुर और मुहल्ला चौधरी स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। इसके बिलराम, ढोलना, गढी पंचगाई, मोहनपुरा, सिढ़पुरा, सुन्नगढ़ी सहित जिले भर में ईद उल जुआ का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया।

बैंडबाजों की धुन पर सोरोंजी में ईदगाह पर नमाज पढ़ने जाते नमाजी। ● अमृत विचार

निर्जला एकादशी आज: गंगा स्नान को उमड़ेंगे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

शहर के नदरई गेट स्थित एक दुकान पर बिक्री के लिए रखे हाथ वाले पंखे।

घल्ला एकादशी पर मंसने के लिए मिट्टी के घल्ले बेचता कुंभकार।

- तीर्थ नगरी में श्री वराह मंदिर से लगाई जाएगी पंचकोसी परिक्रमा
- उपवास रखकर श्रद्धालु देंगे जरुरतमंदों को दान दक्षिणा

अमृत विचार: निर्जला एकादशी मंगलवार को मनाई जाएगी। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। तीर्थ नगरी में श्री वराह मंदिर से पंचकोसी परिक्रमा लगाई जाएगी।

वर्ष भर में 24 एकादशी आती हैं। 12 एकादशी शुक्ल पक्ष और 12 एकादशी कृष्ण पक्ष में पड़ती है। प्रत्येक एकादशी का अपना महत्व है। शास्त्रों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। इसे घल्ला मंसनी एकादशी, भीमसेन एकादशी, मोक्ष दायिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और व्रत को रखने से पुण्य मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी मान्यता के चलते यह पर्व आज मंगलवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर दिन भर तैयारियां चलती रही। श्रद्धालुओं ने दान पुण्य के लिए खरीददारी की।

कैसे करें एकादशी का उपवास : मान्यता के अनुसार इस दिन सूर्य उदय से लेकर दूसरे दिन सूर्य उदय तक उपवास रखने वाले को जल ग्रहण नहीं करना चाहिए, तभी यह व्रत पूर्ण माना जाता है। द्वादश तिथि को स्नान करने के बाद ब्राहम्णों को जल,फल, पात्र व अन्य जरूरत की वस्तुए यथा सामर्थ्य अनुसार दान देना चाहिए। जिससे वर्ष भर की एकादशी का फल प्राप्त होता है।

आज मनाई जाएगी एकादशी : कुछ लोगों मतभ्रांति के चलते निर्जला एकादशी का पर्व सोमवार को भी मनाया गया, लेकिन पर्व मनाने वालों की संख्या नगण्य रही। पंडित राधेश्याम उपाध्याय बताते हैं कि ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून को सुबह 4:42 मिनट से प्रारंभ हुई, जो 18 जून सुबह 6:23 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर निर्जला एकादशी पर्व 18 जून मंगलवार का रखा जाएगा।

पंखा, जल, कलश दान की है परंपरा : निर्जला एकादशी पर पंखा,मीठा जल, जल कलश के दान की परपंरा है। प्राय लोग मिटटी के बने मटके, हाथ के पंखे तथा ऋतु फल आम, खरबूज, दान करते हैं, लेकिन बदलते इस दौर में लोग मिटटी के बने मटकों के स्थान पर स्टील, पीतल के कलश आदि दान करने लगे हैं। सोमवार को खरीददारी के लिए श्रद्धालुओं ने मिटटी के मटके पंखे और फलों की खरीददारी की।

निरोगी रहने के लिए नियमित करें योगाभ्यास

कासगंज, अमृत विचार: कस्बा अमांपुर के मक्खन लाल इंटर कॉलेज में सोमवार को पंतजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में योग शिविर लगाया गया। योग शिक्षक ने साधकों को योगाभ्यास कराते हुए योग को अपने जीवन में ढालने के लिए प्रेरित किया।

विपिन बिहारी ने कहा कि योग करने से मन शांत रहता है। शरीर में स्फूर्ति रहती है। वही कई तरह की बीमारियों से निजात मिलती है।

खंड प्रभारी परन्तप सोलंकी ने भी प्राणायाम का महत्व बताया। इस दौरान प्रधानाचार्य रामजीलाल वर्मा, राकेश पाराशर, विजयप्रकाश गुप्ता, रिकू अग्रवाल, गौरव गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, रामखिलाड़ी उपाध्याय, अशोक शाक्य आदि शिक्षक मौजूद रहे।

अभिषेक कर गंगा लहरी का पाठ किया

सोरों में मां गंगा के अवतरण दिवस पर आरती उतारते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

मां गंगा की भव्य प्रतिमा।

- शाम को मां गंगा की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

अमृत विचार : सोरों में रविवार की देर शाम मां गंगा के अवतरण दिवस पर गंगा समग्र द्वारा गंगा मैया की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। पंडित नरेश वेदांती व दिलीप शास्त्री ने मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने की कथा सुनाई। सूकरक्षेत्र में हरिपद गंगा, वृद्ध गंगा व भागीरथी गंगा के संगम की पौराणिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

घाट पर मां गंगा का पंचाभिषेक किया गया। सस्वर गंगा लहरी का पाठ किया गया। आरएसएस के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने मां गंगा का अभिषेक व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ चालक उमाशंकर शर्मा व विभाग प्रचारक कुलदीप ने गंगा मैया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर महाआरती का आरंभ किया। आरती समापन के बाद दीपदान हुआ। गंगा मैया की, जय वराह हर गंगे के स्वर गूंजते रहे। शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित, गंगा समग्र के प्रदेश सह संयोजक हेमेंद्र शास्त्री, डा.संतोष शर्मा, आर के सक्सेना, डा.सुभाष दीक्षित, संजय दुबे, राव मुकुल मान सिंह, महेश चंद्र त्रिवेदी, डा. एनपी सिंह हल्दिया, विनोद गुप्ता, सुनील मित्तल, मनोज वशिष्ठ प्रधान, आदित्य काकोरिया, सम्पूर्णानंद भारद्वाज, कौशल साहू, दीपक मेहरा, विनय कुमार जैन, डा.रवि शरण सिंह, डा.जंग बहादुर चतुर्वेदी, दीपराज माहेश्वरी, नवल कुलश्रेष्ठ, रमेश चंद साहू, जयकिशन तिवारी मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर चारा लेने जा रहे किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रेलवे लाइन पार करते समय हुआ हादसा
- ईयर फोन लगे होने के कारण नहीं सुन सका ट्रेन की आवाज

अमृत विचार: सोमवार की सुबह कासगंज फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर थाना सहावर क्षेत्र में रेलवे लाइन पार करते समय चपेट में आ जाने से ट्रेन से कटकर किशोर की मौत हो गई। कान में ईयर फोन लगे होने के कारण वह ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाया था। किशोर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

घटना सोमवार सुबह लगभग सात बजे की है। थाना सहावर क्षेत्र के गांव चाड़ी निवासी यशपाल सिंह का 16 वर्षीय पुत्र आलोक खेतों पर पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। वह ईयर फोन लगाए था। खेत पर पहुंचने के लिए वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। फर्रुखाबाद की ओर से आ रही ट्रेन की आवाज उसके कानों तक नहीं पहुंची। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी गांव चाड़ी पहुंची, तो परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को देखकर परिवार के लोग विलाप करने लगे।घटना की जानकारी पर सहावर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बातचीत

राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने कहा, सूचना का अधिकार अधिनियम बहुत प्रभावी

भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाता है आरटीआई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

अमृत विचार से बात करते राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश। ● अमृत विचार

- सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा उद्देश्य

अमृत विचार: राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने कहा कि देश की स्वतंत्रता से लेकर अब तक जितने भी अधिनियम लागू हुए हैं, उनमें सूचना का अधिकार अधिनियम सबसे ज्यादा प्रभावी है, जो भारतीय नागरिक को सशक्त बनाता है। राज्य सूचना आयुक्त शहर के रेलवे रोड स्थित पूर्व प्रधानाचार्य दामोदार गुप्ता के आवास पर अमृत विचार से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाने, सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तर दायित्व के कार्य में बढावा देना है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र के कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए उपयोगी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई पीड़ित सूचना न मिलने पर अपील में आता है, तो उसमें तुरंत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सूचना देने में लेटलतीफी करते हैं, तो शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाती है।

उन्होंने कहा कि 2005 में अधिनियम लागू हुआ था, तो अधिकतम में 25 हजार रुपये जुर्माना का प्रावधान बना, जो वेतन से कटता है। आयुक्त की जिम्मेदारी होती है कि वह अधिनियम के तहत लोगों द्वारा मांगी जा रही सूचनाओं के बाबत विभागों की समीक्षा करे। सूचना मांगने वाले को समय से सूचना दी जाएं। इस दौरान आयुक्त का लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। विनोद गुप्ता, नीरज गुप्ता, बल्लू गुप्ता, विनीत अग्रवाल, अचिंत सक्सेना, मनोज माहेश्वरी, अलख रंजन रहा, सतरंजन गुप्ता एडवोकेट, सचिन माहेश्वरी मौजूद रहे।

पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने जहर खाकर की खुदकुशी

संवाददाता, सोरों

- परिजनों ने लहरा गंगा घाट पर किया अंतिम संस्कार

अमृत विचार: सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव ढढेरपुर में पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को नहीं दी गई है। लहरा गंगाघाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया है।

गांव ढढेरपुर निवासी जयसिंह का 20 वर्षीय पुत्र अर्पित इलाहाबाद में रह कर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहा था। इन दिनों वह अपने गांव ढढेरपुर आया हुआ था। किसी बात को लेकर पिता ने उसे डांट फटकार दिया। पिता की डांट से खिन्न अर्पित ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड गई। परिवार के लोग उसे शहर के निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने हालत नाजुक बताते हुए उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे अलीगढ़ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। लहरा गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया है। सोरों के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि इस तरह की कोई सूचना पुलिस को नहीं मिली। यदि तहरीर मिलेंगी तो उसके आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मृतक अर्पित

सड़क पार कर रहे वृद्ध की दुर्घटना में मौत

कासगंज, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में गोला कुआं के निकट सड़क पार कर रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मृतक डूमर सिंह

घटना रविवार देर रात की है। सदर कोतवाली के गांव रम्पुरियां निवासी 63 वर्षीय डूमर सिंह पुत्र गणपति सिंह नदरई से अपने गांव पैदल जा रहे थे। गोला कुआ के समीप सड़क पार कर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ रेफर किया गया। परिजन अलीगढ़ ले जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई। इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। वाहन की तलाश की जा रही है।

आसमान से बरस रही आफत, तापमान 45 के पार

भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त, पशु-पक्षी बेहाल, घरों में कैद हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : सोमवार को गर्मी से आम जन-जीवन अस्त- व्यस्त रहा। लोग घरों में कैद होकर रह गए। धूप की तेजी इस कदर थी कि मानो आसमान से आग बरस रही हो। तापमान 45 के पार पहुंच गया। बाजारों में सन्नाटा दिखाई दिया तो हाईवे पर वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लिया।

इन दिनों हीट वेब का प्रकोप इस कदर कि सुबह सूर्य उदय के साथ ही आसमान से आग के गोले बरसने लगते हैं। 12 बजे के बाद हालात यह हो जाते हैं कि घरों से निकलना दूभर हो जाता है। धूप से बचने के लिए लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। सोमवार को पारा 45 पार हो गया। बदन जला देने वाली गर्मी से जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया। 11 बजे से ही बाजार सूने होने लगे। 12 बजे तक तो बाजारों में सन्नाटा पसर गया। गर्मी का प्रभाव हाईवे पर भी देखने को मिला। यहां वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। गर्मी से बेहाल लोग राहत पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करते देखे गए। कोल्ड ड्रिंक, सोडा शिकंजी, गन्ने रस,ठंडाई विक्रेताओं के यहां लोगों की भीड़ देखी गई।

धूप और लू के चलते शहर के सोरों गेट बाजार में पसारा सन्नाटा। ● अमृत विचार

- बाजारों में पसरा सन्नाटा, हाईवे पर भी वाहनों का आवागमन कम रहा

यह रहा तापमान

- अधिकतम : 45 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम : 34 डिग्री सेल्सियस

जरा सा पानी मिला, प्यास बुझाता कौआ।

नहर और नदियों में नहाने पहुंचे लोग

गर्मी से परेशान हो राहत पाने के लिए नहर और नदियों व स्विंग पूल में नहाने के लिए पहुंचे। शहर से तमाम लोग सोरों की हरिपदी गंगा एवं कछला गगा नदी के घाटों पर नहाने के लिए पहुंचे। लोगों की भीड़ से गंगा घाट के पिकनिक स्पॉट नजर आ रहे थे। शहर में तमाम स्विंग पूल में भी लोगों ने पहुंचकर मौज-मस्ती की।

भीषण गर्मी में गोहरा नहर में नहाते युवा। ● अमृत विचार

करेक्टिव सर्जरी के इच्छुक दिव्यांगजन शीघ्र संपर्क करें

कासगंज। शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के अंतर्गत कॉक्लियर इम्प्लान्ट, करेक्टिव सर्जरी के अंतर्गत जो दिव्यांग लाभार्थी सर्जरी कराना चाहते हैं, जिनकी उम्र जन्म से 18 वर्ष है, ऐसे लाभार्थी अपना आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और फोटो जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय कासगंज में जमा कर दें। जिससे कॉक्लियर इम्प्लान्ट, करेक्टिव सर्जरी के लिए परीक्षण करके सर्जरी कराए जाने के लिए अग्रिम कार्यवाही की जा सके। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र द्वारा दी गई है।

बाइक डिवाइडर से टकराई, चालक घायल

कासगंज। रविवार रात साढे 11 बजे कासगंज एटा मार्ग पर काली नदी पुल के समीप बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार शहर के मुहल्ला नबाब निवासी सत्यम पुत्र हरीशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आदिरम
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

अवागढ़, अमृत विचार: थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक युवक का शव पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। उसकी शिनाख्त सकीट थाना क्षेत्र के गांव नगला धनू निवासी हरिओम के रूप में हुई। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है।

गांव नगला धनू निवासी समर सिंह ने बताया उसका 22 वर्षीय छोटा भाई हरिओम दिल्ली में नौकरी करता था। करीब एक माह पूर्व दिल्ली से वापस आया था। 15 दिन पूर्व उसने एक नई बाइक खरीदी। वह 14 जून को अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव सरानी में रहने वाली बहन वैजयंती के यहां जाने के लिए बाइक से निकला। इस दौरान कहीं अन्य रिश्तेदारी में चला गया। रविवार की रात सूचना मिली कि उसका शव सरानी गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर एक पेड़ पर लटका है। समर सिंह ने हत्या का आरोप लगाया है। बताया जिस पेड़ पर उसके भाई का शव लटका मिला, वो छोटा है। उस पर फंदा लग ही नहीं सकता है। हरिओम की मौत से परिजन शोक में डूब गए। थाना प्रभारी जयेंद्र प्रसाद मौर्य का कहना है कि युवक शराब का आदी था, पूरी जमीन बेच दी। उसने आत्महत्या की है। हत्या के आरोप गलत हैं।

- बहन के घर जाने की कहकर घर से निकला था युवक

तीन गांवों में छप्परपोश घरों में आग से सबकुछ राख

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: मंगलवार को जिले के सोरों, थाना सिकंद्रपुर वैश्य क्षेत्र में हुई अग्निकांड की घटनाओं में से सोरों के नगला पटिया में कई आधा दर्जन झोपडियां जल गईं। जिससे ग्रामीणों को लाखो रुपये की क्षति हुई है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है।

जिले में आए दिन अग्निकांड की घटनाएं हो रही हैं। सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे सोरों के गांव नगला पटियां में घूरे से उठी चिंगारी ने रामदेवी के घर के ऊपर पडे. छप्पर पर जा गिरी और ज्वाला बन गई। देखते ही देखते आग की चपेट में सतीश, ओमदत्त, महेंद्र सिंह के घर भी आ गए। गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और सूचना अग्निशमन विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया है। घटना में घरों में रखा घरेलू सामान, अनाज, ओढ़ने बिछाने के कपडे.जल कर राख हो गए। घटना की जानकारी पर सोरों इंस्पेक्टर भोजराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। लेखपाल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं सोरों के गंगावन में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जानकारी पर अग्निशमन प्रभारी आर के तिवारी दमकल कर्मियों और दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया है। थाना सिकंद्रपुर वैश्य के गांव बढोला के कब्रिस्तान में अज्ञात कारणों से लगी आग पर भी दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है। गंगावन और बढोला की गांव की घटना में किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

सोरों के पटिया गांव में आग से राख झोपड़ी देखते ग्रामीण और दमकल कर्मी।

- गांव नगला पटियां में कई झोपड़ियां आईं आग की चपेट में
- दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

कंप्यूटर प्रशिक्षण को 11 से पांच अगस्त तक करें आवेदन

कासगंज, अमृत विचार: पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेंद्र स्वरूप ने बताया कि पिछड़े वर्ग के एक लाख वार्षिक आय सीमा में आने वाले अभ्यर्थियों को ओ-लेवल, सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण अनुमन्य होगा। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट तथा आयु अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अभ्यर्थी किसी भी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न ले रहा हो।

प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जनसेवा केंद्र या स्वयं 11 जुलाई से पांच अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर दें। आवेदन पत्र की प्रति एवं सभी शैक्षिक व अन्य अभिलेखों के साथ हार्ड कॉपी को कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में जमा कर दें। संस्थाएं विभागीय वेबसाइट पर 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

माहेश्वरी समाज में समन्वय पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: डीडू माहेश्वरी उपमंडल की समान्य वार्षिक बैठक सोमवार को शहर के रेलवे रोड स्थित श्रीमती गंगादेवी माहेश्वरी धर्मशाला में हुई। इसी के साथ महेश नवमी महोत्सव का समापन हुआ। बैठक में समाज के कल्याण पर चर्चा की गई।

बैठक का आरंभ सभापति अजय झंवर, डीडू माहेश्वरी मंडल के अध्यक्ष अरबिंद माहेश्वरी मंत्री, सुनील कांत दरग सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। सदन में गंगादेवी माहेश्वरी भवन के प्रबंधक विनय राज, विद्यालय के प्रबंधक राजीव कावरा ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। मुकेश शक्ची ने कहा कि संविधान हमें मर्यादा में रहना सिखाता है, जबकि समन्वय संगठित शक्तिशाली और सम्पंन बनाता है। बैठक में पूर्व प्रबंधक संजय धूपड़, अनिल माहेश्वरी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वर्तमान कार्यकारिणी का छह माह का कार्यकाल बढाए जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया।

माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्ष अलका शक्ची, सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनीत जाजू, उपाध्यक्ष सुनील कावरा जाकेटिया, गिर्राज माहेश्वरी, गोपाल झंवर, ह्देश कावरा, सौरभ लाहोटी नीलम पल्तानी, दीप्ति बिड़ला, रम्मू माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डीडू माहेश्वरी उपमंडल की समान्य वार्षिक बैठक में पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- डीडू माहेश्वरी मंडल की समान्य वार्षिक बैठक, महेश नवमी महोत्सव का समापन

सार-संक्षेप

अमांपुर में श्री खाटू श्याम भजन संध्या 19 को

अमांपुर। कस्बा के गुड़मंडी में एक शाम खाटू वाले बाबा के नाम द्वितीय भव्य भजन संध्या का आयोजन 19 जून, बुधवार को रात 8 बजे से किया जायेगा। जिसमें गुंजन तिवारी, गुनगुन तिवारी भोपाल, घनश्याम भण्डारी बदायूं, भावना कटियार इटावा, रावेन्द्र राघव उझानी, अभिजीत सक्सैना कासगंज की ओर से बाबा खाटू श्याम के भजनों का गुणगान किया जाएगा। यह जानकारी श्री श्याम बाबा कमेटी ने दी है।

तमंचा, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी चांद राईन निवासी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद किए। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

टैंकर ने बाइक को टक्कर मारी, पिता- पुत्री घायल

कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में कासगंज सोरों मार्ग पर नोवा फैक्ट्री के निकट दूध से भरे टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक राकेश पुत्र भूपाल एवं उनकी पुत्री प्रिया निवासी गांव बरियां थाना सिकंद्रराऊ जिला हाथरस घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल से उपचार के बाद दोनों को अलीगढ़ रेफर किया गया है।

कलश यात्रा को लेकर विवाद, पहुंची पुलिस

कासगंज। गांव कासिमपुर में भागवत कथा के बाद ग्रामीणों द्वारा निकाली जा रही कलश यात्रा को लेकर गांव नगला कोठी में लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को सुना और मामला शांत किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को सुना और मामला शांत किया है। इंस्पेक्टर रामवकील का कहना है कि दो पक्षों को आपसी विवाद था। निस्तारण करा दिया है। कोई तनाव नहीं है।

बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में चाड़ी चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें अवराज पुत्र असलम एवं शहवाज पुत्र यासीन निवासी मुहल्ला नबाब गली चकियां कासगंज घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिलाअस्पताल में भर्ती कराया है। हालत नाजुक हो जाने के कारण दोनों घायलों को अलगीढ रेफर किया है।

ब्राह्मण कल्याण सभा डीएम को देगी ज्ञापन

कासगंज। अखिल भारतीय ब्राहम्मण परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय की हत्या के विरोध में ब्राहम्मण सभा द्वारा मंगलवार कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। यह जानकारी युवा अध्यक्ष अमित उपाध्याय एवं मंत्री आयुष मिश्रा ने दी। उन्होंने समाज बंधुओं से कलेक्ट्रेट पहुंचने की अपील की है।

बंदर के हमले में वृद्ध गंभीर, अस्पताल में भर्ती

कासगंज। कोतवाली सोरों क्षेत्र के गांव साहपुर माफी में खेत पर बैठे 90 वर्षीय कलियाण सिंह पुत्र नेकसू पर बंदर ने हमला बोल दिया। बंदर के हमले से वह घायल हो गए। परिवार के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार जारी है।

युवती ने खाया विषाक्त पदार्थ, रेफर

कासगंज। थाना सहावर क्षेत्र के गांव नगला भीमसेन में मां की डांट से क्षुब्ध होकर 20 वर्षीय युवती ने खुदकुशी के उद्देश्य से जहर का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत में बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए अलीगढ रेफर कर दिया है।

पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। थाना सहावर इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विनोद निवासी मूल पता अग्रोहा मोड थाना अग्रोहा जिला भिवानी हाल पता दुल्हेडी थाना तोषाम जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

खबरें देखें वेबसाइट: www.amritvichar.com पर

कारों के शीशों से हटाई काली फिल्म, हूटरों पर भी कसा गया शिकंजा, काटे चालान

वाहनों को चेक करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों में मची रही खलबली
- एएसपी, सीओ , कोतवाल और टीएसआई की देखरेख में चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचार: शहर के राज कोल्ड तिराहे पर विशेष चेकिंग अभिमान चलाया गया। हूटर लगे वाहनों के चालान काटे और कारों के शीशों से काली फिल्मों को उतरवाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से खलबली मच गई।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में सोमवार की शाम को पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन दर्जन से अधिक वाहनों के चालान काटे गए, तो तीन दर्जन से अधिक वाहनों को सीज किया गया। सरपंच लिखी हुई स्कार्पियो सवार तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। कई वाहनों में लगे हूटरों को उतरा वाया गया। वाहनों से समन शुल्क वसूल किया गया। एएसपी राजेश भारतीय ने बताया कि यह चेकिंग अभिमान लगातार चलाया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड
बरेली 243006

एक नजर

बिजली घर पर आज होगा कैंप का आयोजन

अवागढ़, अमृत विचार : मंगलवार को सुबह 10 बजे से अवागढ़ के बिजली घर पर विशाल कैंप का आयोजन किया जाएगा। अवर अभियंता हदेश कुमार के अनुसार कैंप में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन जारी किए जाएंगे, गलत बिलों में सुधार, विद्युत भार बढ़ाने, बकाया बिल का भुगतान जमा किया जाएगा। जेई ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर घर के अंदर लगे हैं वह अपने मीटर को बाहर लगवा लें और कटी हुई केबल को भी बदल दें। कोई भी बिजली चोरी करते हुए पाया जाएगा उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नुकसान का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

अलीगंज, अमृत विचार : कोतवाली में मोहन पुत्र जयप्रकाश निवासी कैल्ठा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के निवासी वीरेन्द्र पुत्र कलेक्टर सिंह समेत 10 लोगों द्वारा 15 जून को खेत में जानवरों को छोडकर फसल को नष्ट करा दिया। विरोध करने पर एक राय होकर पीड़ित असलाह व लाठी डंडो से लैस होकर उसके घर में घुस गए। गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। दूसरी ओर मारहरा के गांव नगला भजना निवासी नरेश कुमार पुत्र हप्पू सिंह ने कस्बा मारहरा निवासी अनिल समेत 8 नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कहा है कि पीड़ित की भूमि पर लगी दीवार गिरा दी, विरोध करने पर मारपीट कर धमकी दी है।

ईद की नमाज अदा कर अमन चैन की मांगी दुआ

इमामों ने खुतबा पढ़कर खुशहाली की कामना की, ईदगाहों पर रही कड़ी सुरक्षा

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: सोमवार को जनपद में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ईद-उल-अजहा पर हजारों मुस्लिमों ने एक साथ नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआएं मांगीं। वहीं एक-दूसरे को गले लगकर बधाइयां भी दीं। इमामों ने खुतबा पढ़कर खुशहाली की कामना की। शहर के दो ईदगाहों पर हुई इबादत में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर पूरे जनपद में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

जीटी रोड स्थित पुरानी ईदगाह पर ठीक नौ बजे इमाम परंपरागत तरीके से नमाज अदा कराई। साढ़े नौ बजे पोता नगला स्थित ईदगाह पर शहर काजी ने नमाज अदा कराई। एक-दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। राजनीतिक दलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासन ने लगाए शिविरों में नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी।

अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि पूरे जिले में मस्जिदों और ईदगाहों में सोमवार को शांति पूर्ण तरीके से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही कुर्बानी करने में नियमों का पालन किया गया। कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली। पुलिस बल, साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था भी जिला प्रशासन ने की है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था का जायाजा लेते रहे।

शहर की ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

- **राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के शिविरों में नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी**

शांति एवं सौहार्द के साथ पढ़ी ईद-उल-अजहा की नमाज

जलेसर अमृत विचार : जनपद के जलेसर नगर में ईद अल-अजहा की नमाज ईदगाह में हर्ष और उल्लास के साथ पड़ी गई। राजनीतिक पार्टियों के द्वारा ईद मिलन के लिए शिविर का आयोजन किया। नगर में सैकड़ो स्थान पर कुर्बानी भी दी गई। प्रातः काल ईदगाह में शहर इमाम मोहम्मद असलम ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान वतन की सलामती एवं शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की दुआएं मांगी गईं। पालिका प्रशासन के द्वारा सफाई व्यवस्था चाक चौबंद की गई। तहसीलदार राजेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी पुलिस के एम दोहरे कोतवाली प्रभारी आरके सिंह सफाई निरीक्षक महेश यादव हरिओम यादव अशोक सारस्वत धीरज कुमार आदि मौजूद थे।

एसएसपी बोले, जांच के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई

संवाददाता, एटा

- **निधौलीकलां थाने की हवालात में चक्कर खाकर गिरे युवक की मौत का मामला**

अमृत विचार: निधौलीकंलां थाने की हवालात में चक्कर खाकर गिरने के बाद राकेश की मौत मामले में एसएसपी ने कहा कि थाना प्रभारी और आरक्षी को निलंबित किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि देवेन्द्र और हुसैन के मध्य पांच हजार रुपए का लेन देन था। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। देवेन्द्र की नाक में हुसैन ने घूंसा मारकर चोटिल कर दिया। सूचना मिलने पर रविवार की रात 9:36 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और देवेन्द्र और हुसैन तथा गवाह के तौर पर राकेश को रात के 10:30 बजे लाकर हवालात में बंद कर दिया। थाना निधौली कलां पर एनसीआर पंजीकृत की गई और रात में ही देवेन्द्र का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

रात अधिक हो जाने पर गांव के लोगों से उन्हें ले जाने के लिए फोन किया गया, तो उन्होंने सुबह ले जाने की बात कही। सोमवार सुबह देवेन्द्र की पत्नी दोनों को ले जाने के लिए आई थी। उसी दौरान राकेश को चक्कर आ गया, जिसे सीएचसी निधौली कलां ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा राकेश को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। एसएसपी ने बताया कि संज्ञान में आया कि थाने पर रात्रि में पीड़ित पक्ष को खाना नहीं दिया गया था। खाली पेट तथा गर्मी के चलते राकेश को चक्कर आना प्रतीत होता हुआ। प्रभारी निरीक्षक जेपी अशोक तथा आरक्षी लिपिक को निलंबित किया गया है। साथ ही जांच कराई जा रही है।

वाहन की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

जलेसर। कोतवाली क्षेत्र में रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार वालों को रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जनपद हाथरस के सहपऊ थानान्तर्गत ग्राम धरौरा निवासी विजेन्द्र सिंह (60) मोपेड पर सवार होकर जलेसर की तरफ से अवागढ़ की तरफ जा रहे थे। बताया गया है जैसे ही मोपेड़ जलेसर क्षेत्र के अन्तर्गत अवागढ़ मार्ग स्थित गांव पुन्हैरा के समीप पहुंची कि तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक मय गाड़ी के फरार हो गया। विजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बकरीद पर डीएम और एसएसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: जिलाधिकारी प्रेम रंजन व एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों द्वारा ईद की नमाज सकुशल संपन्न कराई।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद की 139 मस्जिदों तथा 26 ईदगाहों में ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस दौरान डीएम व एसएसपी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम व सीओ सिटी सहित तहसीलदार के साथ मस्जिदों पर पहुंचकर मौलवियों व नमाजियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मस्जिद के सामने खड़े जिलाधिकारी प्रेम रंजन व एसएसपी राजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

अंधाधुंध बिजली कटौती से बेहाल

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: जून में पड़ रही गर्मी से सभी लोग परेशान हैं। यह परेशानी उस समय दोगुनी हो जाती है जब दिन में बिजली बार-बार गुल होने लगी है। ट्रिपिंग के नाम पर विभाग घंटों के हिसाब से कटौती कर रहा है। तापमान बढ़ने से बिजली खपत भी बढ़ी है। बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों को लोग फोन करते हैं तो उनका सीयूजी नंबर मिलता ही नहीं, मिलता है तो उठाने से गुरेज करते हैं।

मारहरा विकास खण्ड क्षेत्र के गांव अल्लैपुर में कई दिनों से दो ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं। उपभोक्ताओं द्वारा इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर ठीक नहीं कराए गए हैं। जिससे लोगों की रात की नींद और दिन का चैन हराम हो गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कई गांवों में सुबह से हर घंटे बिजली ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इस संबंध में जब उपभोक्ताओं ने जिम्मेदारों के सीयूजी नंबरों पर फोन किया तो पहले तो मिला नहीं, कुछ देर बाद फोन मिला भी दूसरी तरफ से काम की बात कहकर फोन काट दिया गया। सूत्रों की मानें तो इन दिनों बिजली का खपत औसत से अधिक है। लाइनों में फॉल्ट की शिकायतें शुरू हो गई हैं।

उपभोक्ता खपत के हिसाब से नहीं लेते लोड

बिजली निगम समय-समय पर लाइनों व ट्रांसफॉर्मरों की मेंटनेंस के नाम पर बिजली आपूर्ति कुछ देर के लिए बंद कर दे रहे हैं, इससे बिजली सप्लाई में समस्या न आए। इसके पीछे का कारण यह बताते हैं कि हजारों ऐसे उपभोक्ता है जो निर्धारित लोड से अधिक बिजली का उपयोग कर रहे हैं। इनमें घरेलू से लेकर व्यवसायिक उपभोक्ता भी शामिल हैं। जैसे सिंगल फेस कनेक्शन पर एसी और एक हॉर्स पावर की मोटर का उपयोग नलों से पानी खींचने में करते हैं। पीक आवर में यदि उपभोक्ता एसी और मोटर का उपयोग करता है तो लाइन व ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ने से फॉल्ट होने लगते हैं।

भाजपा नेत्री ने गोवंशों को खिलाए फल

बिल्सी। तहसील क्षेत्र के गांव दिधौनी स्थित गोशाला में सोमवार को एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने यहां पहुंच कर सभी गोवंशों को फल खिलाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सेवा करने से मानव को काफी पुण्य की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि यह पशु बेजुबान हैं, यह अपनी बात किसी से कह नहीं सकते है। हम सबको केवल समझना चाहिए। इस मौके पर उनके पति सत्य प्रकाश शाक्य, ग्राम प्रधान गोपाल शाक्य, पुष्पेंद्र सागर, नईम आजाद, पीडी सिंह, सौरभ बाबू आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने बढ़ाई मुसीबत

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: भीषण गर्मी के कारण जन-जीवन बेहाल हो गया है। हालत यह रहा है कि अपरान्ह 12 बजे ही तापमान 40 डिग्री सेल्यिस से ऊपर पहुंच गया। गर्मी के कारण घर के बाहर निकलने पर आंच लग रही है, वहीं पंखे भी गर्म हवा उगल रहे हैं। हफ्ते भर से जारी गर्मी के कारण घरों की छत और दीवारें तपने लगी हैं। इस बीच बिजली की अंधाधुंध कटौती के चलते दुश्वारी और बढ़ गई है।

नगर क्षेत्र में दोपहर में शहर के मुख्य बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। सोमवार को दिन जैसे-जैसे चढ़ा तो गर्मी का असर भी बढ़ता गया। घरों से बाहर निकलना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया। गर्म हवाएं भी तन झुलसाती रहीं। दिनभर लोग गर्मी से परेशान नजर आए। नगर की सड़कों और बाजारों में भी गर्मी का असर दिखाई दिया। यहां दोपहर में सन्नाटा नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने की उम्मीद है। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में हीट स्ट्रोक होने का खतरा रहता है। इससे बचने के लिए तेज धूप में बाहर जरूरी होने पर ही निकले और धूप से बचाव के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। सीएमएस डा. एस. चन्द्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों में उल्टी दस्त के केस ज्यादा आते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा रहता है। इससे बचाव के लिए बच्चों को तरल पदार्थ देते रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें और उल्टी दस्त होने पर बच्चों को नमक और चीनी के घोल की जगह ओआरएस का घोल पिलाते रहें। चिकित्सक की सलाह लेकर उपचार कराएं। इसमें लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

गर्मी और धूप से बचने के लिए मुंह ढककर और छाता लगाकर गुजरतीं युवतियां।

- **बाजारों में पसरा सन्नाटा, सड़कों पर कम रही चहल-कदमी**

सार-संक्षेप

अशोक बने निर्विरोध अध्यक्ष, रंजीत सिंह प्रबंधक

बदायूं। शहर के कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज नगला पूर्वी की प्रबंध समिति कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से साहित्यकार अशोक खुराना को अध्यक्ष एवं कुंवर रंजीत सिंह राठौर को प्रबंधक चुना गया। पूर्व में कमेटी के सदस्यों के पास जो दायित्व थे वह यथावत रहे। उपाध्यक्ष दिवंगत डॉ. विष्णु प्रकाश मिश्र के स्थान पर धारम सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया।अध्यक्ष चुने जाने पर समाजसेवी अशोक खुराना ने कहा कि विद्यालय परिवार को एकजुट होकर इसके उत्थान के लिए काम करना होगा। इंटर कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए सार्थक प्रयास करने की जरूरत है। जनपद में विद्यालय का नाम रोशन हो यह हम सभी की जिज्ञासा होनी चाहिए।

राहगीरों को वितरित किया शर्बत

बिल्सी। गंगा दशहरा पर्व और एकादशी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोगों ने खैरी रोड पर राहगीरों में शर्बत का वितरण किया। इस मौके पर संजीव कुमार, योगेश शर्मा, मोहित सिंह, प्रमोद कुमार पाल, सोनू माथुर, गुड्डू पंडित, अरविंद कुमार, राजकुमार, पुरुषोत्तम शाक्य, अरविंद गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

बिसौली तहसील में धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू

बदायूं। भाकियू चढूनी की बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही तहसील बिसौली में बीस जून को धरना प्रदर्शन को लेकर फैसला लिया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश साहू का ने कहना था कि किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर तहसील बिसौली में मासिक पंचायत कर कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है। लेकिन समाधान नहीं हुआ है। अब एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

योगेश के हत्यारों को मिले कड़ी सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के हाथरस के जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करते हुए दातागंज में समाज के लोगों ने बैठक कर शोक संवेदना व्यक्त की।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, हाथरस के जिला अध्यक्ष योगेश उपाध्याय की कुछ दिन पहले हत्या कर दी गई। दातागंज में तहसील अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के आवास पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने योगेश उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

बैठक में प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने कहा कि हम प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर दंडित किया जाए। पीड़ित परिवार व गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं परिवार के किसी व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। बैठक में जिला संगठन मंत्री प्रदीप पांडेय, रमाकांत मिश्रा, राजेश पाठक, ओम प्रकाश पाण्डेय, लक्ष्मी नारायण पांडे, प्रदीप पाण्डेय, संजीव पाठक, अर्चना पाठक, राम सेवक पाण्डेय, राघव पाण्डेय, माधव पाण्डेय, सुमित मिश्रा,नन्द किशोर मिश्रा, बबले मिश्रा, कृष्ण गोपाल पाठक आदि ने विचार व्यक्त किये।

योगेश उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ब्राह्मण समाज के लोग।

- **दातागंज में ब्राह्मण समाज के लोगों ने शोकसभा में उठाई मांग**

दरोगा की नेम प्लेट तोड़ी सिपाहियों की वर्दी फाड़ी

संवाददाता, सिंधौली(शाहजहांपुर)

अमृत विचार: झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने एक दरोगा की नेम प्लेट तोड़ दी और दो सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी। दरोगा की तहरीर पर सिंधौली थाने में महिलाओं समेत 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गांव बिजलीखेड़ा में रविवार को दो पक्षों के मध्य नाली को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट हो गई थी। पुलिस ने हरिसरन की तहरीर पर शिवरतन आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार को हरिसरन पक्ष ने हल्का सिपाही अभिषेक यादव को फोन कर आरोपितों द्वारा गाली गलौज किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद हल्का दारोगा गौरव कुमार, सिपाही अभिषेक यादव और सिपाही योगेंद्र के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिस को देखते ही शिवरतन पक्ष के पुरुष तथा महिलाएं लाठी डंडे लेकर हमलावर हो गए।

दरोगा गौरव और सिपाहियों के साथ मारपीट कर घर के अंदर घसीट ले गए। इस दौरान हमलावरों ने दरोगा की नेम प्लेट तोड़ दी और सिपाही अभिषेक व योगेंद्र सिंह की वर्दी फाड़ दी। लाठी-डंडे से पुलिस कर्मियों को काफी चोटें आईं। सूचना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता तक पहुंची। जिसके बाद मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल को देख हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने दारोगा व सिपाहियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। दरोगा गौरव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ धारा 147, 332, 353 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गंगा दशहरा पर खितौरा मढ़ी धाम में लगा मेला

उघैती। क्षेत्र के कस्बा खितौरा में गंगा मढ़ी धाम में रविवार को गंगा दशहरा के उपलक्ष्य लगने वाले मेले का उद्घाटन समाजसेवी अमर सिंह पाल ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंत्रों द्वारा विधि पूर्वक हवन-पूजन करके किया गया। समाजसेवी अमर पाल ने कहा मेला आपसी भाईचारे को बढ़ाता है। मेले में सांप्रदायिक सौहार्द का रूप देखने को मिलता है। इस अवसर पर कमेटी के हरिओम पाल, तिलक सिंह, कमल गुप्ता, राम खिलाड़ी, भारत सिंह, रणवीर, कुमार पाल गौतम, किशोरी लाल, दिनेश राणा, कुलदीप राणा, बलराम पाठक, लालमन पाल, पान सिंह, टिंकू पाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने को 12 हजार का बजट जारी

बदायूं, अमृत विचार: राजकीय माध्यमिक स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण उन्हें रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दिया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से प्रत्येक विद्यालय के लिए 12 हजार रुपये के हिसाब से बजट जारी किया गया है।

जिले में 39 सरकारी राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें अधिकांश में छात्राएं अध्ययनरत हैं। छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता धारक खिलाड़ी का चयन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि अगस्त से अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षक का चयन किया जाएगा। एक प्रशिक्षक को एक ही विद्यालय में प्रशिक्षण देने की अनुमति रहेगी।

नई योजना | डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और वन विभाग की कॉरिडोर मैनेजमेंट रिपोर्ट में हुआ खुलासा

जंगल कॉरिडोर से खुलेंगे बाघों में जीन परिवर्तन के रास्ते

पीलीभीत कार्यालय

अमृत विचार: जंगल में कॉरिडोर के रास्ते व्यवधान रहित होने पर बाघों के जीन में परिवर्तन के लिए फायदेमंद साबित होंगे। इससे बाघों की प्रजाति और संख्या में प्रभावी बढ़ोतरी हो सकेगी। इसका खुलासा विश्व प्रकृति निधि-वन विभाग की कॉरिडोर मैनेजमेंट रिपोर्ट में हुआ है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला है। पिछले कुछ सालों में बाघों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। इसको लेकर पीटीआर 14 देशों को पछाड़ अंतरराष्ट्रीय टी एक्स टू अवार्ड भी जीत चुका है। वर्तमान में यहां 71 से अधिक बाघ है। दुनिया में सबसे करिश्माई प्रजातियों में से एक होने के बावजूद बाघों के रहने वाली जगहों के आसपास मानव-वन्यजीव संघर्ष, जंगल से रिहायशी इलाकों में उनके डेरा जमाने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। फिलहाल यह सब तो शोध का विषय है। मगर हाल ही में पीटीआर के स्थापना दिवस पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं वन विभाग द्वारा तैयार किशनपुर-दुधवा टाइगर रिजर्व कॉरिडोर प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या करिश्माई बढ़ोतरी हो रही है। बाघों के स्वच्छंद विचरण और आवाजाही को लेकर कॉरिडोर मैनेजमेंट बेहद जरूरी है। इससे बाघ व अन्य वन्यजीव एक से दूसरे स्थान तक स्वछंद रूप से आ जा सकेंगे। इससे अन्य प्रभावी बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं।

- **बाघों की प्रजाति और आबादी में प्रभावी बढ़ोतरी की संभावना**

कॉरिडोर को लेकर लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार भी कार्य कराए जाएंगे।
– **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

बाघ वैज्ञानिक बोले- वन्यजीवों की स्वछंद आवाजाही जरूरी

कोरोना काल के दौरान पीटीआर के गढ़ा रेंज कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट लांच की गई थी। इसके बाद पिछले वर्ष छह अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लग्गा-भग्गा, टाटरगंज एवं बराही कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट जारी की थी। इधर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं वन विभाग की ओर से तीसरी किशनपुर-दुधवा टाइगर रिजर्व कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट पीटीआर के कुछ दिन पूर्व स्थापना दिवस के दौरान रिलीज की गई थी। इस दौरान कॉरिडोर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वैज्ञानिक आशीष विष्ठा के मुताबिक बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्वछंद आवाजाही बेहद जरूरी है। इसके लिए कॉरिडोर को सुरक्षित रखना आवश्यक है। वन्यजीवों में जीन परिवर्तन अत्यंत आवश्यक है। कॉरिडोर प्रबंधन से सजाति प्रजनन (इनब्रीडिंग) के कुप्रभावों से बचाया जा सकता है। इनब्रीडिंग जीन विविधता में कमी, शारीरिक विकृति और प्रजनन समस्याओं को बढ़ाता है। इसके परिणामस्वरूप अक्सर व्यवहार एवं स्वास्थ्य आदि में गिरावट आती है। कॉरिडोर सुरक्षित होने से आउटब्रीडिंग होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे जीन विविधता होने से बाघों की प्रजाति, स्वास्थ्य एवं उनकी संख्या में प्रभावी बढ़ोतरी की संभावना बढ़ जाती है। फिलहाल वन अफसरों के मुताबिक सभी कॉरिडोर को लेकर सुधारात्मक कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तकदीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरू अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

अमृत विचार
क्लासीफाइड
NOTICE
This is to be notify that in my passport no. J7307151 my name is mentioned as Manssi Rai which is incorrect whereas my correct name is Mansi Rai. In all my other documents my name is mentioned as Mansi Rai. **Mansi Rai D/o Manish Rai R/o Sector-3, H.No. 73, Greater Green Park, Bareilly**

सूचना
सूचित करना है कि पहले मेरा नाम ईश्वर चन्द्र पुत्र शिवलाल था लेकिन वर्तमान में मेरा नाम ईश्वर चन्द्र अरोड़ा पुत्र शिवलाल अरोड़ा है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। **ईश्वर चन्द्र अरोड़ा पुत्र शिवलाल अरोड़ा निवासी पंजाबी कॉलोनी, कस्बा तिलहर जिला शाहजहांपुर।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

इलाज के दौरान मानसिक मंदित किशोर की मौत

बदायूं। जिला पीलीभीत की कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव उदय करनपुर स्थित आश्रय गृह में मानसिक मंदित किशोर राजन रहता था। उसकी तबियत अचानक खराब हो गई थी। आश्रय स्थल के कर्मचारियों ने उसे पीलीभीत के अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर किया गया। जहां से सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। रास्ते में उसकी तबियत खराब हो गई। जिसके चलते उसे बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। जहां रविवार को राजन की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। पीलीभीत के आश्रय गृह के कर्मचारियों ने कछला में अंतिम संस्कार किया।

कुर्बानी का बकरा दीवार फांदकर भागा

सैदनगली, (अमरोहा)। नगर पंचायत वार्ड नंबर नौ निवासी शाहिद हुसैन ईद उल अजहा के लिए 10 हजार रुपये का बकरा लेकर आया था। सोमवार को वह कुर्बानी के लिए घर से कुछ दूर बकरे को कसाई के पास ले गए। कसाई को देखकर बकरा शाहिद के हाथ से छूटकर पांच फीट ऊंची दीवार लांघकर जंगल की ओर भाग गया। शाहिद ने बकरे को करीब आठ घंटे तक जंगलों में तलाश किया गया। लेकिन बकरा नहीं मिला।

सागौन और शीशम की तस्करी करते दो गिरफ्तार

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान सागौन और शीशम के गिल्टों की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में शीशम व सागौन के 25 गिल्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने रविवार रात कुंडेश्वरी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। ढकिया जैतपुर रोड से दो लोगों को एक ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ पकड़ा। आरोपियों ने अपना नाम रामपुर निवासी रईस अहमद व जवान अली बताया। उन्होंने बताया कि वह गुलजारपुर वन क्षेत्र से लकड़ी काटकर उत्तर-प्रदेश के स्वार रामपुर की मंडी में बेचने जा रहे थे।

जीएम कार्यालय में आग लगाने वाला पूर्व बैंक प्रबंधक दिल्ली से गिरफ्तार

आरोपी बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्यालय दिल्ली में भी पहुंचा था आग लगाने

बरेली कार्यालय

- दिल्ली पुलिस की मदद से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा के जीएम को जिंदा जलाने के लिए कार्यालय में आग लगाने वाले पूर्व बैंक प्रबंधक गोयल को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। वह दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्यालय में भी आग लगाने के लिए पेट्रोल लेकर पहुंचा था। कर्मचारियों ने उसे पकड़कर दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली और बारादरी में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गईं थीं।

बुलंदशहर निवासी बीओबी का निलंबित प्रबंधक अंकित गोयल इज्जतनगर के टयूलिप ग्रेस अपार्टमेंट में रहता था। उसकी पत्नी भी बैंक मैनेजर है। वह प्रेमनगर में किराये पर रहती हैं। तीन दिन पहले अंकित ने सीडीओ ऑफिस में आग लगाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहने पर बीओबी के क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम के केबिन में आग लगा दी थी। इसके बाद दोपहर में पत्नी की कार को पेट्रोल डालकर जला दिया था और वहां से फरार हो गया था। थाना कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपी दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्यालय में एक बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा। बैंक कर्मचारियों ने विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गया। मौके पर पहुंची कनाट प्लेस थाने की पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

बुलंदशहर में झगड़े के बाद हुआ था मुकदमा

28 मई को अंकित गोयल ने बुलंदशहर के बीओबी में कैशियर संजय सिंह से गाली गलौज की थी। इस मामले में भी बुलंदशहर में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अगले दिन 29 मई को वह जमानत पर छूट गया था। इसके अलावा आरोप है कि अंकित गोयल ने बैंक ऑफ बड़ौदा के कई अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भी गाली-गलौज की थी।

कोर्ट ने जेल प्रशासन को अंकित की मानसिक जांच कराने का दिया आदेश

पुलिस ने आरोपी अंकित गोयल को कोर्ट में पेश किया। जहां पर उसने खुद काफी देर तक बहस करते हुए दिल्ली पुलिस समेत कोतवाली पुलिस पर लाखों रुपये लेने का आरोप लगाया। कोर्ट ने उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए जेल प्रशासन को उसकी मानसिक जांच कराने का आदेश दिया है। आरोपी अंकित गोयल ने मई में दिल्ली के मेट्रो स्टेशन पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी देते हुए आपत्तिजनक कथन लिखा था। मामले में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था, हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

तो क्या शातिर है अंकित

दिल्ली पुलिस ने जिस समय अंकित गोयल को हिरासत में लिया, उस समय अंकित ने दाढ़ी-मूछें हटा दी थीं, जबकि इससे पहले वह दाढ़ी और मूछ रखता था। आरोपी आग लगाने के बाद लगातार होटल बदल-बदल कर रहा था। हालांकि आरोपी की जेल प्रशासन मानसिक जांच कराएगा तो उसमें साफ होगा कि आरोपी की क्या स्थिति है।

फैसले का दवाब बना रही पुलिस, सीएम पोर्टल पर शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी इमरान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बताया कि उनकी मां राशिदा बेगम ने शहर के मोहल्ला सोथा निवासी तोताराम से 12 लाख रुपये में एक मकान का इकरारनामा कराया था। दो लाख रुपये दिए और शेष 10 लाख रुपये 11 महीने में देने की बात लिखी थी। आरोप है कि तोताराम ने राशिदा बेगम के अनपढ़ होने का फायदा उठाया और अपनी मर्जी से अनुबंध पत्र लिखवाया था। आठ जून को सुबह लगभग साढ़े सात बजे तोताराम और कुछ अज्ञात उनके घर में घुस आए। इमरान को जबरन पकड़कर ले जाने लगे। उनकी पत्नी ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट की। मोहल्ले के लोगों की भीड़ लगी तो आरोपी भाग गए। पीड़ित ने सदर पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस ने जबरन फैसले का दबाव बनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है।

रेल हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया

कैंडल जलाकर रेल हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कैंडल जलाकर मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अमृत विचार: कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर पार्टी के नेताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। साथ ही कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेदारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेनी चाहिए। उनके कार्यकाल में देश के अंदर कई रेल हादसे हो चुके हैं। उनमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। इस मौके पर प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, अजित सिंह यादव, असरार अहमद, वीरेश सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए योग का सर्टिफिकेट होना जरूरी

बरेली कार्यालय

- परास्नातक की सम सेमेस्टर की परीक्षा 19 से होगी शुरू

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 19 जून से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने छात्रों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं लेकिन इसे डाउनलोड करने के लिए योग सर्टिफिकेट जरूरी कर दिया है। इसे अपलोड करने के बाद ही प्रवेश पत्र डाउनलोड होगा।

योग दिवस पर राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन शपथ का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के निर्देश दिए हैं। इसके तहत विश्वविद्यालय सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को लिंक भेजकर ऑनलाइन योग की शपथ दिला रहा है। इसमें छात्रों के परिजनों और लोगों को भी शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से महाविद्यालयों को भी निर्देश दिए गए हैं और 16 से 18 जून तक ऑनलाइन शपथ की रिपोर्ट भी मांगी गई है। इसके अलावा कई कार्यक्रम भी आयोजित कराए जा रहे हैं। अधिक से अधिक ऑनलाइन शपथ के सर्टिफिकेट डाउनलोड हों इसके लिए विश्वविद्यालय ने परास्नातक की परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में योग सर्टिफिकेट भी अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। योग सर्टिफिकेट की फाइल को रोल नंबर से सेव कराकर अपलोड कराई जा रही है। पूरे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के अभी तक 20 लाख से अधिक सर्टिफिकेट डाउनलोड हो सके हैं, जिसमें रविवार तक ढाई लाख से अधिक सर्टिफिकेट के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय सबसे आगे था। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अब तक करीब सवा लाख सर्टिफिकेट डाउनलोड हो चुके हैं। अब दो दिन में प्रवेश पत्र के साथ भी काफी संख्या में सर्टिफिकेट डाउनलोड होने से संख्या करीब दो लाख से ऊपर जा सकती है।

आग लगने से जलीं चार झोपड़ी, बछड़ा मरा

दातागंज, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव केशोंपुर में सोमवार सुबह चिंगारी से आग लग गई जिससे चार झोपड़ी जल कर राख हो गई। आग लगने से एक बछड़ा झुलस कर मर गया, जबकि एक लाख रुपये का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।

ग्राम केशोंपुर में सोमवार को सुबह दस बजे एक झोपड़ी में खाना बनाया जा रहा था, तभी चूल्हे की चिंगारी से छप्पर में आग गई। आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया। आग ने आस पास की कई झोपड़ियों को भी चपेट में ले लिया जिससे अमर पाल, मदन पाल, बन्ने, गोपाल की झोपड़ी जल कर राख हो गई। एक बछड़ा भी झुलस कर मर गया। अग्निकांड में करीब एक लाख का सामान जल कर राख हो गया।

गाड़ी निकालने को लेकर विवाद में घर से बाहर निकले युवक पर हमला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार : पांच युवकों ने गाड़ी निकालने को लेकर विवाद किया। शोर सुनकर घर के बाहर निकलकर आए युवक पर हमला कर दिया। उसके सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की बहन की तहरीर पर पांच युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शहर के मोहल्ला लालपुल चौराहा निवासी उषा शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 जून को रात लगभग सवा 11 बजे वह और परिजन घर में सो रहे थे। इसी दौरान विशाल, अभिषेक, अरुण, नितेश और राम उनके घर के बाहर से गाड़ी से जा रहे थे। गली में गाड़ी फंसने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। उनके पास तमंचे और लाठी-डंडे भी थे। उषा के भाई सुनील घर के बाहर गए और गाली देने का विरोध किया तो पांचों लोगों ने सुनील को पीटना शुरू कर दिया। उन लोगों ने सुनील शर्मा के सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। सुनील शर्मा बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। शोर सुनकर उनका बेटा रोहन शर्मा व हिमांशु बचाने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन्हें भी मारापीटा। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए।

डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बेहोश सुनील शर्मा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र राधेश्याम, अभिषेक व अरुण पुत्र बुद्धसेन, नितेश व राम पुत्र राकेश के खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकाने और मौत होने जैसा कृत्य करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीएमएस पर महिला डॉक्टर से अभद्रता का आरोप

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: तीन सौ बेड अस्पताल की महिला डॉक्टर ने प्रभारी सीएमएस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने सीएमओ से भी शिकायत की है। वहीं सीएमएस का कहना है कि कक्ष से गायब रहने के बारे में पूछने पर महिला डॉक्टर ने नोकझोंक की।

अस्पताल में सोमवार को ओपीडी में तीन डॉक्टरों के कक्ष खाली रहे। मरीजों को इंतजार करते देख प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा ने दंत रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर को मरीज देखने को कहा तो उन्होंने कहा कि मरीज को हड्डी से संबंधित रोग है, ऐसे में दंत रोग विशेषज्ञ कैसे परामर्श दे सकता है। महिला डॉक्टर का आरोप है कि प्रभारी सीएमएस बिफर गए और उन्होंने अभद्रता की। महिला डॉक्टर अपने कक्ष में ही फूट फूट कर रोने लगीं और सीएमओ को फोन कर इसकी शिकायत की। प्रभारी सीएमएस पर पहले भी एक विशेषज्ञ डॉक्टर से अभद्रता करने के आरोप लग चुके हैं।

> तीन डॉक्टर सरकारी अवकाश के चलते ड्यूटी पर नहीं आए। उनसे जवाब-तलब किया है। दंत रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर से कोई अभद्रता नहीं की। वह ओपीडी के दौरान अपने कक्ष में मौजूद नहीं थीं और मरीज इंतजार कर रहे थे। इस मामले में जवाब मांगने पर उन्होंने नोकझोंक की।
> **-डॉ. सतीश चंद्रा,** प्रभारी सीएमएस, 300 बेड अस्पताल

अभियान चलाकर उत्पादों की जानकारी देगा आरबीआई

बरेली, अमृत विचार : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बैंकों के उत्पादों की जानकारी के लिए ग्राहक जागरूकता अभियान चलाएगा। आरबीआई लखनऊ कार्यालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वे अपने ग्राहकों को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की सही और पूरी जानकारी प्रदान करें। एलडीएम (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) वीके अरोड़ा ने बताया कि 41 बैंकों की 461 शाखाओं में पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। इसमें ग्राहकों को धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय अपराधों से बचाने के लिए उन्हें जागरूक बनाना, बैंकिंग सेवाओं के उपयोग और फायदे के बारे में शिक्षित करना, ऋण, जमा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गए युवक को पीटा, बवाल

संवाददाता, बाजपुर

- पुलिस ने लाठियां फटकारीं भीड़ को तितर-बितर, मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले आ रहे विवाद ने उस समय उग्र रूप धारण कर लिया, जब कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गए युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इससे दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनमें जमकर पथराव हुआ। घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया।

वार्ड छह मोहल्ला केशवनगर निवासी सावेज खान मुड़िया पिस्तौर ईदगाह में ईद की नमाज पढ़कर कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गया था। आरोप है कि वहां पर पहले से मौजूद वार्ड नंबर-5 मुड़िया पिस्तौर निवासी आशु खान, सारिक, सुहेल, मोनीश ने अपने 2-3 अन्य साथियों के साथ मिलकर रंजिशन धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सावेज के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना को लेकर सुबह करीब 11 बजे दोनों पक्षों ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना में सावेज पक्ष के उस्मान अली, शमा परवीन तथा दूसरे पक्ष के सुहेल के चोटें आई हैं।

उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर लग सकती है रोक

मुरादाबाद, अमृत विचार: राज्य सरकार ने अब बिजली उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए घरों पर स्मार्ट मीटर न लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। सरकारी कार्यालयों में ही मीटर लगाए जाने पर विचार किया जाएगा। हालांकि जिले में 50 प्रतिशत सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। फिलहाल बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का कहना है कि इस तरह का कोई आदेश अभी तक नहीं मिला, जबकि अन्य राज्यों में इस आदेश को लागू कर दिया है।

सरकार ने क्षमता से अधिक बिजली की खपत करने वाले और बिजली चोरों पर अंकुश लगाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन को निर्देश जारी किए थे। इसके लिए जिले में विद्युत केंद्र व उपकेंद्र स्तर सर्वे का कार्य भी चालू है। लेकिन, सरकार इसमें कुछ बदलाव करने जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अन्य राज्यों की तर्ज सरकार अब आम उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर न लगाने का फैसला लेने जा रही है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि अभी तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं। सरकार का जो भी फैसला होगा वह माना जाएगा।

चलती कार में अचानक लगी भीषण आग

जलती कार की आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

घटना

- चालक ने आग की लपटें देखकर कूदकर बचाई जान, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

अमृत विचार : रविवार की देर रात्रि रुद्रपुर से हल्द्वानी जा रही कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया वरना आग जंगल की तरफ बढ़ सकती थी।

रविवार की देर रात्रि एक बजे रुद्रपुर निवासी अमान अपनी कार संख्या यूके 06 वी 0845 से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। जैसे ही कार संजय वन के समीप पहुंची। अचानक कार के पिछले हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। ड्राइविंग सीट के बगल में लगे शीशे से नजर पड़ने पर कार संचालक ने फौरन कार रोकी और कूदकर दूर खड़ा हो गया। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया और किसी तरह कार में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही सिडकुल अग्निशमन यूनिट के गिरीश सिंह बिष्ट, फायरमैन भगवत सिंह व नवीन कुमार घटनास्थल पहुंचे और आग पर काबू पाया। साथ ही आग को जंगल की ओर बढ़ने से भी रोका। बावजूद कार पूरी तरह से जल गई।

तीन नेत्रों वाले विचित्र बछड़े को दिया जन्म

जसपुर: एक गाय ने तीन नेत्रों वाले विचित्र बछड़े को जन्म दिया है। इस बछड़े को देखने वालों का तांता लगा हुआ है। जसपुर के मोहल्ला भूप निवासी चरन सिंह की मोहल्ला जुलाहान स्थित पशु शाला में रविवार को उनकी गाय ने एक विचित्र बछड़े को जन्म दिया है। इस बछड़े के सिर पर एक गोलाकार कई किलो वजन की आकृति है। इसमें अल्प विकसित तीसरा नेत्र है। जब यह बछड़ा अपनी सामान्य आंखों को खोलने व बंद करने के लिए अपनी पलकों को चलता है तो उसकी उसके अल्प विकसित तीसरे नेत्र की पलक भी उन्हीं के साथ-साथ काम करने लगती हैं। जब से चरन सिंह की गाय ने इस विचित्र बछड़े को जन्म दिया है, तभी से उसे देखने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। परिजन इस बछड़े को बोतल से दूध पिला रहे हैं क्योंकि यह बछड़ा बैठने और खड़ा होने में सक्षम नहीं है।

मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की कारें टकराईं, पांच घायल

खटीमा, अमृत विचार: बरी अंजनियां गांव के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों कारें पलट गईं और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक कार से मां पूर्णागिरि के श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे जबकि दूसरी कार में जा रहे थे। फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के दर्शन कर घर लौट रहे थे। वह पीलीभीत रोड पर स्थित बरी अंजनिया गांव के पास पहुंचे ही थे कि गड्ढों से बचने के प्रयास में सामने से आ रही कार से उनकी कार टकरा गई। इससे कार में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कार में सवार श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे थे जबकि दूसरी कार में श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के दर्शन को जा रहे थे। सूचना पर पहुंची 108 से घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। हादसे में फर्रूखाबाद के कायमगंज निवासी अनिल, अर्चना, सुधाकर तथा फर्रूखाबाद निवासी निशा पाल और सूरज घायल हो गए। घायलों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

ग्रामीणों ने की जाम से निजात दिलाने की मांग

हल्द्वानी/भीमताल। रानीबाग, भुजियाघाट, सूर्यागांव, अमृतपुर, डेहरा, अमिया गांवों के ग्रामीणों ने रानीबाग में जाम को लेकर बैठक की। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह व संचालन आनंद कुंजरवाल ने किया। रानीबाग के उप ग्राम प्रधान पवन साह ने कहा कि प्रतिदिन जाम लगने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। सड़क पार कर हल्द्वानी व काठगोदाम जाना भी मुश्किल हो रहा है।

डिमांड 80 से 90 रुपये में बिक रहा भसिंडा, बरेली मंडी में भसिंडे की मांग बढ़ी

यूपी के लोगों को भा रहा काशीपुर का भसिंडा

- कुंडेश्वरी, दड़ियाल रोड समेत अन्य क्षेत्रों से मंडी पहुंच रहा भसिंडा

करन सिंह, काशीपुर

अमृत विचार : यूपी के लोगों को इन दिनों काशीपुर का भसिंडा काफी भा रहा है। इसके चलते मंडियों से यूपी जाने वाले भसिंडे की डिमांड विगत वर्ष की तुलना में दो गुना तक बढ़ गई है।

वहीं यूपी के बरेली मंडी में भसिंडे की मांग सबसे अधिक बढ़ी है। काशीपुर के भसिंडों की डिमांड बढ़ने से किसानों में खुशी का माहौल है। काशीपुर के कुंडेश्वरी, दड़ियाल रोड, अलीगंज रोड, धकिया गुलाबो समेत कई स्थानों पर बढ़ी संख्या में भसिंडे की खेती की जा रही है। वहीं काशीपुर का भसिंडा यूपी को लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। ऐसे में मंडियों में भसिंडा 80 रुपये से लेकर 90 रुपये तक बिक रहा है।

खेतों में लगी भसिंडे की फसल। ● अमृत विचार

तालाबों की जगह खेतों में तैयार हो रही फसल

काशीपुर। तराई में बड़ी संख्या में किसान भसिंडे की खेती कर रहे हैं। किसान राजेश कुमार ने बताया कि भसिंडे की खेती करना उनका पुस्तैनी कार्य है। पहले तालाबों में भसिंडे की फसल लगाई जाती थी, लेकिन तालाबों के समाप्त होने के बाद खेत में ही भसिंडा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तालाब से अच्छी गुणवत्ता का भसिंडा खेत में तैयार हो रहा है।

नौकरी का झांसा दे महिलाओं से ठगी

संवाददाता, जसपुर

धोखाधड़ी

- युवक अपने कार्यालय में ताला लगाकर फरार, पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर

अमृत विचार: समूह बनाकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी करके एक युवक अपने कार्यालय में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम उमरपुर निवासी महिलाओं काजल रानी, तनुजा, नीतू देवी, पूजा रानी, निमी देवी, प्रीति, नेहा, पिंकी गोयल, आशीष, संजना, सोनी, बबीता ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वे मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती हैं। गांव के ही मक्खन सिंह ने मुन्नी वेलफेयर सर्विस नामक एक समूह बनाकर धर्मपुर चौराहे पर उसका कार्यालय खोला था। आरोपी मक्खन उनका पड़ोसी है। उसने उनसे संपर्क कर कहा कि यदि तुम चार हजार रुपये जमा करोगे तो उन्हें 8 सौ प्रतिमाह के हिसाब से एक-एक बच्चे को पढ़ाने का वेतन मिलता रहेगा और प्रत्येक बच्चे को प्रतिवर्ष एक हजार रुपये वजीफा मिलेगा। उन्होंने पड़ोसी होने के कारण उस पर विश्वास करके चार-चार हजार रुपये जमा कर दिए। उन्हें मार्च 2024 तक 8 सौ रुपये मिलते रहे। इसके पश्चात आरोपी ने माह अप्रैल में कहा कि वे टीचर्स की संख्या बढ़ाएंगे, तब उनका प्रमोशन हो जाएगा और अध्यापकों की संख्या बढ़ने पर उनको फील्ड वर्क में लगाया जाएगा। प्रति अध्यापक बढ़ाने सौ रुपये और मिलेंगे। अपनी आईडी पर तीन-तीन टीचर बढ़ाने पर उनको प्रतिमाह 3,200 रुपये मिलेंगे। माह अप्रैल में उन्होंने अपने-अपने सोने व चांदी के आभूषण बेचकर तथा रिश्तेदारों से उधार मांगकर जैसे-तैसे व्यवस्था करके पूजा रानी ने 20 हजार रुपये ऑनलाइन व नकद मक्खन सिंह के खाते में जमा कर दिए। काजल रानी ने 1 लाख रुपये, तनुजा ने 70 हजार रुपये, नीतू देवी ने 40 हजार रुपये दिए। 5 मई को वह सब मक्खन सिंह के घर पर गईं तो उसके परिवार वालों ने बताया कि वह कहीं बाहर गया है। उन्होंने कहा कि आज के दिन तो हमारा वेतन मिलता है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एचटी लाइन से ट्रक छूने से चालक की मौत खलासी बाल बाल बचा

बहराइच, अमृत विचार। जिले के घाघराघाट स्थित खदान स्थल पर बालू लेने जा रहा ट्रक एचटी लाइन से छू गया। जिससे करंट लगने से चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी बाल बाल बच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघराघाट में बालू खनन का पट्टा जावेद का संचालित है। इस पट्टे से सोमवार शाम को बाराबंकी जिले के राम नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरौली के नामीपुर गांव निवासी बच्ची सिंह उर्फ बबलू (28) खलासी मंजेश के साथ बालू लेने ट्रक से जा रहे थे। बालू बौंडी थाना क्षेत्र के भौंरी गांव जानी थी। चालक ट्रक लेकर बौंडी थाना क्षेत्र के मंसूरपुरवा चौराहे के पास एचटी लाइन से टच कर गया। जिसके चलते करंट लगने से चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी बाल बाल बच गया।

कुत्ते ने बालक समेत तीन लोगों को किया घायल, गुस्साए लोगों ने पीट कर मार डाला

पावर हाउस की मढैय्या में बालक, महिला और एक पुरुष का सीएचसी में कराया उपचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: पॉवर हाउस की मढैय्या में कुत्ते ने बालक सहित तीन लोगों पर हमलाकर घायल कर दिया। एकत्रित लोगों ने कुत्ते को लाठी से पीट कर मार डाला। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को घर भेज दिया।

पॉवर हाउस की मढ़ैय्या में दुर्वंत सिंह अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे उसका पुत्र सात वर्षीय निशांत पास ही में अपनी मां पूनम की दुकान के बाहर खड़ा था। तभी एक कुत्ता आया और बालक के बाये पैर में काट लिया। कुछ आगे

कुत्ते के हमले में घायल बालक को ले जाता युवक। ● अमृत विचार

- निशांत दुकान के बाहर खड़ा था,तभी कुत्ते काट लिया
- बाइक सवार युवक को भी बनाया अपना शिकार

> भीषण गर्मी व धूप से जानवर भी परेशान हैं। जिससे वह खूंखार होते जा रहे हैं। इसलिए अपने बच्चों को कुत्ते व बंदरों से बचाने की आवश्यकता है। इस समय जानवरों को पेट भर भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। सावधानी बरतनी आवश्यक है।
>
> **-डॉ. हरवेंदर सिंह,** प्रभारी, सीएचसी

जाकर इस कुत्ते ने बदायूं चुंगी पर बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया।

बाइक सवार युवक अमन राठौर पुत्र नरेश पाल सिंह निवासी असालतपुर जारई घायल हो गया। इससे पहले मोहल्ले में ही कुत्ते ने महिला गुड़िया पर हमला कर घायल कर दिया। आधे घंटे के अंतराल में कुत्ते ने तीन लोगों पर हमलाकर घायल करने की खबर से आसपास क्षेत्र में हलचल मच गई। कुछ देर बाद आसपास के लोग एकत्र हुए और लाठी-डंडे लेकर कुत्ते को खोजा और लाठियों से पीटकर मार डाला।

नमाज अदा करने से पहले मस्जिद का छज्जा गिरा, 12 घायल

औरैया,एजेंसी: औरैया में बकरीद की नमाज अदा करने से पहले बड़ा हादसा हो गया। मस्जिद का छज्जा गिरने से 12 लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दिबियापुर थाना क्षेत्र की जामा मस्जिद में सोमवार को ईद की नमाज के लिए लोग एकत्र हो रहे थे, तभी मस्जिद का छज्जा गिर गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को निकालकर दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, मस्जिद के छज्जे पर ज्यादा लोग खड़े हो गए, जिससे वह भार सह नहीं पाया और गिर गया। मस्जिद का काफी छज्जा जर्जर हो चुका था। अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

गजराज के हमले में घायल हथिनी की मौत

रामनगर में हथिनी के शव की जांच करते वन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथी शाला में वयस्क हथिनी चंचल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।

बता दें कि 51 वर्षीय हथिनी चंचल पर गजराज हाथी की ओर से हमला कर दिया गया था। जिससे हथिनी का पिछला बांया पैर अन्दर की ओर मुड़ गया था। जिससे वह चलने में असमर्थ हो गयी थी। हथिनी के शरीर पर अन्य जगह भी गम्भीर (गहरे गहरे) घाव/चोटें आयी थीं। उसका उपचार किया जा रहा था। सोमवार को हथिनी की मृत्यु हो गयी। हथिनी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर विसरा व आंतरिक अंगों के सैम्पल को परीक्षण के लिए बरेली भेजा गया है। इस दौरान दौरान दिगन्ध नायक, उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, मनीष जोशी, सहायक वन संरक्षक, डॉ. हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, डॉ. राहुल सती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, डॉ. आयुष उनियाल आदि उपस्थित रहे।

16 जुलाई को थी शादी, ट्रेन हादसे में गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दुखद

- दो महीने बाद दिल्ली से घर लौट रहा था दीपक साहू, मातम में बदलीं खुशियां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अमृत विचार : दिल्ली से दो महीने बाद घर लौट रहे श्रमिक की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। शव की पहचान दीपक साहू (23) पुत्र सुरेश साहू के रूप में हुई है। वह बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के थाना गोपालपुर के महेशरा गांव के रहने वाले थे। मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

मृतक के बड़े भाई राहुल कुमार ने बताया कि दीपक साहू की 16 जुलाई को शादी होने वाली थी। घर में खुशियों का माहौल चल रहा था। बाजार से नए परिधान एवं जेवर आदि की खरीदारी भी शुरू हो गई थी। इस तरह घर में शादी को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही थीं। अब इसके विवाह के कम दिन बचे थे, इसलिए घर वालों ने फोन पर बातचीत कर उसे वापस बुलाया था। लेकिन, दीपक साहू की असमय मौत से घर में कोहराम मच गया है और सारी खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़े भाई राहुल ने बताया कि रविवार को भी दीपक से फोन पर बात हुई थी तो वह बोला था कि घर के लिए निकल रहा है। इसके बाद सोमवार दोपहर को राम प्रसाद ने कॉल कर बताया कि दीपक साहू का ट्रेन एक्सीडेंट हो गया है और उसमें उसकी मौत हो गई है। राहुल ने बताया कि राम प्रसाद उनके साढ़ू हैं वह भी दिल्ली में काम करते हैं। इनके पास आरपीएफ इंस्पेक्टर ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी। दीपक साहू के पास मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों से उसके शव की पहचान हुई थी। राहुल ने बताया कि उनके मृतक भाई के शव का पोस्टमार्टम हो गया है।

बरसाना, वृंदावन में रोप-वे से सुगम होगी पर्यटकों की यात्रा

मथुरा,एजेंसी : घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना और वृंदावन में दो अनूठी रोपवे परियोजना शुरू की है। बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना रोप-वे का प्रायोगिक परीक्षण 18 जून को किया जाएगा। यह रोप-वे पर्यटकों को न केवल रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराएगा, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या से भी उन्हें निजात दिलाएगा। रोपवे सुविधा शुरू होने से अब खासकर बुजुर्गों को लाडली मंदिर आने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि 15.87 करोड़ की बरसाना रोप-वे परियोजना में 12 ट्रालियां होंगी और एक घंटे में 500 से अधिक लोग यात्रा कर सकेंगे। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए ट्राली परिचालन के दौरान बचाव दल के लोग मुस्तैद रहेंगे। सर्वेक्षण के बाद वृंदावन रोप-वे परियोजना की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

दूषित पानी से 30 बकरी और तीन गोवंश की मौत

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के दोसड़का के पास स्थित सोमवंशी ढाबे के सामने सड़क किनारे गड्ढे में भरे दूषित पानी के पीने से 30 बकरी और तीन गोवंशों की मौत हो गई है।मामले में पूरे गरड़ियन शीतला बक्स का पुरवा मजरे अंबारा पश्चिम निवासी रामखेलावन पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी 48 बकरियों को घास-पत्ते आदि खिलाने के लिए गांव से लेकर जंगलों की ओर निकला था। तभी सोमवंशी ढाबे के पास जब बकरियां पहुंची तो गड्ढे में भरा पानी पीने लगी। पानी पी- पीकर बकरियां अचानक जमीन पर गिर गई और उनके मुंह से खून निकलने लगा।थोड़ी देर में ही 30 बकरी मर गई। इसके अलावा वही घूम रहे तीन गौवंशो की भी गड्ढों में भरा दूषित पानी पीकर मर गए। अचानक इतने ज्यादा जानवरों के मर जाने से हड़कंप मच गया । बकरी मलिक रामखेलावन का यह भी कहना है कि शिवाय यूरिया पंप के मालिक ने अपनी मशीनों की धुलाई की थी जिससे यूरिया युक्त पानी सड़क पर फैल गया और उसी पानी को पीकर बकरियां मरी है। लेकिन जिन गड्ढों में भरे पानी को पीकर बकरियों के मरने की बात हो रही है, उन गड्ढों से शिवाय यूरिया पंप दूर है। गड्ढों के समीप श्री श्याम यूरिया पंप स्थित है। जिस यूरिया पंप के मालिक पर आरोप है उनका कहना है कि हमारे यूरिया पंप का किसी भी प्रकार का पानी गड्ढों तक नहीं गया है। गलत आरोप लगाया गया है। वहीं तीन दर्जन के लगभग जानवरों के मरने की खबर पाकर मौके पर पहुंचे सीओ अनिल कुमार सिंह और लालगंज प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कहा कि तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। तभी उनके मरने का सही कारण पता चल पाएगा।

दो मासूम बच्चियों को गोद में लेकर ट्रेन के सामने कूदी मां, दर्दनाक मौत

संवाददाता, बारा/नैनी, प्रयागराज

- मायके जाने की बात कहकर घर से निकली
- पति से फोन पर हुआ था झगड़ा

अमृत विचार: पति के रोज रोज के झगड़े से तंग आकर पत्नी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। सोमवार की शाम वह अपने दो मासूम बच्चियों को गोद में लेकर महिला सारनाथ ट्रेन के सामने कूद गई। इस घटना में तीनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक मृतका अंजना चित्रकूट जिले की रहने वाली थी। सन 2017 में उसकी शादी लालापुर के चिल्ला गौहानी गांव के रहने वाले अभिनेन्द्र उर्फ़ टुनटुन पुत्र राम कैलाश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति अभिनेंद्र मुम्बई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने चला गया। उसके दो भाई भी बाहर ही काम करते हैं। अभिनेंद्र का छोटा भाई करुणेंद्र पुत्र रामकैलाश कोरांव क्षेत्र में काम करता है। सोमवार को वह घर पर आया हुआ था। घरवालों के मुताबिक अंजना और उसके पति के बीच सोमवार की सुबह फोन पर काफी झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर अंजना काफी नाराज और परेशान थी। दोपहर बाद संजना अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके जाने की बात कह कर घर से निकली और जसरा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। उधर थोड़ी ही देर में सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के आते ही वह अपनी दोनों बेटियों समीक्षा 6 वर्ष और स्वेच्छा 3 वर्ष को गोद में लेकर ट्रेन के सामने कूद गई। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची,पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों को सूचना मिली तो वह भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

ससुर राम कैलास ने बताया कि बहू अंजना अपनी दोनो बच्चियों के साथ अकेले घर पर रहती थी। ससुर ने बताया कि वह मायके जाने की बात कह कर अपनी दोनों बच्चियों के साथ घर से निकली थी।सुबह बेटे और बहू में फोन पर काफी झगड़ा भी हुआ था। जिसको लेकर बहू काफी नाराज चल रही थी। सुबह 11:00 बजे घर से निकलने के बाद शाम 5:00 बजे पुलिस ने फोन पर जानकारी दी कि स्टेशन ट्रैक पर लाश मिली है। जिसके बाद मौके पर पहुंचेकर देखा गया तो उसकी बहू अंजना और बहू अंजना और दोनों नातिन समीक्षा (5) और सुरक्षा (4) के शव की पहचान की गई।

फॉर्च्यूनर सवार लोगों ने लोकसभा प्रत्याशी का किया अपहरण

बारा/नैनी, अमृत विचार : यमुना नगर स्थित लालापुर थाना क्षेत्र के मदुरी गांव में झाड़ फूंक कराने गए प्रगतिशील समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी का रुपयों के लेन देन में कुछ लोगो ने फॉर्च्यूनर गाड़ी से अगवा कर लिया। अपहरण की सूचना पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

नैनी थाना क्षेत्र के तिगनौता निवासी अजीत कुमार पटेल (34) अपने मित्र बिपिन मिश्र के साथ मदुरी गांव में झाड़ फूंक कराने आए थे। अजीत का स्ट्रैची रोड सिविल लाइन निवासी सागर उर्फ करन राज से पैसे का लेनदेन का मामला था। सागर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ अजीत को फॉर्च्यूनर गाड़ी में जबरन बैठा लिया। विपिन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गाड़ी को प्रतापपुर तिराहे पर घेर कर पकड़ लिया। सागर उर्फ करन राज निवासी स्ट्रैची रोड सिविल लाइन, नरेन्द्र कुमार मौर्य निवासी हनुमान गं एवं राज सिंह निवासी-नयापुरा को गिरफ्तार कर लिया गया।

अयोध्या में कब्जे को लेकर साधुओं ने व्यापारी पीटा

- व्यापारियों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

अयोध्या, अमृत विचार: अयोध्या में सोमवार को कब्जे को लेकर साधु और व्यापारी भाइयों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि साधुओं ने दोनों भाइयों की पिटाई कर दी। मामला थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत श्रृंगारहाट हनुमानगढ़ी के समीप का है। थाना राम जन्म भूमि इलाके के हनुमान गढ़ी के पास में दुकान की कब्जेदारी के विवाद में साधुओं ने व्यापारी भाइयों को पीट कर मरणासन्न कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले श्री राम हॉस्पिटल में दोनों को इलाज के लिए भर्ती करवाया। बाद में दोनों भाइयों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। पिछले कई दिनों से अयोध्या के विवेक गुप्ता और हनुमान गढ़ी के कुछ नागा साधुओं के बीच दुकान की कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर थाना राम जन्मभूमि में केस दर्ज हुआ था।

आरोप है कि हनुमान गढ़ी के नामजद नागा साधुओं ने एक दर्जन से ज्यादा युवकों के साथ व्यापारी बंधुओं पर हमला किया था। व्यापारी नेता नंद कुमार का कहना है कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो ज्येष्ठ के मंगल को अयोध्या की दुकानें बंद रहेंगी।

व्यापारी कल एसएसपी को सौपेंगे ज्ञापन

व्यापारी विकास व विवेक गुप्ता के ऊपर दुकान कब्जे को लेकर हुए हमले का विरोध करते हुए श्रृगांरहाट मे व्यापारी नेताओ की एक बैठक दोपहर 2 बजे व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।संचालन नन्द लाल गुप्ता ने किया। व्यापारी नेता नन्द कुमार ने घटना की निंदा की। पंकज गुप्ता ने बताया की मंगलवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देगा। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि जल्द गिरफ्तारी नही हुई तो व्यापारी समाज आन्दोलन के बाध्य होगा।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण को गति देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण को गति देगी सरकार
- गोमती किनारे मास्टर प्लान जमीन पर उतारा जाएगा
- परियोजना को पूरा करने की प्रक्रिया हुई शुरू
- एलडीए वित्तीय स्वीकृति के साथ मिला निर्माण का निर्देश

अमृत विचार: राज्य सरकार लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दे रही है। लखनऊ के बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में गोमती नदी किनारे मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल परियोजना को जमीन पर उतारा जा रहा है तथा यहां म्यूजियम समेत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को दी गई है और यहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में, 3 प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 21.07 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़, तथा दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस प्रकार, कुल 138 करोड़ की धनराशि में से 72.7 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। फिलहाल, वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृतियों के जरिए परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों को तेजी प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शराब के नशे में गालीगलौज करने वाला हेड कांस्टेबल को किया गया निलंबित

बरेली कार्यालय, अमृत विचार : कैंट थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल रविन्द्र सिंह को शराब के नशे में लोगों के साथ गालीगलौज कर बदसलूकी करने के आरोप में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। एसएसपी के मुताबिक हेड कॉन्स्टेबल रविन्द्र सिंह की 15 जून को थाना मोबाइल पर हमराह ड्यूटी प्रभारी निरीक्षक जेएन पांडे ने लगाई गई थी। आरोप है कि रविंद्र सिंह अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं था और शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज कर बदसलूकी कर रहा था। मौके पर दरोगा नरेन्द्र सिंह पहुंचे तो रविंद्र सिंह नशे में मिला और अश्लील शब्दों का इस्तेमाल कर रहा था। उसका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। उसे निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है।

जंक्शन पर गर्मी से दो महिलाओं की बिगड़ी हालत

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर रविवार देर रात दो बुजुर्ग महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। जीआरपी ने एंबुलेंस से दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल भेजा। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार देर रात जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत बिगड़ गई है। यात्रियों ने महिलाओं को होश में लाने के लिए हवा दी और पानी पिलाया।

आंवला सीट पर भाजपा के कमजोर प्रदर्शन की तलाशी जाएगी वजह

बरेली कार्यालय

- पार्टी की हार की वजह जानने के लिए संगठन ने दो पर्यवेक्षकों को किया नियुक्त

अमृत विचार : आंवला संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव में हुई हार की वजह जानने के लिए पार्टी हाईकमान के आदेश पर दो पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है। दोनों पर्यवेक्षक बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मंथन कर सकते हैं। कार्यकर्ताओं से फीड बैक के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर संगठन को सौंपी जाएगी।

आंवला लोकसभा सीट से भाजपा के दो बार के सांसद रहे धर्मेंद्र कश्यप की सपा के नीरज मौर्य से 15 हजार से अधिक वोटों से हार हुई। हार की क्या वजह रही ? प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री की जनसभाओं के बाद भी पार्टी का प्रत्याशी क्यों नहीं जीत पाया, ऐसे सवालों को साफ करने के लिए प्रदेश संगठन ने कारणों की तलाश के लिए पर्यवेक्षक को भेजा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा क्षेत्र में इस बात का पता लगाने का आदेश दिया है कि पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षाकृत क्यों नहीं रहा और कारणों की तलाश कर 20 जून तक रिपोर्ट संगठन को देने के लिए कहा गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कानपुर की महिला विधायक नीलम कटियार, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया को आंवला लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। दोनों पर्यवेक्षक बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी के हार के कारणों वजह जानने की कोशिश करेंगे। सोमवार को पर्यवेक्षकों ने बदायूं में बैठक कर हार की वजह की समीक्षा की है।

ई-कंटेंट से पढ़ेंगे जीआईसी के छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कालेजों से विषय विशेषज्ञों को चुनकर बनाई जाएगी टीम
- पाठ्यक्रम के बेहतर नोट्स और सामग्री बच्चों को होगी उपलब्ध

अमृत विचार: राजकीय इंटर कालेजों (जीआईसी) में नए सत्र से बच्चों को कोर्स की तैयारी में ई-कंटेंट की सुविधा मिलेगी। अपने अभिभावक के मोबाइल फोन पर बच्चे पाठ्यक्रम से जुड़े नोट्स हासिल कर सकेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए विषय विशेषज्ञों की टीम बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस टीम के लिए जीआईसी से विषय विशेषज्ञों का चुनाव हो रहा है।

शिक्षा विभाग की ओर से इस बार राजकीय इंटर कालेजों में नया प्रयोग किया जा रहा है। विभाग बच्चों के लिए ई-कंटेंट तैयार करा रहा है। यह ई-कंटेंट स्कूल के शिक्षक ही छात्रों के लिए तैयार करेंगे। हाईस्कूल और इंटर की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए यह विशेष प्रयास होगा। इनमें विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, इतिहास जैसे विषयों को शामिल किया गया है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह कंटेंट परीक्षार्थियों को हर सप्ताह उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों की ओर से दिए गए कंटेंट से परीक्षार्थियों को विशेष तैयारी भी कराई जाएगी। परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों को ई-कंटेंट की सुविधा पर काम चल रहा है। जीआईसी से विषय विशेषज्ञों के नाम मांगे गए हैं। नए सत्र के पहले सप्ताह से इसकी सुविधा बच्चों को मिलनी शुरू हो जाएगी।

अन्य स्कूलों को लाभ

जीआईसी के लिए बनाए गए ई-कंटेंट को यदि अन्य स्कूल मांगेंगे तो उन्हें भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा ऐसे स्कूल जहां पर किसी विषय के शिक्षक की कमी है वहां पर भी टीम की ओर से उपलब्ध कराए गए इन नोट्स से बच्चों को सुविधा मिल सकेगी। अन्य कक्षाओं में इस सुविधा का लाभ दिए जाने के लिए स्कूलों से रिपोर्ट मांगी गई है। स्कूल जिन विषय की अधिक मांग करेंगे, उस पर कंटेंट बनाने का काम किया जाएगा।

तीन सौ बेड अस्पताल में हैंडपंप से पानी खींच रहे हैं डॉक्टर

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में पानी का संकट चार दिन से बरकरार है। यहां आवासों में रहने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों के परिवारों के लिए परिसर में लगा एकमात्र हैंडपंप ही पानी की जरूरत पूरी करने का सहारा रह गया है, जिस पर दिन भर लाइन लगी रहती है। कुछ डॉक्टर भी इसी हैंडपंप से काम चला रहे हैं तो कुछ पानी की सप्लाई बहाल होने तक कहीं और रहने चले गए हैं।

अस्पताल में लगी मोटर भूगर्भ जलस्तर नीचे चले जाने से पानी नहीं खींच पा रही है। नगर निगम के जलकल विभाग ने बोरिंग गहरा कर दो और पाइप डालने को कहा था लेकिन अब तक यह काम नहीं हुआ है।

खेत में मिला अधेड़ का अर्धनग्न शव, चेहरे पर चोट के निशान

ऊंचाहार, रायबरेली। सोमवार की दोपहर बाद एक सुनसान खेत में अधेड़ का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई । औंधे मुंह पड़े शव के चेहरे पर चोट के निशान है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या करके शव फेंके जाने की संभावना जताई जा रही है।

घटना एनटीपीसी गेट नंबर 2 के सामने गंदा नाला पुल से जुड़े हुए एक सुनसान खेत का है। सोमवार को तापमान काफी अधिक था। इसलिए दिन भर लोग घर में दुबके रहे। शाम को जब तापमान घटा तो लोग घर से बाहर निकले ।इस बीच लोगों ने देखा कि सुनसान खेत में झाड़ियों के पास एक अधेड़ का अर्धनग्न शव पड़ा हुआ है । शव देखते ही आसपास सनसनी फैल गई ।लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब शव को पलटा तो देखा कि उसके चेहरे पर चोट के निशान है । मुंह और नाक से खून बह रहा था । शव की शिनाख्त कराने की कोशिश कराई गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अधेड़ का शव मिला है। शव की पहचान कराए जाने की कोशिश की जा रही है।

कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली

पत्रांक : 490-710 **विज्ञप्ति** दिनांक : 14 जून 2024

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यू भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बरेली के लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर (0581) 2421561 तथा मो.नं. 9454465646, 9454465600 एवं निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर तत्काल सूचना दें :-

1.	9454466468	सदर तहसील की सूचना हेतु
2.	9454466469	सदर तहसील की सूचना हेतु
3	9454466470	सदर (कैण्ट) तहसील की सूचना हेतु
4.	9454466471	आंवला तहसील की सूचना हेतु
5	9454466737	फरीदपुर तहसील की सूचना हेतु
6.	9454466472	बहेड़ी तहसील की सूचना हेतु
7.	9454466740	नवाबगंज तहसील की सूचना हेतु
8.	9454466473	मीरगंज तहसील की सूचना हेतु

प्राप्त सूचना पर ठोस कार्यवाही की जायेगी तथा सूचना देने वाले का नाम/पता गोपनीय रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी बरेली — जिलाधिकारी बरेली

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयम : ।
अहिंसा गुरुसेवा च नि :श्रेयसकरं परम् ॥

विद्याभ्यास, तपस्या, ज्ञान और इंद्रियों के संयम के माध्यम से विद्या प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा और गुरु की सेवा ही सर्वोत्तम कार्य है।

संपादकीय

रेलवे सुरक्षा का मुद्दा

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे सुरक्षा का मुद्दा जांच के दायरे में आ गया है। इस दुर्घटना ने भारतीय रेलवे प्रणाली के भीतर सुरक्षा उपायों में खामियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रेल हादसे में एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस ट्रेन के पिछले के चार डिब्बे और कंटेनर ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और घायल हुए। शुरुआती संकेत से पता चलता है कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन सकती है। रेलवे कर्मचारियों में पर्याप्त प्रशिक्षण और संचार कौशल का भी अभाव पाया जाता है, जो उनके प्रदर्शन और समन्वय क्षमता को प्रभावित करता है। मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, उपकरणों, प्रणालियों, सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं के संबंध में नियमित एवं व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस घटना ने यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि भारतीय रेलवे उन सभी के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद हो जो इसका उपयोग करते हैं। ट्रेन को आपस में टकराने से बचाने के लिए भारत ने स्वदेशी कवच सिस्टम बनाया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।

यह कार्यात्मक कवच प्रणालियों से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद पांच किलोमीटर की सीमा के भीतर सभी ट्रेनें आसन्न पटरियों पर ट्रेनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रुकेंगी। कवच प्रणाली से रेल पटरियों पर ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। योजना के अनुसार कवच प्रणाली को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रति दिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर करते हैं। हादसे में यात्रियों व रेलकर्मी की मौत ने ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा तंत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे में सभी स्तरों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही रेलवे संचालन के हर पहलू में सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करें।

अनियमितताओं की वेदी पर युवाओं का भविष्य

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं । वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था । वर्ष 2014 में , मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी ।

युवा राष्ट्र के मेरुदंड हैं। बीते वर्ष यही युवा वर्ग उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरणों के विरुद्ध मुखर हुआ था, कुछ माह पूर्व यही युवा वर्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर परीक्षा धांधली के विरोध में अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा था। ज्यादा समय नहीं बीता है जब यही युवा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र के लिए भी मुखरित हुआ था। व्यापम घोटाले के सामने आने पर भी यही युवा मुखरित हुआ था और आज फिर से भारत में प्रतिवर्ष सबसे ज्यादा उम्मीदवार जिस परीक्षा में बैठते है उस नीट (यूजी) के संदर्भ में भी यही परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, लेकिन इन सबके बीच एक सकारात्मक बात यह है कि वर्तमान भारत के युवाओं ने प्रतिरोध के रास्तों को बखूबी समझा है और आज का युवा सड़कों में हल्लाबोल और विरोध प्रदर्शन से अधिक अदालती कार्यवाही के माध्यम से न्याय की तरफ आगे बढ़ता दिख रहा है।

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए। इस परीक्षा का परिणाम वैसे तो 14 जून को प्रस्तावित था लेकिन जब पूरा देश चुनावों के रुझानों को देखने में व्यस्त था उसी समय इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणामों में अनियमितताएं देखी गई। विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनेक रिट इस संदर्भ में दायर ही चुकी हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

नीट के प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होते हैं, जिसमें एक प्रश्न के लिए प्रत्येक सही उत्तर का भार 4 अंक होता है, इसलिए कुल अंक 720 होते हैं। गलत उत्तरों के लिए 4 अंक काट लिए जाते हैं। नीट परीक्षा के परिणाम आने के बाद यह देखने को मिला कि कुछ बच्चों को 720 में से 718 और 719 नंबर मिले हैं जो कि किसी भी तरह संभव नहीं है और इन्हीं पर सवाल उठने के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने की बात मानी थी। बिना किसी

> देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए।

पूर्व सूचना के ग्रेस मार्क्स देने की यह परंपरा अपने आप में ऐतिहासिक थी। अभी तक प्राप्त सूचना अनुसार नीट परीक्षा में बैठने वाले 1563 छात्रों को इस बार ग्रेस मार्क्स मिले हैं। एनटीए पर जब सवाल उठे तो उसने यह माना कि इस बार उसने छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए हैं क्योंकि कई जगह एग्जाम देरी से शुरू हुआ था। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो एनटीए ने यह मान लिया कि ग्रेस मार्क्स देना गलत था। पहले यह विवाद केवल ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तक सीमित था लेकिन बिहार और गुजरात पुलिस ने एक ऐसे घोटाले का खुलासा किया जिसके कारण आज पेपर लीक की संभावनाओं को भी बल मिला है।

तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु सेंटर हाईजैकिंग का है। इस वर्ष कुल 67 बच्चों के 720 में से 720 अंक आए हैं। आज तक के मेडिकल परीक्षा के इतिहास में यह पहला ऐसा क्षण है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में 6 बच्चों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं। ये ऐसे बच्चे हैं जिनको परीक्षा व्यवस्थाओं में कमी के चलते ग्रेस मार्क्स दिए गए। एक ही सेंटर और उसमें भी एक ही कक्षा से इस तरह का परिणाम अप्रत्याशित है वहीं गुजरात के गोधरा के जलाराम स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाने के आरोप सिद्ध होते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सेंटर में गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अपने प्रदेश को छोड़कर गुजरात के गोधरा के इस सेंटर में जाकर परीक्षा देने की बात भी संदेह पैदा करने वाली है। ऐसा नहीं है कि भारत में इस तरह की घटनाएं पहली बार सामने आ रही हैं। अक्टूबर 2014 में, पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा का भौतिकी का पेपर रद करना पड़ा। बोर्ड ने परीक्षा को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया। अप्रैल 2016 में, कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड (केएसईईबी) ने पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद विज्ञान का पेपर रद कर दिया।

मार्च 2017 में, बड़े पैमाने पर नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के लिए इंटरमीडिएट परीक्षा रद कर दी। वर्ष 2018 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र परीक्षा के दौरान एक पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिससे देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए थे। वर्ष 2019 में, सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एनबीएसई) को अंग्रेजी और वैकल्पिक अंग्रेजी के लिए कक्षा 12 की परीक्षा बीच में ही रद करनी पड़ी थी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी। वर्ष 2015 में, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिसके कारण परीक्षा रद कर दी गई और परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया गया। वर्ष 2015 में, असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पेपर लीक प्रकरण सामने आया था। वर्ष 2016 में, नागालैंड सिविल सेवा परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ और दोबारा परीक्षा की मांग की गई। फरवरी 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों से हिल गया था, विवाद के कारण अंततः परीक्षा रद कर दी गई और पुनर्निर्धारित की गई। सितंबर 2018 में, पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी।

दिसंबर 2018 में ही पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी। मार्च 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने पेपर लीक और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट के बाद संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की टियर-1 परीक्षा रद कर दी थी।

उत्तराखंड में तो एक पूरी श्रृंखला पेपर लीक प्रकरणों से संबंधित हमारे सामने आई। ऐसे अनेक उद्धरण शोध करने पर हमको अभी और मिल सकते हैं जिन्होंने युवाओं की मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर कुठराघात किया है।

ऐसा नहीं है कि अतीत की प्रश्नपत्र लीक होने वाली घटनाओं से सीख नहीं ली गई है। फिर भी आज वह समय आ गया है कि इस विषय पर जन पटल पर परिचर्चा हो कि परीक्षा केंद्रों को किन आधारों पर संबद्ध किया जाता है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षाकेंद्र संबद्ध हो जाते हैं जहां अलग कमरे में बैठा के पेपर लीक कराया जाता है? किन आधारों पर एक राज्य में प्रतिबंधित एजेंसी को दूसरे राज्य में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति मिल जाती है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षा केंद्रों को संबद्ध किया जाता है जहां बाहर से परीक्षा देने आए छात्रों के बैग रखने और चिलचिलाती गर्मी में पंखे तक की व्यवस्था नहीं होती?

किन आधारों पर ऐसे केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है जहां स्नातक डिग्री के आधार पर परीक्षा दे रहा छात्र कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चे के टेबल-कुर्सी में बैठकर परीक्षा देता है? 2 घंटे की परीक्षा में जहां दशमलव का भी महत्व होता है वहां इन भौतिक कमियों को आज के समय में तो हम दरकिनार कर ही नहीं सकते। इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रम में उत्तरदायी लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और सीबीआई जांच द्वारा ऐसे कृत्यों के सच को सामने लाया जाए।

प्रसंगवश

लड़ाई या परस्पर व्यक्तियों का द्वंद्व

आजकल बड़ी चर्चा है कि आरएसएस भाजपा से नाराज है। हालांकि इस नाराजगी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करना होगा कि यह एक संगठन के भीतर आनुषंगिक संगठनों की लड़ाई है या यह व्यक्तियों का परस्पर का द्वंद्व है। दरअसल, नवउदारवादी शक्तियां बड़ी ही होशियार होती हैं। वे आपस में ही प्रतिपक्ष बन जाती हैं और खूब शोरगुल मचाती हैं और इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिपक्ष को, उसके सवालों को नेपथ्य में धकेल देती हैं। लोगबाग समझते हैं कि देखो, मोदी के अहंकार को कोस रहे हैं। फलां जी, भाजपा को सुधरने की नसीहत दे रहे हैं, अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों और शिंदे जैसे अवसरवादियों से पींगे बढ़ाने पर भी सर जी बेहद नाराज हैं। और हां, भाजपा के वाशिंग मशीन बनने पर भी नाराजगी जताई है उन्होंने। लो जी, जो सवाल दूसरे लोग उठाते वे घर में ही उठने लगे तो जनता का ध्यान घर के आपसी विवाद पर ही अधिक जाने लगा। परिचर्चा करने वाले पत्रकार बंधुओं को भी मसालों की नई छौंक मिली। यह सवाल अपनी जगह रह गया कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को खुद में शामिल कर उन्हें एजेंसियों से राहत दिलवा देना, बहुधा क्लीन चिट दिलवा देना इस देश की न्याय व्यवस्था और जनता से कितना क्रूर मजाक है। पक्ष और प्रतिपक्ष में क्या तलाशना, घर में ही नायक, प्रतिनायक, खलनायक आदि की पहचान कर लो और माफ कर दो उस घर को।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

कौन नहीं जानता कि आरएसएस, जो कभी सांस्कृतिक सवालों को लेकर आगे बढ़ा था, समय के साथ कॉरपोरेट नेशनलिज्म का पहरुआ बन गया?

जेपी नड्डा ने चुनाव के पहले जो कहा वह भी इसी मनोविज्ञान से प्रेरित है जिसका स्पष्ट लब्बोलुबाब यही था कि मोदी शाह की जोड़ी सक्षम है, हर चुनौती को झेलने के लिए। तब किसी की बोली नहीं फूटी। जब चुनौतियों के सामने यह जोड़ी कुछ निस्तेज नजर आने लगी तो एकबारगी कई स्वर फूटने लगे। राजनीति बड़ी ही उलझी हुई चीज है। वह भी तब, जब यह कारपोरेट शक्तियों की दासी बन जाए और उन शक्तियों के भी आपसी हित भीतर ही भीतर टकराने लग जाएं।

सरकार के सामने मुख्य चुनौतियां

जनसंख्या विस्फोट से देश के सामने विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से मुक्ति पाना वर्तमान की सरकारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जनसंख्या विस्फोट के कारण देश में मानवीय गतिविधियों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापमान वृद्धि, बेरोजगारी, मंहगाई आदि समस्यायें प्रतिदिन- प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही हैं। जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के साथ कृत्रिम संसाधनों की ओर बढ़ने से देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लगातार प्राकृतिक/खनिज/ भूमि संपदाओं के दोहन से, कृषि योग्य भूमि के कटान से, सीमेंट-डामर आदि के प्रयोग से भौतिक सुविधाओं के निमित्त पेड़-पौधों के कर्तन से लगातार तापमान वृद्धि हो रही है, सशक्त कानून न होने से घर-कार्यालय-गाड़ियों में एयरकंडीशन के बढ़ते प्रयोग से तथा वनों में लगने वाली आग के कारण 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है, सैकड़ों लोग गर्मी की चपेट में आने से अकाल मृत्यु को प्राप्त कर चुके हैं जो चिंताजनक विषय बन चुका है।

तापमान वृद्धि को रोकने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण पर सशक्त कानून बनाना, सड़क मार्ग बनाने में कटने वाले पेड़ों के स्थान पर उतने ही पेड़ों का सड़क किनारे पालन पोषण करने के लिए टेंडर जारी करते वक्त ही ठेकेदार या संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिए सरकार की गारंटी के अधीन लाना ही होगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान योजना का उचित क्रियान्वयन न होने से निर्धन-

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

> आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है।

असहाय व्यक्ति अपमानित और शोषित होने की खबरें मिलती रहती हैं जिसके लिए भी संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा एवं समस्या है जिसको हर युवा वर्ग अनुभव करते आया है इसको देखते हुए एवं समान वितरण को बढ़ाने के लिए नव गठित सरकार को विशेष उपाय करने होंगे। आज देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता भी भविष्य के लिए एक समस्या के रूप में सामने है।

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है। निःशुल्क राशन से वह आत्मनिर्भर के स्थान पर पूर्णतः सरकार पर निर्भर हो गया और जिस कारण बंजर पड़ गए खेतों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा नुक़सान होना और व्यापक राजस्व घाटा होना सर्वविदित है। गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के निमित्त कुछ प्रतिमाह धनराशि देना उचित माना जा सकता है।

बिगड़ती हुई अर्थव्यवस्था में राजनेताओं एवं देश के उच्च पदों में पदासीन जनों के विभिन्न भोग विलासितापूर्ण खर्चों को सीमित करना भी सरकार की एक सकारात्मक पहल के साथ अभिनव पहल होनी चाहिए।

किसानों की उत्पादित वस्तुओं के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए मजबूत कानून बनाना। सब्जी, फल, अनाज आदि का एमएसपी निर्धारित करना भी नवगठित सरकार की सर्वोच्च भूमिका में होना चाहिए। राजनेताओं को एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को मिलने वाली सुविधायें और जितनी बार विधायक-सांसद बने उतनी बार की पेंशन योजना भी इस देश के लिए अभिशाप है इसमें भी मोदी सरकार को कानून बनाना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे को देखते हुए पुरानी पेंशन के विषय में भी विचार करना चाहिए।

सरकारी कामों में तथा सांसद-विधायक निधियों के अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है केवल पांच वर्ष में ही एक जनप्रतिनिधि की आय-संपत्ति पचास- सौ गुना बढ़ जाना इस भ्रष्ट तंत्र का परिचायक है। संबंधित जनप्रतिनिधि की अगले पांच वर्षों में सकल आय का परीक्षण होने का कानून भी बनना ही चाहिए। देश में समान शिक्षा विषय स्वतंत्रता के पश्चात् ही चलते आया लेकिन आजतक किसी भी सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयास नहीं किए। 2020 की नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से कुछ आशा की किरणें जग रही थी लेकिन अभी तक केन्द्र/ राज्य सरकारों ने इस विषय में जागरूकता कम ही दिखाई है। देश की जनता को एकमत होकर इन मुद्दों पर जागरूक होना चाहिए।

सोशल फोरम

देश का राजनीतिक परिदृश्य

इस समय देश का राजनीतिक परिदृश्य जनता के लिए और जनतंत्र के लिए जितना मुफ़ीद है, मेरे होश संभालने के बाद से उतना कभी नहीं रहा। सभी की ढोल में पोल उजागर हो गई। सभी को सभी के दांव अयां हो गए। बेपेंदी के लोटे, बदनीयत मुद्दे, बेबुनियाद आरोप भूलुंठित हो गए। सभी का फूला हुआ आत्मविश्वास पिचक गया। सभी को लग गया, न बड़बोलापन काम आएगा, न कुल ख़ानदान, न आज़ादी की लड़ाई का श्रेय, न धर्म और जाति का ध्रुवीकरण। अब हर क़दम फूंक-फूंक कर रखना पड़ेगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

लोगों को विरोधियों की ताक़त पर इतना भरोसा और अपनी ताक़त पर इतना संदेह कभी नहीं रहा। अपना-अपना दूषित लक्ष्य पूरा होने का भरोसा किसी को नहीं रहा। भारतीय जनता इतनी होशियार और अबूझ हो सकती है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं रहा। थोड़ा सच और ढेर सारा झूठ मिलाकर, गंभीर से गंभीर आरोप गढ़ने की क़ाबिलियत चारों खाने चित हो गई। सब्र और ज़िम्मेदारी-पूर्ण आलोचना के, जो भारतीय जनतंत्र की शब्दावली से उड़नछू हो गई थी, लौटकर आने की उम्मीद इतनी प्रबल कभी नहीं रही। शीशे की तरह साफ़ हो गया कि विपक्ष के लिए एकजुट होने या ख़त्म हो जाने के बीच कोई तीसरा विकल्प नहीं रह गया।

महान प्राचीन भारत का भव्य और दिव्य और झलमल करता गौरव हमेशा के लिए कांतिविहीन हो गया। सदियों के अन्याय के प्रतिकार का पवित्र सोमरस गड्ढे का पानी साबित हुआ। प्रशासनिक असफलताओं को घोलकर अदृश्य कर देने वाली राजनीतिक पूंजी और गुप्त चुनाव बांड से अर्जित आर्थिक पूंजी की वही दुर्गति हुई जो नोटबंदी के बाद पुराने नोटों की हुई थी।

सबसे बड़ी बात, लोगों को विकल्प का आभास हो गया। विकल्प के अभाव में आदमी कुछ भी कर सकता है। विकल्पहीनता मनुष्य को ही नहीं, जनतंत्र को भी आत्महत्या के कगार तक पहुंचा देती है। आशा, बल्कि विश्वास है कि विकल्पहीनता की इस शवयात्रा के बाद अब नए अंकुर उगेंगे, नए फूल खिलेंगे।

-फेसबुक वॉल से

हाई-एल्टिट्यूड पर मौत से बचें



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

> आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है।

तजुर्बाविहीन और नौसिखिये लोग जो एक्सप्लोरर, टूरिस्ट्स और दंभ करने वाले युवा में से कोई भी होते हैं जब हाई एल्टिट्यूड पर बिना तैयारी और मेडिकल एडवाइस के जाते हैं तो ज्यादातर मुसीबत में ही पड़ते देखे गए हैं। तीन से पांच हज़ार मीटर की ऊंचाई पर कोई ख़ास दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे ही 5 हज़ार मीटर से ऊंची जगह पर जाते हैं तब सर दर्द, उल्टी और आधा-शीर्ष में दर्द और दिमाग में धमाके शुरू हो जाते हैं। सबसे बेहतर तो होता है नीचे के एल्टिट्यूड पर व्यक्ति को ले आना। हाई एल्टिट्यूड पर ऑक्सीजन की कमी से हाय्पोपॉक्सिया और एक्यूट माउंटेन सिकनेस होती है। हाइपरटेंशन, डायबिटिक, हृद-वाहिकीय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को हाई एल्टिट्यूड पर कभी नहीं जाना चाहिए। हाई एल्टिट्यूड पर जर्नी कैसे की जानी चाहिए, यह समझना महत्वपूर्ण है।

एक ट्रेंड व्यक्ति के लिए ख़ास मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब मैदान से उठकर हवाई जहाज या हेलीकाप्टर से सीधा ही चंद घंटे में हाई एल्टिट्यूड पर आते हैं और तुरत बाहर निकलकर घूमना शुरू करते हैं और चढ़ायी भी करते हैं, पैदल ही हैं और बहुत तेज़ी से 15, 20 और 30 किलोमीटर तक 1000-2000 फुट ऊंचाई पर जाने के लिए चढ़ते रहते हैं, जोश में हिम्मत दिखाने के चक्कर में पड़ते हैं तो वास्तव में ही ऐसे शेखीखोर लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। नीचे के एल्टिट्यूड पर तो इबुप्रोफेन की 10 एमजी की टेबलेट ही डॉक्टर रेकमेंड करते हैं, लेकिन 4500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अनुकूलन की प्रक्रिया (एक्लाइमेटाईजेशन) से गुज़रे बिना ही अगर कोई पैदल घूमना या चढ़ाई करना शुरू कर दे तो भी जान को बहुत ख़तरा होता है। अगर जिद करके कोई चढ़ाई करना चाहे तो अधिसंख्या में ऐसे लोगों की मौत हो सकती है जो अनुकूलन की प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं। दिल्ली या चंडीगढ़ से फ्लाइट लेकर अगर कोई लेह उतरे तो उसे 72 घंटा के लिए रेस्ट पर डाल दिया जाता है ताकि एक्लाईमेटाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसका फिजियोलॉजिकल मैकेनिज्म बहुत पेचीदा है जो कि ऑक्सीजन सप्लाई और हार्ट की कार्य प्रणाली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें हार्ट-लंग और आर्टेरियल रिसेप्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है और दवा आदि से इनकी निष्क्रियता को चालू करने या बेढंगी चाल पर नियंत्रण में करने पर बहुत खोजबीन हुई है। 50 वर्ष में हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी विषय पर भारत में ही बहुत शोधकार्य हुआ है। इस शोध क्षेत्र में अधिकांश कार्य का श्रेय प्रोफेसर औतार सिंह पेंटल और इनकी सहयोगी डॉ. असीमा आनंद की जोड़ी को है। इनके शोधकार्य की लिस्ट दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज के पिछले बीस साल के काम से भी अधिक है। उक्त शोधकार्य के आधार पर डीआरडीओ ने ऊंचे हिमालय में भारती डिफेन्स फोर्सेज के जवानों और अफसरों के अलावा एन्टार्क्टिक क्षेत्र में स्थापित रिसर्च स्टेशन 'इंदिरा पॉइंट' पर रहने वाले साइंसदानों और तकनीशियन्स के लिए जिस तरह के निवास, वस्त्र, खाद्य सामग्री और अन्य सहायक टेक्नोलॉजीज का विकास और निर्माण किया है वह विश्व स्तर की हैं। यह सब कोल्ड रीजन रिसर्च कहलाता है। इस बाबत रिसर्च के जरिए से प्रोफेसर पेंटल ने ही फेफड़ों में जक्स्टापोज़्ड रिसेप्टर्स (जे-रिसेप्टर्स) को सर्वप्रथम खोज कर इनकी भूमिका को तय किया था। भारत के विख्यात न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट प्रो. औतार सिंह पेंटल ने मुझे सन 1991 के आसपास बताया था कि इस मामले में मैदान के लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया था कि हाई एल्टिट्यूड ब्रेन को हार्ट और लंग से खतरे के सिग्नल्स मंद पड़ने की वजह क्या हैं। एट्रीयल-बी और वेंट्रीक्युलर प्रेशर रिसेप्टर्स की भूमिका को डॉ. पेंटल ने ही तय किया और यह पता लगाया कि हाई-एल्टिट्यूड पर मैदान से जाने वाले लोगों को ऐसा क्यों होता है।

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है। यह सिलेबस का अब हिस्सा है। डॉ. पेंटल ने व्यक्तिगत तौर से इस बाबत बताया था कि गर्दन के दोनों और कैरोटिड आर्टरी की कांस्ट्रिक्शन होने से संदेश मस्तिष्क तक नहीं पहुंचता और व्यक्ति की 'सडन डेथ' या कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। इसलिए हाई-एल्टिट्यूड पर जाने से पहले जोखिम न लें और तीर्थयात्रा के अधिक चक्कर में न पड़ें। खुद को स्वस्थ समझने वाले व्यक्ति भी सरकारी अस्पताल से फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट से अपने शरीर की विभिन्न क्रियाओं की जांच करवाकर, सर्टिफिकेट लेकर ही हाई-एल्टिट्यूड की यात्रा करें। डॉ. पेंटल के मुताबिक पैदल चढ़ाई बिलकुल ही धीमी गति से जैसे कि 3 घंटा में एक किलोमीटर ही करें और बीच में रेस्ट करते हुए चढ़ें। खुद चिकित्सा न करें क्योंकि एक ख़ास ऊंचाई के बाद सर दर्द या आधा सर में दर्द से छुटकारा पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के ली गई इबुप्रोफेन या दर्दनिवारक दवा भी घातक हो सकती है। निफेडीपिन तो कभी बिना डॉक्टरी सलाह के लेनी ही नहीं होती क्योंकि एक तो यह शेड्यूल्ड ड्रग है और दूसरा, इसे कार्डियोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के लिए सुयोग्य डॉक्टर या सर्जन ही प्रेस्क्रायिब करते हैं।

बूंद-बूंद को तरसेंगी भावी पीढ़ियां

हमारे देश में असंख्य लोग पेयजल संकट से जूझते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और बिहार तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पानी की किल्लत है। पूर्वी भारत में झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हाल ही में आई एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में जल संकट का गंभीर ख़तरा है। वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से जिलों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे। उस समय तक देश में पानी की मांग में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं। अनेक सरकारी और गैरसरकारी प्रयास भी किए गए हैं, किन्तु कोई भी स्थायी व टिकाऊ समाधान नही हो सका है।

जल जीवन मिशन में जमीनी स

युवक ने युवती और खुद को गोली मारी, दोनों की मौत

मेरठ,एजेंसी : जिले के पंचगांव पट्टी अमर सिंह गांव में रविवार की रात एक युवक ने एक युवती के घर में घुसकर उसे गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक युवक का नाम मनीष (25 है जबकि युवती का नाम विधि (21) है जो युवक के पड़ोस में रहती थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि रात करीब दो बजे थाना भावनपुर पुलिस को सूचना मिली कि पंचगांव पट्टी में एक युवक ने युवती के घर में घुसकर उसे गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। भावनपुर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि युवक के घरवालों ने हाल ही में उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, जबकि वह शादी करना नहीं चाहता था। संभवतः इसलिए उसने युवती की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली।

अकांउटेंट ने प्रेशर कुकर से पत्नी का चेहरा कूंचकर ले ली जान

पत्नी की हत्या करने के बाद खुद आत्महत्या करने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेदांता अस्पताल में स्टाफ नर्स थी नितिन की पत्नी आयुषी

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अवध विहार योजना में सोमवार को एक अकांउटेंट ने प्रेशर कुकर से पत्नी आयुषी (28) का चेहरा कूंच उसे मौत के घाट उतार दिया। पत्नी के हत्या करने के बाद उसे घर में फंदा लगाकर खुदकुशी करने का भी प्रयास किया। हालांकि, किसी तरह पड़ोसियों इस बात की भनक लगी तो उन्होंने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया है। वहीं, मृतका के परिजन हत्यारोपी पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। मूलरूप से सीतापुर जनपद के महोली थानाक्षेत्र निवासी नितिन एक रियल एस्टेट कंपनी में अकांउटेंट है। पत्नी आयुषी के साथ वह अवध विहार योजना में किराए के मकान में रहता था। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि आयुषी मेदांता अस्पताल में बतौर स्टाफ नर्स थी। सोमवार दोपहर दंपती के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद नितिन ने गुस्से में आकर प्रेशर कुकर से पत्नी के सिर पर तबाड़तोड़ वार दिया। जिससे आयुषी की मौके पर ही मौत हो गई। आयुषी की चीख-सुनकर पड़ोसी उसके घर पर पहुंचे। जहां पड़ोसियों ने महिला को फर्श पर लहूलुहान अवस्था में पाया तो वहीं नितिन को घर में फंदा लगाते रोक लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि एक वर्ष पूर्व नितिन ने आयुषी से शादी की थी। प्रथम दृष्टया में परिवारिक विवाद चलते अकाउंटेंट नितिन ने पत्नी आयुषी की हत्या करने के बाद खुदकुशी करने की कोशिश की है। हत्यारोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण भी स्पष्ट होगा। सूत्रों की मानें तो पत्नी के प्रेम-सम्बन्धों के शक में पति ने वारदात को अंजाम दिया है।

फर्रुखाबाद में चार लोगों की गंगा में डूबने से मौत

फर्रुखाबाद, एजेंसी : जिले के कादरी गेट क्षेत्र में पांचाल घाट गंगा पर सोमवार को सात लोग गंगा में डूब गये जिनमें से चार की मौत हो गयी जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के हरवीर कुशवाहा (40) अपने भाई लक्की (24) और साथी अंकित ठाकुर (22) तथा पड़ोसी ईशू (19), पीयूष कुशवाहा (12), प्रियांशु (9) के साथ दोपहर फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में स्थित पांचाल घाट गंगा पर स्नान करने पहुंचे। सभी ने पैन्टून पुल के समीप स्नान करना शुरू किया। इस दौरान पैर फिसलने से हरवीर,लक्की और अंकित डूब गए जबकि ईश व पीयूष तथा प्रियांशु को डूबने से बचा लिया गया। इसी क्रम में रविवार को फिरोजाबाद जिले के उत्तर क्षेत्र के मोहल्ला कैलाश नगर की निवासी लक्ष्मी (18) पांचाल घाट पर स्नान करने के दौरान डूब गई थी।

सो गए पुलिसकर्मी, तीन आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

पुलिस की हिरासत से फरार होने वाले जालसाजी के आरोपी।

- गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन से पुलिस टीम ले जा रही थी मुंबई
- बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं तीनों फरार आरोपी

अमृत विचार : इकदिल थाना क्षेत्र के चांदनपुर गांव के पास गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस रेलगाड़ी से ट्रांजिट रिमांड पर ले जाए जा रहे जालसाजी के तीन आरोपी पुलिस कर्मियों के सो जाने के बाद हिरासत से फरार हो गए। कैदियों के फरार होने से हड़कंप मच गया।

जालसाजी के आरोपियों प्रतापगढ़ के थाना पूतनपुर क्षेत्र के रामपुर निवासी मो. अनीस, प्रतापगढ़ के ही कुंडा थाना क्षेत्र के रजनपुर निवासी मो. रेहान फारूकी, मंसूराबाद के सिंगरौर निवासी कलीम अहमद के खिलाफ नागासुपार थाना, महाराष्ट्र में धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर प्रतापगढ़ से महाराष्ट्र गाजीपुर-बांद्रा ट्रेन से ले जा रही थी।

राजकीय रेलवे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनो आरोपी मुंबई में बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं। किसी व्यक्ति से 20 लाख रुपये की रकम लेकर के वहां से चंपत हो गए। इसके बाद तीनों के खिलाफ धारा 420 समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया था। आरोपियों के फरार होने के बाद राजकीय रेलवे पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक उदय प्रताप सिंह इटावा पहुंचे। सीओ की अगुवाई में अभियान चलाया गया लेकिन आरोपियों का पता नहीं चल सका।

सीओ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गाजीपुर बांद्रा रेलगाड़ी में पीछे से तीसरे डिब्बे में तीनों आरोपियो को कड़ी सुरक्षा में चार पुलिस कर्मी ले जा रहे थे। सुबह करीब सवा 6 बजे पुलिसकर्मी रेलगाड़ी में सो गए इसके बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस इटावा के थाना प्रभारी शैलेश निगम ने बताया कि धारा 224 के तहत तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग राजकीय रेलवे पुलिस इटावा थाने में दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

21 लाख से अधिक लोग ले चुके योग की शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व रिकार्ड बनाने के लिए 5वें दिन ही पार कर लिया 17 लाख का लक्ष्य

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन ने अभियान के पांचवें दिन ही लक्ष्य पार कर लिया।

ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने के संबंध में 12 जून से प्रक्रिया शुरू करके 17 लाख शपथ पत्र का लक्ष्य रखा गया था। छात्र-छात्राएं एवं प्रदेश वासी ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाने में अपना सहयोग दे रहे हैं। 16 जून की शाम तक ऑनलाइन शपथ के पोर्टल पर 17 लाख 75 हजार से अधिक शपथ पत्र हासिल किए जा चुके थे। 17 जून को 21 लाख से अधिक शपथ आनलाइन भरी जा चुकी थीं। पोर्टल 18 जून की रात्रि 12 बजे तक खुला रहेगा।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय योग की ऑनलाइन शपथ में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इस अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन योग संबंधी शपथ के लिए लिंक https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जाकर ऑनलाइन शपथ सबमिट करके कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान और पुरातन छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बन सकते हैं।

भाजपा 21 को मंडल स्तर पर मनाएगी योग दिवस

लखनऊ, अमृत विचार : 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर मनाया जाएगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। तय की गई योजना के अनुसार 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, पौधारोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। कई लोगों को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

यौन शोषण और मारपीट से आहत युवक ने खुदकुशी की, तीन गिरफ्तार

गोरखपुर, एजेंसी : जिले में कथित तौर पर यौन शोषण और मारपीट से आहत 23 वर्षीय एक युवक द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी फरार है।

उन्होंने शिकायत के हवाले से बताया कि महाराजगंज जिले के रहने वाले एक युवक को चिलुवाताल थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में चार व्यक्तियों द्वारा बंधक बनाया गया और उसका अप्राकृतिक यौन शोषण किया गया। इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपियों ने युवक से रुपये मांगे और वीडियो वायरल करने की धमकी दी जिससे आहत होकर युवक ने शुक्रवार की देर रात खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि युवक अपने बड़े भाई के साथ शाहपुर क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहता था और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि एक महीने पहले सोशल मीडिया के जरिए युवक की जान-पहचान कारण नाम के व्यक्ति से हुई थी और वे फोन पर बातचीत करने लगे। करण ने युवक को चिलुवाताल में अपने घर बुलाया और गुरुवार को आदित्य उसे क्षेत्र के होटल में ले गया जहां उसने पहले से मौजूद अपने तीन साथियों के साथ मिलकर युवक का यौन शोषण किया। शुक्रवार को करण के अलावा देवेश राजनंद, अंगद कुमार और मोहन प्रजापति के खिलाफ चिलुवा थाना में प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

आग का गोला बनी कार, एक की मौत ,कई घायल

गोंडा, अमृत विचार : इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली गांव के निकट सोमवार की शाम आमने सामने की टक्कर के बाद एक कार आग का गोला बन गयी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कार सवार लोगों की पहचान नहीं हो सकी है।

सोमवार शाम करीब 6 बजे इटियाथोक-खरगुपुर मार्ग पर बेंदुली गांव के पास तेज गति से जा रही दो कारों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर हो गयी। इस भिड़ंत के बाद एक कार में आग लग गयी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा।

परीक्षा में धांधली से युवा, अभिभावक दोनों का टूटता है मनोबल : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार इस संकट को एक मनोवैज्ञानिक नजर से देखे

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि परीक्षा व्यवस्था में धांधली एक मानसिक त्रासदी भी है जिससे न केवल परीक्षा देने वाले युवा बल्कि उनके माता-पिता ग्रसित हो रहे हैं। सपा प्रमुख के अनुसार, पेपर लीक होना, सेंटर से लेकर सॉल्वर तक धांधली, परीक्षा एजेंसी का शक़ के घेरे में आना, रिज़ल्ट में ग्रेस मॉर्क्स की हेराफेरी, एक ही सेंटर से कई कैंडिडेट का सेलेक्ट होना और 100 प्रतिशत आना घपला-घोटाला है।

अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में सवाल उठाया कि, इस बात की गारंटी कौन लेगा कि अगली बार परीक्षा में ऐसा घपला-घोटाला नहीं होगा। जब सरकार वही है और उसकी व्यवस्था भी वही है तो ये सब धांधलियां कहीं फिर से सरकार संरक्षित परीक्षा माफ़ियाओं के लिए पैसा कमाने का ज़रिया न बन जाएं। उन्होंने कहा कि युवा मानस नाजुक होता है, ऐसे में उनको संभालना माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होता है। ऐसी घटनाओं से हताश-निराश होकर, जब माता-पिता ख़ुद व्यवस्था पर भरोसा खो देते हैं और उन्हें अपने बच्चों का भविष्य अंधकारमय दिखने लगता है तो भला वो क्या अपने बच्चों का सहारा बनेंगे।

धर्म दर्शन

सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति है सृष्टि

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

पद्य को भी जब गान विद्या से जोड़ा गया तो भावना का प्रवाह अधिक पूर्णता से खुला। इस प्रकार जब वेद के पद्यबद्ध मंत्रों को गान विद्या से अनुपूरित किया गया तो सामवेद बन गया। मानवीय क्षमता के अंतर्गत ज्ञान और भावना का सर्वोत्कृष्ट संयोग होने से इसे सर्वश्रेष्ठ प्रयोग कहना सर्वथा सार्थक है।

सृष्टि सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति ही तो है। परमात्मा द्वारा रची गई सृष्टि भी भावमय ही है। मन की कल्पनाओं, बुद्धि के विचारों और कर्म की हलचलों के ताने-बाने भावनाओं के आधार पर ही बनते-बदलते रहते हैं। जिस तरह की भाव तरंगें हम विश्व चेतना में छोड़ते हैं, उसी के अनुरूप भाव तरंगे किसी न किसी माध्यम से हम तक वापस पहुंचती रहती हैं। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक प्रयोग लॉरेंस डी वैलेस सहित अनेक विद्वानों द्वारा किए जा चुके हैं। भावों को उभारने और संप्रेषित करने में गायन का महत्व हमेशा से रहा है और आज भी है।

वेद ने भी इसीलिए उसका उपयोग विशेषज्ञता के साथ किया है। अभिव्यक्ति के तीन माध्यमों गद्य,पद्य और गायन में गायन को भाव-विद्या में सबसे अग्रणी देखकर उसे विशेष महत्व दिया गया। यजुर्वेद में जो पदबद्ध मंत्र ऋग्वेद व अथर्ववेद से लिए गए हैं,वे पद्य के समान नहीं बोले जाते,बल्कि गद्य के समान बोले जाते हैं। वे ही मंत्र यजुर्वेद के अलावा अन्य तीन वेदों में पद्य के रूप में बोले जाते हैं। सामवेद में पद्य के साथ गायन संबद्ध है। गायन से पीड़ित हृदय को शांति और संतोष मिलता है। इससे मनुष्य की सृजन शक्ति का विकास और आत्मिक प्रफुल्लता बढ़ती है। गायन की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने मनुष्य की पीड़ा को कम किया है,मानवीय गुणों में प्रेम और प्रसन्नता को बढ़ाया है।

संगीत के दृश्य-अदृश्य प्रभावों के अनुसंधान में रत ऋषियों को ऐसी चमत्कारी सिद्धियां और अध्यात्म का इतना विशाल क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसका वर्णन करने के लिए एक पृथक वेद सामवेद की रचना करनी पड़ी। सामवेद में भगवान की संगीत शक्ति के ऐसे रहस्य प्रतिपादित और पिरोए हुए हैं जिनका अवगाहन कर मनुष्य अपनी आत्मिक शक्तियों को तुच्छ से महान, सूक्ष्म से विराट बना सकता है- विश्वात्मा से मिल सकता है। संगीत आत्मा की उन्नति का सबसे अच्छा साधन है।

इसलिए हमेशा वाद्य-यंत्र के साथ गायन किया जाता है। गायन में शरीर, मन व आत्मा तीनों को बलवान बनाने वाले तत्व पूर्ण मात्रा मे विद्यमान हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने सामवेद में विशिष्ट मंत्रों का संकलन कर गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मंत्र,स्वर-चिकित्सा,राग,नृत्य, मुद्रा भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वैदिक काल में इस विज्ञान के ज्ञाता ऋषियों ने मंत्र गायन, भाव मुद्राओं और रसानुभूति के आधार पर अपने अंतराल में दबी हुई शक्तियों को जगाया और संपर्क में आने वाले प्राणिमात्र की व्यथा वेदना का भी हरण किया।

विष्णु की मानस पुत्री सरयू

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

एक कथा के अनुसार वैवस्वत मनु ने बाण प्रहार कर जल धारा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस कथानक में सरयू की उत्पत्ति का श्रेय पराक्रमी वैवस्वत महाराज को दिया गया है, जैसे पतित पावनी गंगा को धरती पर लाने का श्रेय, इसी वंश के महाराज भगीरथ को दिया जाता है। अन्यत्र भगवान श्रीहरि विष्णु की मानस पुत्री सरयू को मानसरोवर से लाने का श्रेय ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जी को दिया गया है।

यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री तथा श्रीहरि विष्णु के दशावतारों (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, और कल्कि) में सातवें श्रीराम की मोक्षदायिनी 'रामप्रिया' सरयू के पवित्र जल को मंदिरों मे क्यों नहीं चढ़ाया जाता है? वर्तमान शासन का यह निर्णय सराहनीय है कि अयोध्या के श्रीरामलला के मंदिर में भक्त जन एक साथ श्रीहरि के दशावतारों की छवि का भी दर्शन कर सकेंगे। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सरयू में जलसमाधि से घोर अप्रसन्न, आशुतोष भगवान शिव शंकर ने सरयू को शाप दिया था कि उसका जल किसी भी मंदिर में नहीं चढ़ाया जाएगा एवं न हीं किसी मांगलिक कार्य में ही प्रयुक्त किया जाएगा। सरयू के द्वारा प्रभु राम की इच्छा के विपरीत, उनको अपने भीतर जल समाधि को रोकने की असमर्थता व्यक्त करने पर आशुतोष (शीघ्र ही संतुष्ट हो जाने वाले) भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर उसे संशोधित कर दिया। तद्नुसार सरयूमाता की बार-बार विनती से प्रसन्न भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर यह संशोधन कर दिया कि, तुम्हारे जल का उपयोग पूजन सहित मांगलिक कार्यों में भले ही न किया जाए,लेकिन तुम्हारे पवित्र जल में स्नान पर लोगों के सभी पाप समूल नष्ट हो जाएंगे।

कुछ मनीषियों का मानना है कि चूंकि सरयू पार वाम भाग में महाराज दशरथ द्वारा श्रमवश, अपने अंधे माता-पिता के अनन्य भक्त वैश्यवंशीय श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी और पुत्र हीन अंधे माता-पिता के शाप से राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में मरना पड़ा था। इस कांड मे कल-कल निनादिनी सरयू के शोर से उत्पन्न भ्रम के कारण पानी भरते घड़े की ध्वनि को हिंसक पशु के भ्रम में निर्देाष श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी। ऐसी स्थिति में सरयू की पवित्रता सिद्ध करने के उद्देश्य से भी अपने भाइयों सहित सरयू में जल-समाधि ली थी।

वर्ग पहेली-104

बाएं से दाएं

1.1. ईरान देश की भाषा 2. भारोपीय परिवार की एक भाषा जिसकी लिपि अरबी से मिलती-जुलती है।

3. (इस्लाम धर्म) शैतान या दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द

5.1. विजय, जीत 2. कामयाबी, सफलता 3. चुनाव

8. ढोल अथवा नगाड़े की आवाज़।

9.1. किसी कार्य विशेष के लिए अलग किया हुआ 2. विशिष्ट; ख़ास 3. प्रमुख, प्रधान।

ऊपर से नीचे

2.1. वह जो घोड़े पर मुख्य सवार के पीछे बैठता है 2. ग़ज़लों आदि में प्रत्येक काफ़िए के बाद आने वाला शब्द 3. पीछे की ओर रहने वाली सेना।

4.1. कोलाहल, बावेला, कोहराम 2. बहुत सारे लोगों द्वारा एक साथ किया जाने वाला रुदन, रोना-पीटना, विलाप, मातम 3. किसी विपत्ति के समय होने वाली भागदौड़, हलचल।

6.1. जो मूढ़ या मूर्ख हो 2. नासमझ 3. मूढ़बुद्धि, अज्ञानी।

7.1. घोड़े के नियंत्रण के लिए उसके मुंह में लगाई जाने वाली वह पट्टी जिसके दोनों ओर रस्से या चमड़े के तस्मे बंधे रहते हैं, रास, बाग 2. बागडोर, कमान 3. अंकुश, बहिला



वर्ग पहेली -103 का हल

	1 फू			2 मं	च	
3 मू	ल	भू	4 त			5 आँ
	बा		ह		6 सी	ख
	ग		री			मि
7 ली		8 क	री	ना		चौ
9 ड	का	र				ली
र		10 वा	म	पं	थी	

सुडोकू -17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3				8		9		
	8				6			
1		9			2			4
	7		8	5			4	9
5		3				2		8
6	9			4	1		3	
4			9			8		1
			3				6	
		5		7				2

सुडोकू - 16 का हल

1	5	3	7	4	8	6	9	2
7	6	2	1	9	3	5	8	4
8	4	9	6	5	2	3	7	1
3	7	1	9	8	6	2	4	5
2	8	4	5	3	1	9	6	7
5	9	6	4	2	7	8	1	3
6	3	5	8	1	4	7	2	9
9	1	7	2	6	5	4	3	8
4	2	8	3	7	9	1	5	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी-06.24 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15.56 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

वृष — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

मिथुन — आज आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

कर्क — आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

सिंह — आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

कन्या — आज अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें।

तुला — आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

वृश्चिक — आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबंध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

धनु — आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

मकर — आज जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। संतान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

कुंभ — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ संबंध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

मीन — आज आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	संसार	सुबह : 08.40	
	ऊंचाई	रात : 09.12	
&pictures	ग्रेट ग्रैंड मस्ती	सुबह : 11.10	
	फैमिली एक डील	रात : 08.00	
SONY PIX	वंडर वुमन	सुबह : 11.02	
	पैनिक रूम	रात : 07.04	
ZEE CINEMA	सूर्यवंशी	सुबह : 11.58	
	गदर 2	रात : 08.00	
colors CINEPLEX	कसम	सुबह : 09.13	
	राकी और रानी की प्रेम कहानी	शाम : 05.58	

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने कभी मुझे सोना, हीरा, मोती गिफ्ट नहीं दिया

पति ने एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर हाथ में दे दी।

पत्नी- यह क्या है?

पति- मेरे देश की धरती सोना उगले... उगले हीरे मोती... मेरे देश की धरती।

पत्नी गुस्से से पति को घूरने लगी।

रमेश- तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?

पिंकी- लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले,

रमेश- वह कैसे?

लड़की- जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

नेक्सजेन एक्जीबिशन ने सर्वेक्षण रिपोर्ट में लक्ष्य हासिल करने के लिए दी सलाह

भारत को 5 अरब डॉलर का रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई सुव्यवस्थित करना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक 5 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक नेक्सजेन एक्जीबिशन ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं।

इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में सुव्यवस्थित एफडीआई, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी के एकीकरण और उद्योग के लिए पेशेवरों का एक बड़ा समूह खड़ा करने के लिए एक मजबूत कौशल विकास परिवेश पर जोर दिया गया। बयान के मुताबिक, भारत का आंतरिक सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र शोध एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रक्षा खरीद श्रेणियों में वृद्धि घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। फिलहाल भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में इसकी बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है।

नेक्सजेन एक्जीबिशन के निदेशक आधार बंसल ने कहा- खरीद श्रेणियों में वृद्धि और गुणवत्ता एवं नवाचार पर बल ने भारत को वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय रक्षा उपकरण आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

भारत के पास यूरोपीय संघ के उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का विकल्प

नई दिल्ली। भारत के पास यूरोपीय संघ (ईयू) से एक निश्चित मूल्य के आयातित सामान पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मानदंडों के तहत जवाबी सीमा शुल्क लगाने का विकल्प है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों पक्ष कुछ इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के रक्षोपाय (सेफगार्ड) उपायों को लेकर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं। यूरोपीय संघ ने कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर रक्षोपाय शुल्क को 2026 तक दो साल के लिए बढ़ा दिया है। यह पहले इस महीने समाप्त होने वाला था। यह ऐसे उपायों का दूसरा विस्तार है, जिसे पहली बार 2018 में लगाया गया था। यह टैरिफ दर कोटा (टीआरक्यू) का रूप है। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में शामिल है, क्योंकि यूरोपीय संघ को इस्पात निर्यात में इसकी पर्याप्त रुचि है।

यूएई से 2023-24 में सोना, चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जीटीआरआई के अनुसार एफटीए में शुल्क संशोधन की जरूरत**

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	90,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,700
गिन्नी (प्रति नग)	54,900-55,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,200
सोना जेवरात गिन्नी	71,200
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

एसबीआई को चालू वित्त वर्ष में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीदः खारा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में कही बात**

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है। खारा ने एक साक्षात्कार में कहा-आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं। इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है।

उन्होंने कहा-अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है। यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है। हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा-हमारे पास अतिरि क्त एसएलआर के मामले में कुछ गुंजाइश है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ऋण-से-जमा अनुपात को सहारा देने के लिए जमा दरें बढ़ाने का हम पर कोई दबाव नहीं है।

घोटाले में इस्तेमाल 392 मोबाइल फोन ब्लॉक करने का निर्देश

नई दिल्ली। बिजली केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) अद्यतन करने में हुई धांधली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 392 मोबाइल फोन को आईएमईआई के आधार पर देशभर में ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग ने बिजली केवाईसी अद्यतन करने से संबंधित घोटाले में मोबाइल नंबरों से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों की रिपोर्ट के जवाब में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन फोन को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू की है।

भीषण गर्मी से डीजल-पेट्रोल की घट गई मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- **मासिक आंकड़ों के आधार पर इसमें आ रही गिरावट**

देश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण यात्रा में कमी आने से जून में डीजल की मांग में गिरावट आई है। ईंधन की बिक्री, जो परंपरागत रूप से चुनाव के दौरान बढ़ जाती है, इस वर्ष प्रवृत्ति के विपरीत रही है तथा मासिक आधार पर इसमें गिरावट आ रही है। यह गिरावट अब आम चुनाव के समाप्त होने के बाद भी जारी है। डीजल की बिक्री एक से 15 जून के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 39.5 लाख टन रह गई है। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन की मांग में अप्रैल में 2.3 प्रतिशत और मार्च में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। मई में इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चुनाव प्रचार के अलावा, गर्मी की फसल कटाई के मौसम तथा चिलचिलाती गर्मी के कारण कारों में एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ जाती है, जिससे ईंधन की खपत बढ़नी चाहिए थी। हालांकि इस साल यह रुझान उलट गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मार्च के मध्य में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की गई, जिससे दरों में संशोधन का करीब दो साल लंबा अंतराल समाप्त हो गया, जिससे बिक्री में भी तेजी आनी चाहिए थी। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा उपजिले में हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना की 30 आरआर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार की रात संयुक्त अभियान चलाया। हंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक दाऊद अयूब ने बताया कि अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चीनी पिस्तौल, हथगोला और पिस्तौल की दो मैगजीन बरामद की गई। गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जाकिर मीर के रूप में की गई है।

तस्करी के आरोपी ने छठी मंजिल से छलांग लगाई, मौत

नागपुर। सोने की तस्करी के आरोप में पकड़े गये एक आरोपी ने नागपुर के सीजीओ कांप्लेक्स में स्थित खुफिया राजस्व महानिदेशालय (डीआरआई) के कार्यालय की छठी मंजिल से छलांग लगा जान दे दी। नागपुर के गिट्टीखदान पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार की देर रात डीआरआई के कार्यालय में हुयी। अधिकारी ने बताया- दुबई से सोने की तस्करी कर उसे उत्तर प्रदेश में बेचने के आरोप में दीपक मछिंद्र देसाई (27) को 14 जून को सांगली से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले वाराणसी से लखनऊ जा रही एक कार में दो करोड़ रुपये का सोना बरामद होने पर उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया था।

ट्रेलर के पलटने से चार लोगों की मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बेकरियां थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर राहगीरों को चपेट में लेता हुआ पलट गया जिससे दो महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बेकरिया थाना क्षेत्र में मालवा का चौरा में अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को चपेट ले लिया और पलट गया। हादसे में तिलोई गांव निवासी मसरु गरासिया, हकरी बाई, सौवनी बाई तथा ट्रेलर चालक बलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग, हम इस बहस में नहीं हैं: सकलानी

एनसीईआरटी प्रमुख बोले-इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है। ये टिप्पणियां सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर काम कर रही एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा यह सिफारिश किए जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत शब्द होना चाहिए।

एक साक्षात्कार में बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा कि किताबों में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा और परिषद को भारत या इंडिया से कोई परहेज नहीं है। उन्होंने कहा, यह परस्पर उपयोग के योग्य हैं....इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है और हम उस पर कायम हैं। हम भारत का इस्तेमाल कर सकते हैं, हम इंडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें समस्या क्या है? हम इस बहस में नहीं हैं। जहां भी हमें ठीक लगे हम इंडिया का इस्तेमाल करेंगे, जहां भी हमें ठीक लगेगा हम भारत का इस्तेमाल करेंगे।

आरएसएस की सहयोगी के तौर पर काम कर रही एनसीईआरटी : जयराम रमेश

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि यह संस्था 2014 से आरएसएस की सहयोगी के रूप में काम कर रही है और संविधान पर हमला कर रही है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-2024 परीक्षा में कृपांक (ग्रेस मार्क) विवाद के लिए एनसीईआरटी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एनटीए की अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता ने कहा- हालांकि यह सच है कि एनसीईआरटी अब पेशेवर संस्था नहीं रही।

भाजपा ने की आगामी विस चुनावों के लिए प्रभारियों व सह-प्रभारियों की घोषणा

नई दिल्ली। भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू एवं कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी। पार्टी के बयान के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र, धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा, शिवराज सिंह चौहान को झारखंड और जी किशन रेड्डी को जम्मू एवं कश्मीर का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को यादव के साथ महाराष्ट्र का सह-प्रभारी, विप्लव कुमार देव को हरियाणा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को झारखंड का सह-प्रभारी बनाया गया है। जम्मू एवं कश्मीर में किसी को भी सह-प्रभारी नियुक्त नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में एक साल के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं।

ईवीएम की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करें या उन्हें हटा दें : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग से की मांग**

ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से मशीनों और प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने या उन्हें हटाने को कहा। यह मांग ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक "ब्लैक बॉक्स" है और किसी को भी इसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं।

गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-जब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया जाता है, तो एकमात्र सुरक्षा उपाय जनता के लिए पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में ही निहित होता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ईवीएम फिलहाल एक ब्लैक बॉक्स है। चुनाव आयोग को या तो मशीनों और प्रक्रियाओं की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए या उन्हें हटा देना चाहिए।

मणिपुर में मेइती, कुकी समुदाय से बातचीत करेगा गृह मंत्रालय : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- **गृह मंत्री ने हिंसा फैलाने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय मणिपुर में जातीय विभाजन को पाटने के लिए जल्द से जल्द मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बात करेगा। यहां मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए अमित शाह ने निर्देश दिया कि पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

गृह मंत्री ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी और राज्य में शांति एवं सौहार्द बहाल करने के लिए उन्हें रणनीतिक रूप से तैनात किया जाना चाहिए। शाह ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य में हिंसा की कोई और घटना न हो। यहां एक वर्ष से अधिक समय से जातीय हिंसा जारी है। बयान में शाह के हवाले से कहा गया कि गृह मंत्रालय दोनों समूहों, मेइती और कुकी से बात करेगा, ताकि जातीय विभाजन को जल्द से जल्द पाटा जा सके। उन्होंने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापित लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं तथा उनका पुनर्वास सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्य के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

लोगों ने आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों को रोका

इंफाल। मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में तातबंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सोमवार को इंफाल में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने जा रहे 100 से अधिक ट्रकों को लोगों ने रोक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने जिरिबाम जिले में हुई हिंसा के विरोध में इंफाल-सिलचर राजमार्ग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आह्वान किया है। पुलिस ने कहा, इस बंद के समर्थकों में ज्यादातर महिलाएं हैं जिन्होंने जिरिबाम से इंफाल घाटी की ओर जा रहे ट्रकों को रोक दिया।

पुलिस ने कन्नड़ हास्य अभिनेता चिक्कन्ना को भेजा नोटिस

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामला

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रहे पुलिस दल ने सोमवार को कन्नड़ अभिनेता चिक्कन्ना को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया।

पुलिस रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन थूगुदीप और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा समेत 19 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से हास्य भूमिकाओं में नजर आने वाले 37 वर्षीय चिक्कन्ना से पूछताछ करने का निर्णय लिया गया क्योंकि कथित तौर पर वह 8 जून की रात को दर्शन के साथ थे, जब अपराध को अंजाम दिया गया था।

वहीं एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी सिर्फ पूछताछ की बात है। हम जानना चाहते हैं कि क्या वह (चिक्कन्ना) मामले के बारे में जानते थे और उनके पास क्या जानकारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर गौड़ा को सोशल मीडिया पर कुछ अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे 47 वर्षीय अभिनेता नाराज हो गए थे। मामले की अभी जांच जारी है।

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दो श्रद्धालुओं के साथ कथित तौर पर मारपीट करने को लेकर वहां तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार की सुबह त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुई, जहां इस बार लंबे सप्ताहांत के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस ने बताया कि 60 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एक सुरक्षा गार्ड ने उसके बेटे को धक्का दिया तथा उसके साथ दुर्व्यवहार किया, जब वह मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि बाद में कुछ गार्ड मंदिर के बाहर आए और उसके तथा उसके बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया।

केरल कांग्रेस ने विवादास्पद पोस्ट को लेकर ईसाइयों से माफी मांगी

तिरुवनंतपुरम। केरल कांग्रेस ने सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया था, जिससे राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से उक्त पोस्ट को भी हटा लिया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने अपने एक्स हैंडल पर एक ताजा पोस्ट में कहा कि यदि ईसाई धर्मावलंबियों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक पीड़ा हुई है तो वह उनसे बिना शर्त माफी मांगती है।

दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा प्रायोजित : संजय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आप के राज्यसभा सदस्य ने राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप**

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

सिंह ने कहा-हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है। जब मैं कह रहा हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से पानी मिलता है और जब भाजपा शासित राज्य आवश्यक पानी नहीं देता है तो पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा-दिल्ली में पानी कम हो रहा है, क्योंकि हमें हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। सिंह ने कहा कि दिल्ली को, उसका उचित हिस्सा देने के लिए हरियाणा सरकार से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उसे उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "हम हरियाणा के लोगों के लिए पानी का हिस्सा नहीं मांग रहे हैं, हम दिल्ली के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, आप वह भी नहीं देना चाहते।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा, "अगर पानी नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।"

T20 विश्व कप

बरेली, मंगलवार, 18 जून 2024
www.amritvichar.com

अमृत विचार



पंड्या और पंत का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू

पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन बोले- पंड्या का बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और पंत का बल्ले से योगदान टीम के लिए उपयोगी

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पंड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं।

भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था। हरभजन ने कहा टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पंड्या विकेट चटका रहे हैं। विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी-20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने कहा पंड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम के पास नई परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है, लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने अच्छा संघर्ष किया और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।

रोहित के कोच ने ही मेरे करियर को दिया आकार : हरमीत सिंह

नई दिल्ली। अमेरिका में चल रहे टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी-20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई। एक वीडियो में हरमीत ने कहा मैं इस यात्रा में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से दिनेश लाड सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी प्रतिभा को सबसे पहले लाड सर ने पहचाना जो मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे (रोहित शर्मा उसी स्कूल में पढ़ते थे)। उन्होंने कहा असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो वह संभवतः दे सकते थे। हरमीत ने कहा कि लाड के बिना उनकी प्रगति संभव नहीं थी। मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया।

07 विकेट ग्रुप चरण के तीन मैचों में लेकर हार्दिक पांड्या ने की है अच्छी वापसी

गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है।

गंभीर ने एक्स पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा। गंभीर टी-20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली सीएसी ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है।

विश्वकप में हम अच्छी टीम की तरह नहीं खेले : बाबर

लॉडरहिल, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि टीम हर किसी का अपनी एक भूमिका होती है और हम टी-20 विश्वकप में एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। टी-20 विश्वकप में टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता।

टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की गलती नहीं है। जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने स्वयं ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का फैसला था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजे यहां घटित हुई हैं अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा। लेकिन मैंने इस बारे में नहीं सोचा है। इस पर फैसला पीसीबी को करना है।

मैंने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी: कर्स्टन

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में कोई एकता नहीं है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार ने कर्स्टन के हवाले से कहा पाकिस्तान की टीम में कोई एकता नहीं है। वे इसे एक टीम कहते हैं, लेकिन यह एक टीम नहीं है।

पावो नूरमी खेलों से तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज

तुर्कू (फ़िनलैंड), एजेंसी



मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

सुपर-8 : आखिरी टिकट पर बांग्लादेश का कब्जा

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी

युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए जिससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप में तीन मैच जीते। तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी। मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा हमने इस चरण में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे हम काफी खुश हैं। मुझे उम्मीद है कि हम गेंदबाजी में अपना ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखेंगे। आशा है अगले दौर में हमारे बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने बेहद लचर प्रदर्शन किया। उसका कोई भी बल्लेबाज 20 रन तक नहीं पहुंच पाया। उसकी तरफ से शाकिब ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

नेपाल की तरफ से सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कप्तान रोहित पौडेल ने दो-दो विकेट लिए। नेपाल के कप्तान पौडेल ने कहा कि अगर उनके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो परिणाम उनके अनुकूल रह सकता था। हमारे बल्लेबाजों विशेष कर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हम पर दबाव बना दिया। हमें यह सीखना होगा कि किन क्षेत्रों में रन बनाने हैं। हमें परिस्थितियों से तालमेल बिठाना सीखना होगा।

नीदरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

21 रन से बांग्लादेश ने नेपाल को हराया
तंजीम और मुस्तफिजुर ने बिखेरी चमक

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
पाकिस्तान (बा)	4	2	2	4	0.294	0
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
आयरलैंड (बा)	4	0	3	1	-0.594	1

ग्रुप बी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	4	4	0	8	2.791	0
इंग्लैंड (क्वा)	4	2	1	5	3.611	1
स्कॉटलैंड (बा)	4	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	4	1	3	2	-2.529	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0

ग्रुप सी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0

ग्रुप डी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश (क्वा)	4	3	1	6	0.616	0
श्रीलंका (बा)	4	1	2	3	0.863	1
नीदरलैंड (बा)	4	1	3	2	-1.358	0
नेपाल (बा)	4	0	3	1	-0.542	1

अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। नागल ने इस साल की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में खिताब जीता था।

इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी), एजेंसी

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया। बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

केन ने मैच के बाद कहा यह बेहद कड़ा मैच था। उनके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं और उनकी टीम को हराना आसान नहीं है। इस मैच से तीन अंक हासिल करना अच्छा रहा। इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया। इस ग्रुप में इससे पहले डेनमार्क और स्लोवेनिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इंग्लैंड अपना अगला मैच गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा।



गेंद के लिए जद्दोजहद करते इंग्लैंड और सर्बिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बादशाहत के लिए भिड़ेंगी वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)। शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज मंगलवार को जब टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी।

ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिये से अहम है। पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है। राशिद खान की अगुवाई वाली टीम कैरेबियन पिचों और यहां की परिस्थितियों का लुत्फ उठा रही है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को 83 रनों से हराया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

कुसल मेंडिस (46), चरिथ असलंका (46) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने टी-20 विश्वकप के 38वें मैच में नीदरलैंड को 83 रनों से हराते हुए टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर पथुम निसंका (शून्य) का विकेट गवां दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कामिंदु मेंडिस (17) भी छठें ओवर में पवेलियन लौट गए। उसके बाद कुसल मेंडिस ने 29 गेंदों में (46), चरिथ असलंका ने 21 गेंदों में (46), धनंजय डी सिल्वा ने 26 गेंदों में (34) और एंजेलो मैथ्यूज नाबाद 15 गेंदों में (30) ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर छह विकेट पर 201 पहुंचाया। नीदरलैंड की ओर से लोगन वैन बीक ने दो विकेट लिये। विवियन किंगमा, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकरेन ओर टिम प्रिंगल ने एक-एक विकेट लिया।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की माइकल लेविट और मैक्स ओ'डाउड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 45 रन जोड़े। मैक्स ओ'डाउड (11) और माइकल लेविट (31) रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नीदरलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। विक्रमजीत (7), साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (11), स्कॉट एडवर्ड (15), एडवर्ड्स (31) और आर्यन दत्त (10) रन बनाकर आउट हुए। छह बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने नीदरलैंड की पूरी टीम को 16.4 ओवर में 118 पर ढ़ेर कर मुकाबला 83 रनों से जीत लिया और टूर्नामेंट में अपना सफर समाप्त किया।

साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने क्रिकेट से लिया संन्यास

ग्रोस आइलेट। नीदरलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय एंगेलब्रेक्ट ने रविवार को श्रीलंका के मिली हार के बाद टूर्नामेंट में अपनी टीम का अभियान समाप्त होने पर अपने संन्यास की घोषणा की है। साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने इस मैच में शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए ब्राउंड्री का बचाव किए जाने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल है इसे इंस्टाग्राम रील्स पर दस लाख से ज्यादा बार देखा गया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे एंगेलब्रेक्ट ने वर्ष 2023 में नीदरलैंड की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर मे 12 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी भारतीय नागरिक अमेरिका प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से प्रत्यर्पित कर दिया गया। रविवार को खबरों में यह बात सामने आई। गुप्ता (52) को सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

द वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले गुप्ता के प्रत्यर्पण की खबर जारी की। वह फिलहाल ब्रूकलिन में संघीय मेट्रोपॉलिटन हिरासत केंद्र में बंद है और वहां उसे बंदी के तौर पर रखा गया है। अखबार की खबर के अनुसार, गुप्ता, जिसे चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था, को सप्तातांत में न्यूयॉर्क लाया गया। मामले के जानकार लोगों ने नाम जाहिर नहीं होने के अनुरोध पर यह जानकारी दी है। संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर अग्रिम राशि का भुगतान किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी इसमें शामिल था।

द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया।

पुतिन उ. कोरिया की यात्रा के दौरान किम से करेंगे मुलाकात

सियोल। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। यह 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा होगी। यह घोषणा दोनों देशों ने की। उम्मीद है कि पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल, यात्री सेवा प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार अपराह्न को थोड़ी देर के लिए बिजली गुल होने से चेक-इन और बोर्डिंग संचालन सेवा प्रभावित हो गयी। हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर कई यात्रियों ने निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया एक्स का सहारा लिया और जमकर इससे संबंधित पोस्ट डाली।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने एक बयान में कहा, सोमवार अपराह्न करीब दो बजे दिल्ली हवाई अड्डे के मुख्य रिसीविंग सब-स्टेशन (एमआरएसएस) के ग्रिड में वोल्टेज अचानक से तेजी से बढ़ गया, जो कथित तौर पर 765 केवी लाइन की ट्रिपिंग के कारण हुआ था। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ग्रिड से हुए इस वोल्टेज असंतुलन से कुछ समय के लिए सभी आईजीआई टर्मिनलों की सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे सामान को यात्रियों के पास पहुंचाने संबंधी और ई-गेट सेवा भी प्रभावित हुई।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर परेशान यात्री।

मतभेदों का उचित समाधान निकालेंगे चीन-ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दोनों देशों के बीच मतभेदों का उचित तरीके से समाधान निकालने पर सहमति जताई है।

ली कियांग, अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की। ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे।

एक नजर

पाकिस्तान की कार्रवाई में पांच आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्जा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।

इक्वाडोर में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

क्विटो। इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा। इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा, हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं।

अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से अधिक मामले

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में इस साल अब तक डेंगू के 508,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3 .29 गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष के पहले 23 सप्ताहों में डेंगू के 508,867 मामले सामने आए, जो 2023 के 31वें सप्ताह में डेंगू की लहर के बाद से दर्ज किए गए कुल 526,030 मामलों का 96 .7 प्रतिशत है। मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 61 .6 प्रतिशत है, इसके बाद उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 23 .1 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 13 .1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अमेरिकी देश के 24 जिलों में से 19 में डेंगू फैल रहा है।

यात्री विमान में लगी आग सुरक्षित उतारा गया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

कवच प्रणाली युक्त नहीं था न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड पर किया जा रहा है कवच का क्रियान्वयन


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रेन की बोगियां।

नयी दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर जहां सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां कवच या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी यह वहां नहीं है।

मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड की भी मौत हो गई है।

सिन्हा ने कहा कि कवच का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए।

वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मारे गये त्रिपुरा के यात्री के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। साहा ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित त्रिपुरा के यात्रियों के इलाज पर आने वाला खर्च राज्य सरकार उठायेगी।

इन ट्रेनों का बदला रूट

दुर्घटना स्थल पर जाते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

ट्रेन संख्या 19602 न्यू जलपाईगुड़ी उदयपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 20503 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12423 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 01666 अगरतला-रानी कमलापति विशेष ट्रेन, 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 06105 नागरकोइल जंक्शन, डिब्रूगढ़ स्पेशल, 20506 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 12424 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस, 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस, 12510 गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, 22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस, 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस, 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस, 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तर बंगा एक्सप्रेस, 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी एक्सप्रेस, 13142 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदाह तीस्ता तोरसा, 12344 हल्दीबाड़ी- सियालदाह दार्जिलिंग मेल, 12378 न्यू अलीपुरद्वार सियालदाह पदातिक एक्सप्रेस, 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस और 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

भीषण रेल हादसों से दहला साल 2024

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में सोमवार को मालगाड़ी ने सियालदाह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। भीषण हादसे में अब तक 15 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कंचनजंघा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। साल 2024 में हुए भीषण रेल दुर्घटनाओं के बारे में आपको अवगत कराते हैं।

■ 18 जनवरी 2024 को झारखंड के गम्हरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे चार लोग उत्कल एक्सप्रेस की चपेट आ गए थे। सभी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। नई दिल्ली-पुरी उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन जा रही थी। गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान चार लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए थे।

■ 17 फरवरी 2024 को दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड थे। सराय रोहिल्ला रेलवे के पास एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे के बाद रेलवे की टीमों ने मरम्मत कार्य शुरू कर ट्रेनों का आवागमन सुगम किया। जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था।

■ 28 फरवरी 2024 को झारखंड के जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशन के बीच कई लोगों पर ट्रेन चढ़ गई थी। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई थी। डाउन लाइन में बेंगलुरु-यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इस बीच लाइन के किनारे डाली गई गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था, डस्ट को देखकर चालक को अंदेशा हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है और धुंआ निकल रहा है। ड्राइवर ने ट्रेन रोकी और कई यात्री ट्रेन से उतर गए, इसी बीच अप में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए थे।

■ 2 जून 2024 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में दो ट्रेन ड्राइवर घायल हो गए थे। घायलों को श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब से राजिंदर अस्पताल पटियाला रेफर कर दिया गया था।

जहाजों की टक्कर के लिए फिलीपींस जिम्मेदार : चीन

ताइपे, एजेंसी

- फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया

दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपींस के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। चीन ने इस घटना के लिए फिलिपींस को जिम्मेदार ठहराया है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज स्प्रैटली द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान सेकंड थॉमस शोल के निकट जलक्षेत्र में घुस आया। स्प्रैटली द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है।

चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर एक बयान में कहा कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गयी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गयी। बयान के मुताबिक इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपींस जिम्मेदार है। फिलीपींस सेना ने मनीला में कहा कि सेना मनुष्यों की वैध आवाजाही और आयंगिन शोल पर पुनःआपूर्ति मिशन को लेकर किसी तरह की परिचालन जानकारी पर चर्चा नहीं करेगी।

नेतन्याहू ने प्रभावशाली वार कैबिनेट को भंग किया : इजराइली अधिकारी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रभावशाली वार कैबिनेट (युद्ध मंत्रिमंडल) को भंग कर दिया है, जिसे गाजा में युद्ध का संचालन करने का काम सौंपा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ के सरकार से बाहर चले जाने के बाद इस वार कैबिनेट को भंग कर दिया गया। बेनी गैंट्ज हमास के खिलाफ युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल की गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। गैंट्ज ने मांग की थी कि नेतन्याहू की सरकार में अति-दक्षिणपंथी सांसदों को दरकिनार करने के लिए एक छोटा मंत्रिमंडल बनाया जाए। गेंट्ज, नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट इसके सदस्य थे और उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इजराइली अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ इस बदलाव पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है।

गाजा में इजरायल के हवाई हमले में नौ की मौत

गाजा, एजेंसी। ईद-उल-अज़हा के एक दिन पहले मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने रविवार को नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हवाई हमले में दो आवासीय घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 37,337 हो गई है, जबकि 85,299 लोग घायल हुए हैं। उधर, इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एद्राई ने रविवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई जारी है, जिसमें गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा भी शामिल है।

राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करे पीटीआई : सरकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा पाकिस्तानी सरकार की ऐसे लोगों पर नजर

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देश नहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है। मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है।

बॉलीवुड हलचल

15 नवंबर को प्रदर्शित होगी शुजित सरकार की फिल्म

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार शुजित सरकार की आने वाली फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुजित सरकार की आने वाली फिल्म एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते की कहानी है। इस फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन के सुपुत्र अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका है। शुजित सरकार ने कहा, पिता-बेटी के रिश्ते वाकई खास होते हैं। उनमें अपनी अजीबोगरीब चीजें और चुनौतियां होती हैं। साथ ही, मुझे लगता है कि यह सबसे कम चर्चित या प्रस्तुत किए जाने वाले रिश्तों में से एक है, जिसमें खूबसूरत कहानियों की बहुत गुंजाइश है। पीकू एक ऐसी कहानी थी जिससे मैं तुरंत जुड़ गया, और मैं इसे बहुत कुछ पेश कर सका। इसी तरह, मेरी अगली फिल्म भी एक पिता और बेटी के बीच के मधुर बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है और आपको उनकी भावनात्मक यात्रा के साथ यात्रा कराती है और हम 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दुनिया भर के दर्शकों के सामने यह दिल को छू लेने वाली कहानी लाने के लिए तैयार हैं।

सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सन्नी देओल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल अपनी आने वाली फिल्म सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। सन्नी देओल ने हाल ही में बॉर्डर 2 अनाउंस की है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। सन्नी देओल की अब एक और फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सन्नी की इस फिल्म का नाम है सूर्या है ,जो वर्ष 2018 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म जोसेफ का रीमेक है। सन्नी देओल ने वर्ष 2022 में फिल्म सूर्या का काम शुरू किया था, लेकिन काम खत्म नहीं हो पाया था. लेकिन अब इस फिल्म का काम एक बार फिर से शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि सन्नी देओल फिर से फिल्म सूर्या की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इसी साल नवंबर तक फिल्म सूर्या की शूटिंग खत्म हो जाएगी।

शबाना आजमी को पसंद आयी फिल्म चंदू चैंपियन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री शबाना आजमी को कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन बेहद पसंद आयी है। कबीर खान के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस फिल्म को लोगों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। शबाना आजमी ने अपने पति जावेद अख्तर के साथ फिल्म चंदू चैंपियन देखी। शबाना आजमी ने कार्तिक और कबीर खान के काम की तारीफ की। शबाना आजमी ने कहा कि चंदू चैंपियन बेहतरीन फिल्म है ।मैं तो रो-रो के पागल हो गई और कार्तिक का काम बहुत अच्छा था। कबीर ने बहुत अच्छा काम किया। मैंने बहुत दिनों के बाद कबीर की फिल्म देखी। कहानी ने हमें सेकंड हाफ में भी बांधे रखा ।फिल्म देखते हुए मैं रोना बंद नहीं कर पाई। चंदू चैंपियन प्रेरणादायक कहानी है।

खगोल विज्ञान उत्तरी गोलार्ध में शनिवार से लंबा होने लगेगा रात का समय

21 जून का दिन होगा वर्ष का सबसे बड़ा दिन

अमृत विचार, नैनीताल

- जून संक्रांति पर उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है सूर्य
- इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी

दिन व रात का अपना सफर एक सामान्य प्रक्रिया होने के बावजूद हमारे जीवन में गहरी छाप है। 21 जून को वर्ष का सबसे बड़ा दिन होगा। इसके बाद रात का अंधियारा बढ़ना शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया निरंतर दिसंबर तक जारी रहेगी।

21 जून को जून संक्रांति कहा जाता है। इस दिनसूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपने सबसे उत्तरी बिंदु पर पहुँच जाता है। यह बिंदु आकाशीय कर्क रेखा पर है, जो आकाश के समानांतर होता है और भूमध्य रेखा से 23.5 डिग्री उत्तर में मौजूद होता है। या कहें कि जून संक्रांति पर सूर्य उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है। कर्क रेखा में दोपहर के समय सूर्य सीधे सिर के ऊपर होता है। इसी दौरान दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती हैं। यानी दिन छोटा व रात लंबी होती है। पृथ्वी पर कोई भी संक्रांति पृथ्वी के अपनी धुरी पर झुके होने और सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षीय गति के कारण होती है। पृथ्वी के अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी होने के कारण न केवल दिन रात के समय में अंतर आता है, बल्कि मौसम परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह भी यही है। सर्दी और गर्मी का एहसास इसी वजह से होता है। जून संक्रांति 20 से 22 जून के बीच पड़ती है। इस वर्ष 21 जून को है। इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी।



पृथ्वी पर दिन व रात का चित्र।

इन दिनों सर्वाधिक दूर होता है सूर्य

नैनीताल : भले ही इन दिनों तपा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही हो, लेकिन हकीकत में सूर्य उत्तरी गोलार्ध में हमसे सबसे दूर होता है। इसकी तुलना में सर्दियों में हमारे सर्वाधिक करीब होता है और तब थरथराने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा होता है। पृथ्वी के अपने अक्ष में झुकाव के कारण यह परिवर्तन आता है, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती है।